सेंसेक्स 72,831.94 ▲ +190.75
डॉलर 83.617 ▲ +0.389

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 33.0 | 19.0 | 31.0 |
| धनबाद | 35.0 | 19.0 | 32.0 |
| जमशेदपुर | 39.0 | 18.0 | 36.0 |
| पलामू | 35.0 | 18.0 | 32.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 | रांची, रविवार, 24 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-54, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — खुशहाल समाजों की रैंकिंग से ... 08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
कर्ज चुकाने की बारी आई तो ...12 — देश-विदेश


## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,950

चांदी (1 किलो) 79,500

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# झामुमो को भी इलेक्ट्रॉल बॉन्ड से मिले 10.75 करोड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चुनाव आयोग ने चुनावी बॉन्ड को लेकर जो जानकारी सार्वजिनक की है। उससे पता चलता है कि 2021 और 2023 के बीच झामुमो को भी करोड़ों का दान मिला है। कई खनन कंपनी और थर्मल पावर प्लांट ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को सबसे ज्यादा दान दिया है। चुनाव आयोग द्वारा 14 मार्च को जारी किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि झामुमो को 2021 और 2023 के बीच चुनावी बॉड के जरिए 13.5 करोड़ रुपये का दान मिला। झामुमो ने 2021 में चुनाव आयोग को स्वेच्छा से कॉन्ट्रीब्यूशन रिपोर्ट दी थी। जिसमें खुलासा किया गया था कि उसे साल 2019-20 में हिंडाल्को लिमिटेड से 1 करोड़ रुपये मिले थे। हालांकि, एसबीआई द्वारा जारी की गई चुनावी बॉड




जानकारी के आधार पर चुनाव आयोग ने जो डेटा अपलोड किया है उसमें हिंडाल्को लिमिटेड द्वारा कोई बॉन्ड नहीं खरीदा गया है। चुनाव आयोग के ताजा खुलासे के अनुसार, बोकारो के वेदांत इलेक्ट्रो-स्टील प्लांट लिमिटेड ने पिछले साल जुलाई में पार्टी को 1 करोड़ रुपये के पांच बॉन्ड के जरिए 5 करोड़ रुपये का दान दिया था। हजारीबाग के बड़कागांव ब्लॉक में एनटीपीसी की कोयला परियोजनाओं के साथ काम करने वाले एक निजी खदान डेवलपर और ऑपरेटर त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने पिछले साल अक्टूबर में झामुमो को 1 करोड़ रुपये के तीन बॉन्ड के जरिए 3 करोड़ रुपये का दान दिया था। जिसका उपयोग पार्टी ने कुछ ही दिनों बाद कर लिया था। बिहार स्थित पूजा कोल प्राइवेट लिमिटेड ने अक्टूबर 2023 में पार्टी को दो बॉन्ड के जरिए 2 करोड़ रुपये का दान दिया। इसी तरह कारोबारी श्रीचंद सरावगी ने 75 लाख रुपये का दान दिया। अब तक, झामुमो को चुनावी बॉड के जरिए दानदाताओं से 10.75 करोड़ रुपये की कुल राशि मिली है, जिनका मिलान किया जा सकता है।

### मनी ट्रेडिंग पर नहीं हो रही कार्रवाई : सुप्रीयो भट्टाचार्य



झामुमो के प्रवक्ता सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनावी बॉड का मामला सामने आने पर उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, जहां मनी ट्रेडिंग नहीं हो रही है वहां कार्रवाई हो रही है। शराब घोटाला में 100 से 300 करोड की बात हो रही है, लेकिन एक रूपया बरामद नहीं हुआ है, पूरी मामला लोकतंत्र को समाप्त करने पर है। अब भाजपा पार्टियों के फंड पर भी डाका डालने का प्रयास कर रही है।

### झामुमो का सीधी वसूली पर विश्वास : प्रतुल शाहदेव



इस मामले में भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो का आंकड़ा इसलिए कम दिख रहा है क्योंकि झामुमो डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) में भरोसा रखते हैं। इलेक्ट्रॉल बॉड तो इनके लिए महज दिखावा है, वे लोग सीधे वसूली में विश्वास करते हैं, इसलिए उनका आंकड़ा कम दिख रहा है। लेकिन झामुमो के घपले-घोटाले को देखा जाए, तो आंकडा कहीं ज्यादा होता है।

# चुनाव में काले धन का प्रवाह रोकने के लिए चौबीसों घंटे काम करेगा आयकर विभाग का कंट्रोल रूम





**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड में काले धन का प्रवाह-प्रसार रोकने के लिए आयकर विभाग ने खास रणनीति तैयार की है। अवैध तरीके से नगदी इधर-उधर ले जाने की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष दस्ते बनाए गये हैं। रांची स्थित मुख्यालय में 24 घंटे कार्य करने वाला कंट्रोल रूम बनाया गया है। आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18003455018 और व्हाट्सएप नंबर 9693510277 पर कोई भी व्यक्ति किसी भी वक्त काले धन के संबंध में सूचना दे सकता है। सूचना देने वालों के नाम-पता गुप्त रखे जाएंगे। दस लाख रुपये से अधिक नकदी की सूचना पर क्विक रिस्पांस टीम तुरंत एक्शन मोड में रहेगी। नकदी के स्रोत एवं उसकी सत्यता की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। संबंधित व्यक्ति को बताना होगा कि राशि कहां से मिली है, कहां ले जाई जा रही है और किस मकसद से ले जाई जा रही है। स्पष्ट और वैध जानकारी नहीं मिलने पर धन जब्त कर लिया जाएगा। झारखंड में आयकर विभाग के सभी रेंज और जिलों में नोडल ऑफिसर प्रतिनियुक्त किए गए हैं। क्विक रिस्पांस टीम को सपोर्ट करने के लिए सप्लीमेंट्री रिस्पांस टीम रिजर्व रहेगी।


## आज के मैच



समय : 24 मार्च, 3:30 बजे से
स्थान : जयपुर



समय : 24 मार्च, 7:30 बजे से
स्थान : अहमदाबाद




## एक नजर

### शिक्षा विभाग के बीआरपी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**हंटरगंज(चतरा)।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसीबी की चतरा में बड़ी कार्रवाई। शिक्षा विभाग के हंटरगंज प्रखंड साधन सेवी (बीआरपी) सच्चिदानंद सिंह को नव सृजित प्राथमिक विद्यालय सोखा की सहायक शिक्षिका सह सचिव रीता कुमारी से आठ हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ एसीबी ने गिरफ्तार किया है। एसीबी हजारीबाग की टीम ने जाल बिछाकर हंटरगंज क्षेत्र से बीआरपी को रंगे हाथ गिरफ्तारी कर अपने साथ हजारीबाग ले गई एसीबी की टीम।

## आजकल




# राजधानी में कुख्यात छोटू की गोली मारकर हत्या

**पत्नी ने कहा पहले से घात लगाए बैठे दो युवकों ने की गोलीबारी**

**पुलिस इस वारदात को आपसी रंजिश मान रही है, तफ्तीश जारी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में शनिवार को दोपहर साढ़े तीन बजे भीड़भाड़ वाले उर्दू लाइब्रेरी के पास कुख्यात अपराधी छोटू रंगसाज की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। गोली लगने से घायल छोटू को आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बजरुद्दीन उर्फ छोटू गढ़वा में आतंक का पर्याय माना जाता था। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज थे। बताया जा रहा है कि वह अपनी पत्नी के साथ बाजार करने आया था, इसी दौरान उसे घात लगाए अपराधियों ने गोली मार दी। छोटू रंगसाज पर गढ़वा जिले के सदर थाना और रंका थाना क्षेत्र में हत्या के सात मामले समेत लूट और डकैती के दो दर्जन मामले दर्ज हैं। हजारीबाग में मारे गए अपराधी भोला पांडेय व पलामू के बॉबी खान से भी इसके तार जुड़े थे। भोला पांडेय और बॉबी खान के मारे जाने के बाद से छोटू रंगसाज गढ़वा जिले में कई कांडों को अंजाम दे चुका था। युवक की पत्नी ने बताया कि वे खरीदारी करने निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे दो युवकों ने छोटू को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की। एक गोली उसकी गर्दन में लगी और वह गिर पड़ा।



### पत्नी के साथ आया था बाजार करने

होली और ईद को लेकर अभी से चारों तरफ उल्लास है। बाजारों में भी होली-ईद की खरीदारी को लेकर रौनक है। इस बीच अपराधियों ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। बताया जा रहा है कि मृतक अपनी पत्नी के साथ बाजार करने आया था। वारदात के बाद पुलिस अपराधियों की धरपकड़ में जुट गयी है।

### रांची पुलिस को चुनौती दे रहे अपराधी

रंगों के पर्व होली में शांति-व्यवस्था को लेकर जहां एक तरफ पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने में जुटी है, वहीं वारदात को अंजाम देकर अपराधी रांची पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। होली पर विधि-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन बैठक पर बैठक कर रहा है। नये सिरे से अधिकारियों की तैनाती की जा रही है, रणनीति बनाए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि वारदात के कुछ देर पहले ही पुलिस बलों ने त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर मेन रोड अल्बर्ट एक्का चौक के पास फ्लैग मार्च किया था।

# होली के अवसर पर राज्य तैनात किए जाएंगे नौ हजार जवान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

होली पर्व को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा को लेकर आठ हजार 820 जवान की अतिरिक्त तैनाती की गयी है। इसमें 4500 अतिरिक्त बल और 4320 होमगार्ड के जवान शामिल है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 24 जिलों में कानून-व्यवस्था के लिए जैप, आईआरबी सहित अन्य बलों की तैनाती की है। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस मुख्यालय ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। आईजी अभियान ने इससे संबंधित आदेश शनिवार को जारी कर दिया है। साथ पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की भी तैनाती की गयी है। सभी को दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों से लैस होकर तैनात रहने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सभी एसएसपी और एसपी को अपने-अपने जिले में होली पर्व को लेकर विशेष सर्तकता बरतने का निर्देश दिया गया है। वहीं दूसरी ओर होली पर्व को लेकर राज्य में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए कुल 4320 होमगार्ड के जवान को सुरक्षा में लगाया गया है।



### होली पर्व को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

रांची में होली पर्व को लेकर शनिवार को सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान सांप्रदायिक सौहार्द के साथ होली पर्व मनाने के लिए लोगों से अपील की गयी। हिंदपीढ़ी और लोअर बाजार क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। सिटी एसपी ने कहा कि होली पर्व पर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। फ्लैग मार्च में डीएसपी, थाना प्रभारी सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### किस जिले में कितने जवान रहेंगे तैनात

रांची में 500, खूंटी में 100, लोहरदगा में 100, रामगढ़ में 100, गुमला में 200, सिमडेगा में 150, जमशेदपुर में 500, चाईबासा में 250, सरायकेला में 100, धनबाद में 300, बोकारो में 200, पलामू में 250, गढ़वा में 100, लातेहार में 100, हजारीबाग में 175, चतरा में 100, कोडरमा में 100, गिरिडीह में 75, दुमका में 200, जामताड़ा में 100, साहिबगंज में 200, पाकुड़ में 100, गोड्डा में 100 और देवघर में 220 होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे।

# हेमंत के साथ ही पूरा झारखंड भी केजरीवाल के साथ खड़ा



**कल्पना ने केजरीवाल की पत्नी सुनीता को किया फोन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने उनकी पत्नी से बात की।

हेमंत सोरेन के ट्विटर हैंडल पर इसकी जानकारी देते हुए कल्पना सोरेन ने लिखा कि अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से बात कर उन्हें साहस देने का प्रयास किया। कल्पना ने लिखा कि एक साथी के रूप में मैं उनकी परेशानियों को समझ सकती हूं। लोकप्रिय निर्वाचित मुख्यमंत्रियों की गैरकानूनी ढंग से गिरफ्तारी और वह भी तब जब देश में आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा हो गई हो, एक लोकतांत्रिक देश के लिए यह सामान्य घटना नहीं है। संकट की इस घड़ी में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरा झारखंड केजरीवाल के साथ खड़ा है। मालूम हो कि हेमंत और केजरीवाल को ईडी अलग-अलग घोटालों के आरोप में लगभग एक ही तरह से गिरफ्तार किया है।

### सीएम केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी व रिमांड को दिल्ली हाईकोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी और ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित रिमांड आदेश के खिलाफ शनिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। केजरीवाल ने अपनी याचिका में गिरफ्तारी और रिमांड आदेश को 'अवैध' बताते हुए दावा किया कि वह तुरंत हिरासत से रिहा होने के हकदार हैं। उनकी कानूनी टीम ने बताया कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश से तत्काल सुनवाई की मांग की गई है, यदि संभव हो तो रविवार को सुनवाई की जाए। ईडी, जिसे 28 मार्च तक केजरीवाल की हिरासत दी गई है, ने आरोप लगाया है कि आप कथित आबकारी नीति घोटाले में उत्पन्न अपराध की आय का प्रमुख लाभार्थी है।

# देश को क्षयरोग मुक्त बनाने के लिए सभी मिलकर काम करें : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्व क्षय रोग दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को कहा कि यह दिन टीबी की शीघ्र पहचान, उपचार और रोकथाम के महत्व को याद दिलाने का काम करता है। उन्होंने भारत को क्षयरोग मुक्त बनाने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने हर साल 24 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा है कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि क्षयरोग के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 24 मार्च को 'विश्व क्षयरोग दिवस' मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को टीबी के वैश्विक प्रभाव के बारे में जागरूक करना, बीमारी को नियंत्रित करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इससे निपटने के प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। यह दिन टीबी की शीघ्र पहचान, उपचार और रोकथाम के महत्व की भी याद दिलाने का काम करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं सभी से क्षयरोग मुक्त भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह करती हूं।




### धनबाद में कोयला भवन कार्यालय में लगी आग कागजात जलकर स्वाहा

**धनबाद।** धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन के सीएमपीडीआई भवन में देर रात भीषण आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद कार्यालय की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवानों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग और बीसीसीएल अधिकारियों को दिया। इस अगलगी में कई महत्वपूर्ण कागजातों और कार्यालय में रखे अन्य सामान के जल जाने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन के सीएमपीडीआई बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर स्थित क्षेत्रीय निदेशक सचिवालय कार्यालय से देर रात करीब एक बजे आग की लपटें उठती देखी गई।


## इंडिया

# हर कोई चाहता है भगत सिंह पैदा तो हो पर पड़ोसी के घर



सुनील बादल

*झारखंड* भी वीरों की भूमि है जब अंग्रेजों के विरुद्ध कोई बड़ा अभियान नहीं चला था तब एक आदिवासी युवक तिलक मांझी ने 1785 में आर पार की लड़ाई लड़ी थी। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने राजपाट गंवाकर भी साथियों संग फाँसी को चुना, झारखंड बिहार के एकमात्र परम वीर अलबर्ट एक्का ने बहादुरी और आत्म बलिदान की जो मिसाल पेश की वह दुर्लभ है। भगवान कहे जाने वाले बिरसा तो आदर्श ही हैं पर आजकल एक कहावत प्रचलित है कि भगत सिंह पैदा तो हों पर पड़ोसी के घर! स्वार्थ की यह पराकाष्ठा न सिर्फ शर्मनाक है बल्कि खतरनाक भी क्या सीमाओं पर प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों की कीमत उस वेतन या पेंशन से हो सकती है? आश्चर्यजनक समाचार पाकिस्तान से है वर्ष 1931 में लाहौर जेल में जिस जगह क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर लटकाया गया था, वहां अब शादमान चौक है। बंटवारे के बाद पाकिस्तान की धरती पर इन इंकलाबियों का नामो-निशान मिटा दिया गया, जबकि यह शहर आजादी के योद्धाओं का बड़ा केंद्र था। 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान लाठी चार्ज में घायल लाला लाजपत राय की मृत्यु के बाद 'हिंदुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ' के क्रांतिकारी भगत सिंह और राजगुरु ने लाहौर में पुलिस अफसर सांडर्स को मार कर इसका बदला लिया और उन्होंने लाहौर की सड़कों पर नौकरशाही सावधान! के पोस्टर भी चिपकाए। उसके बाद 'लाहौर षड्यंत्र केस' का प्रसिद्ध मुकदमा यहीं चला। उन्हीं दिनों क्रांतिकारी दल के सेनापति चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में भगत सिंह को जेल से छुड़ाने की योजना बनी, लेकिन एक साथी के शहीद हो जाने की वजह से आजाद को वह योजना स्थगित करनी पड़ी। लाहौर में चले मुकदमे में भगत सिंह और उनके साथी को फांसी की सजा दे दी गई।लाहौर का शादमान चौक भले ही अब भीड़-भरा चौराहा हो, लेकिन यहां इंकलाब की अनुगूंज अब भी मद्धिम नहीं पड़ी है, जबकि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को 95 वर्ष बीत चुके हैं। यह हमारे इतिहास और संस्कृति की ताकत है कि 1947 में हुए देश के अप्राकृतिक विभाजन के बाद भी लाहौर ने भगत सिंह और उनके साथियों के अप्रतिम बलिदान को भुलाया नहीं है, बल्कि वहां के शहीद भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी, एडवोकेट लाहौर हाईकोर्ट और उनके सहयोगी निरंतर इस मुहिम को जिंदा रखे हुए हैं। कुरैशी अनेक वर्षों से लाहौर के शादमान चौक पर अपने कुछ मित्रों के साथ इकट्ठे होकर भगत सिंह को शहादत दिवस और उनके जन्मदिन के मौके पर याद करने से चूकते नहीं हैं, हालांकि ऐसा करने के लिए उन्हें निरंतर पाकिस्तानी कट्टरपंथियों और प्रशासन से बड़ी लड़ाई लड़नी पड़ी है। खुशी की बात है कि कुरैशी ने पांच नवंबर, 2018 को लाहौर उच्च न्यायालय से राज्य सरकार और जिला प्रशासन के लिए यह आदेश भी हासिल कर लिया कि शादमान चौक का नामकरण शहीद भगत सिंह के नाम पर कर दिया जाए, जबकि पाकिस्तान के कट्टरपंथी इसका लगातार विरोध कर रहे थे। पाकिस्तान में हम इसे इंकलाब के पैरोकारों की बड़ी जीत के तौर पर देख रहे हैं, जिसका श्रेय कुरैशी को जाता है। नौकरशाही ने जब उच्च न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया, तो कुरैशी न्यायालय के आदेश की अवमानना का मुद्दा लेकर फिर अदालत जा पहुंचे। एक मार्च, 2024 को लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शम्स महमूद मिर्जा ने भगत सिंह चौक न बनाए जाने के मामले पर सुनवाई के बाद पश्चिमी पंजाब की सरकार के मुख्य सचिव जाहिद अख्तर जमान, डिप्टी कमिश्नर व प्रशासक लाहौर राफिया हैदर को अदालत की मानहानि याचिका के मद्देनजर 26 अप्रैल को पेश होने का नोटिस जारी किया है। यह कुरैशी की बड़ी जीत है। संभावना है कि उनकी यह मुहिम उस जगह को भगत सिंह चौक का नाम दे सकेगी, जहां ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने लाहौर जेल में बने उस समय के फांसीघर में उनसे जीने का अधिकार छीन लिया था।




# 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को मुंबई लाया गया

**एजेंसी। मुंबई**

अरब सागर में भारतीय नौसेना के एक अभियान के दौरान पकड़े गए 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को शनिवार सुबह आईएनएस-कोलकाता से मुंबई लाया गया। नौसेना ने इन्हें मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन संकल्प के तहत की गई। इस अभियान के तहत नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। नौसेना के मुताबिक 14 दिसंबर को सोमालियाई समुद्री लुटेरों ने माल्टा के जहाज को हाईजैक कर लिया था। उसको बचाने के लिए 15 मार्च को भारतीय नौसेना का हेलीकॉप्टर उसके करीब पहुंचा था। इस दौरान समुद्री लुटेरों ने हेलीकॉप्टर पर फायरिंग शुरू कर दी थी। नौसेना ने लुटेरों से सरेंडर करने को कहा था। 16 मार्च को इन लुटेरों ने नौसेना के समक्ष सरेंडर कर दिया। इस अभियान में भारतीय नौसेना को माल्टा के जहाज के चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित बचाने में सफलता मिली थी। नौसेना के मुताबिक उनकी कार्रवाई के दौरान 35 समुद्री लुटेरों ने सरेंडर कर दिया और 17 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाला गया। यह अभियान 40 घंटे से अधिक समय तक चला।



## एक नजर

### एसीसी उच्च विद्यालय के बच्चों ने अबीर से बनाई रंगोली

**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षक शिक्षिकाओं के चरणों पर अबीर रखकर आशीर्वाद ग्रहण किया। सभी विद्यार्थी एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दिए। विद्यार्थियों ने अबीर से रंगोली बनाया। विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह व प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने बच्चों को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों को अपनी सुरक्षा का ध्यान देते हुए रंग खेलने की सलाह दी। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

### डीएवी खलारी में हर्षोल्लास से मनाई गई होली, गाए होली के गीत

**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास से मनाया गया। इसके लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय में उपस्थित कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों ने होली के गीत-भजन गाकर, चुटकुले सुनाकर सभी का मनोरंजन किया। छोटे छोटे बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को होली पर्व पर रंग लगा कर अपनी शुभकामनाएं दी। साथ ही बच्चों को रंग गुलाल लगा कर एक दूसरे से मिल जुलकर होली मनाने तथा पानी को बर्बाद नहीं करने का संदेश दिया।

### बरियातू में क्षत्रिय परिवार का होली मिलन, एक-दूसरे को लगाए रंग-गुलाल

**रांची।** बरियातू क्षत्रिय परिवार के तत्वावधान में शनिवार को पूजा बैंक्वेट हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। होली मिलन में शिवाजी सिंह, रणधीर सिंह,अशोक सिंह, मनीष सिंह, जितेंद्र सिंह, पंकज सिंह, प्रशांत सिंह, विजेंद्र सिंह पप्पु सिंह, रौनक सिंह, पुरेंद्र सिंह, श्रीराम सिंह समेत करीब एक हजार क्षत्रिय परिवार शामिल हुए।

### चौपाल में बुजुर्गों ने मनाई होली

**रांची।** माहेश्वरी समाज अपने बुजुर्ग लोगों के लिए चौपाल मंच के अंतर्गत कई कल्याणकारी योजनाएं चलाता है। चौपाल के संयोजक राजकुमार मारू एवं सह संयोजक अशोक साबू हैं। बुजुर्ग लोगों के एकाकी जीवन में नई ऊर्जा के संचरण के लिए प्रत्येक महीने कुछ कार्यक्रम किए जाते हैं। शनिवार को इस चौपाल के अंतर्गत होली मिलन का आयोजन किया गया। 40 बुजुर्गों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद अंत्याक्षरी का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। होली गीतों को कोरस में गया तथा अंत में होली के गीतों पर सब ने मिलकर नृत्य किया। 60 से 82 साल के बुजुर्गों का आपस में मिलजुल कर इस तरह मनोरंजन कार्यक्रम को आयोजन करना उनके जीवन में एक नया रंग भरने का प्रयास था।

## श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में महाहवन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता रांची**

श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला, गांधी चौक, रांची के अमृत महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार को महाहवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य अमृत महोत्सव के संकल्प - 'चरित्रवान, आत्मविश्वासी एवं स्वावलंबी देशभक्त के गुणों का विकास' में दृढ़ता बढ़ाना था । साथ ही, इस वर्ष विद्यालय में हुए अच्छे कार्यों के लिए ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना एवं आगामी वर्षों में उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रेरणा के लिए आशीर्वाद प्राप्त करना था । इस महा हवन में 15 वेदियां बनाई गई थीं, जिसमें 200 छात्राओं ने, 12 शिक्षिकाओं, 6 प्रबंध समिति के सदस्यों एवं अतिथियों ने आहुति दी। इस महाहवन के प्रधान आचार्य अशोक पाठक थे, जिन्होंने शुद्ध मंत्रोच्चार के साथ सबों से आहुतियां दिलवाईं। इन्होंने मंत्रों का भावार्थ भी बताया, जो सबों के लिए उत्साहवर्धक था। आचार्या मीना जी की अगुवाई में 16 प्रशिक्षित बालिकाएं सहयोग कर रही थीं। पूर्व अध्यक्ष सुशीला गुप्ता मुख्य यजमान थीं। प्रधानाध्यापिका श्रीमती गायत्री कुमारी ने आचार्य व मुख्य यजमान को अमृत स्मृति चिह्न दिया। सभी शिक्षिकाओं मीना ओझा, शुभम कुमारी, रानी शांता, पिंकी रानी, सुनीता ओझा, अनिता बघेल, ममता शर्मा, मीरा कुमारी, सीमा सिन्हा, कामिनी कुमारी एवं रागिनी कुमारी ने पूरी व्यवस्था को संभाला। सचिव वेद प्रकाश बागला, संयुक्त सचिव विजय सरायका, सुनील गुप्ता, कविता सिन्हा, दूबे जी, मंत्री जी भी उपस्थित थे। सचिव वेद प्रकाश बागला ने हवन कुंड आदि उपलब्ध कराने के लिए डीएवी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डीएवी में शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी सेंटर फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस, नई दिल्ली व सीबीएसई, सीओई, पटना प्रक्षेत्र के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन-'बी' एवं 'जे' के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन डीएवी हेहल, डीएवी कपिलदेव एवं डीएवी गांधीनगर में कुशलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। दूसरे दिन क्षमता संवर्धन कार्यशाला की शुरुआत सुबह विशेष हवन से हुआ। स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन किया गया तथा विशेष मंत्रों से यज्ञ कुंड में आहुतियां दी गईं। डॉ कमल बोस, सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष, संट जेवियर्स कॉलेज, रांची ने प्रथम सत्र में 'संचार' विषय पर विचार रखते हुए कहा कि शिक्षक का काम विद्यार्थियों के अंदर ज्ञानार्जन की लालसा जगाना है। दूसरे सत्र में संसाधक बीएन मिश्र ने भाषा शुद्धि पर एवं डॉ जेबी पांडेय, सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष, रांची विश्वविद्यालय, रांची ने 'साहित्य की प्रयोजनीयता और मानव कल्याण' विषय पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा, साहित्य फीको को नीको बनाता है एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास करता है। एम के सिन्हा, प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-बी एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण सेंटर के ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर ने कहा कि शिक्षण एक सेवा, पेशा या नौकरी नहीं है, यह समाज का एक स्तंभ है। इसलिए आप सभी अपने-अपने विषयों की अच्छी तरह तैयारी कर कक्षा शिक्षण को बेहतर बनाएं। कार्यशाला में डीएवी के लगभग 500 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर एस के सिन्हा, किरण यादव, संजीत कुमार मिश्रा, तपन घोष, विवेकानंद घोष, मनोजेश्वर कुमार, बुबुन शरण, रोशी बाधवानी आदि डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

### रिम्स में छह और सदर अस्पताल में नौ यूनिट बचा है निगेटिव ब्लड ग्रुप

# ब्लड लेने में रिम्स में लगते हैं 12 घंटे, अन्य जगहों पर मात्र चार घंटे




**अमित कुमार**

रांची। राज्य के दो सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में ब्लड यूनिट काफी कम बचा है। ऐसे में मरीजों की जान कैसे बचाई जाएगी? रिम्स और सदर अस्पताल रांची में जहां पर निगेटिव ब्लड ग्रुप की यूनिट काफी कम है। रिम्स में पिछले दिनों महज छह यूनिट ब्लड शेष था, जबकि सदर अस्पताल में नौ यूनिट मात्र रह गया है। ब्लड यूनिट के कम हो जाने से प्लेटलेट्स, प्लाज्मा तथा क्रयोप्रेसीपिटेड संग्रहण में इसका प्रभाव पड़ रहा है। वहीं, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया तथा सिकलसेल एनिमिया के मरीजों पर घटते ब्लड यूनिट का प्रभाव पड़ेगा। वहीं, इस अस्पतालो में सबसे कम मिलने वाले बम्बे ब्लड ग्रुप की संख्या नगण्य है। रिम्स में मरीज की जान बचाने के लिए यदि ब्लड की जःरत है, तो इसके लिए कम से कम 12 घंटे लगते हैं। रिम्स के डॉक्टर द्वारा मरीज के पर्ची पर इमरजेंसी लिखे जाने के बाद की यह स्थिति है। वहीं, सामान्य मरीजों के लिए तो कभी-कभी दो दिन से अधिक का समय लग जाता है।

#### ब्लड बैंड की इंचार्ज डॉ सुषमा कहती हैं

रसीद कटाने के बाद एक डोनर की आवश्यकता होती है। इससे पूर्व मरीज के ब्लड की जांच करने और डोनर्स के ब्लड की क्रॉस मैचिंग करने में काफी समय लग जाता है। इसके बाद डोनर्स के ब्लड से प्लाज्मा और प्लेटलेट्स को अलग करने में भी काफी समय लगता है। साथ ही, प्रत्येक दिन सैंकड़ों मरीजों के लिए ब्लड मैनेजमेंट बेहतर रखना पड़ता है, ऐसे में समय लगना लाजमी है। रिम्स के ब्लड बैंक में दो हजार यूनिट ब्लड की स्टोरेज कैपेसिटी है। इसके अलावा, हाइटेक प्रोसेसिंग मशीन लगाई गई है, ताकि मरीजों को तत्काल ब्लड उपलब्ध कराया जा सके। पिछले साल 30 हजार यूनिट ब्लड मिला है।

#### सदर अस्पताल के ब्लड बैंक काउंसिलर मो हासिम

डोनेशन कैंप लगाए जाने के बाद भी अपेक्षा के अनुरूप लोग ब्लड डोनेट करने के लिए नहीं आ रहे हैं। ऐसे में यहां जितनी ब्लड की डिमांड होती है, उस हिसाब से ब्लड उपलब्ध नहीं है। सदर की अपनी स्टोरेज क्षमता एक हजार यूनिट तक की है। पिछले वर्ष 13 हजार यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ था ।

#### सेम ग्रुप का डोनर्स ढूंढ रहे, ताकि मरीज की जान बचे

रिम्स में इलाजरत मरीज व उनके परिजन ब्लड को लेकर परेशान हैं। ब्लड बैंक निगेटिव ग्रुप में खून नहीं होने से वैसे ब्लड डोनर्स को ढूंढ रहे हैं, जो समान ग्रुप का हो, ताकि उन्हें ब्लड मिल सके।

### जेजेए के प्रतिनिधिमंडल ने सरायकेला उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

## पत्रकार की गंभीर रूप से बीमार पत्नी के इलाज सहित अन्य मुद्दों पर मांगा सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता**

सरायकेला। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक सह बीएसपीएस के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने सरायकेला खरसांवा जिला उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला से मिलकर पत्रकारों की समस्या को रखा। साथ ही, गंभीर रूप से बीमार पत्रकार की पत्नी के हृदय के ऑपरेशन के लिए संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने सहयोग का आग्रह किया। उपायुक्त शुक्ला ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वे हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में मीडिया की भूमिका एवं अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा भी हुई। उपायुक्त से मिलने वालों में वरिष्ठ पत्रकार बीएसपीएस के राष्ट्रीय पार्षद शेख अलाउद्दीन, झारखंड प्रदेश संगठन सचिव मनोज स्वर्णकार, जिला अध्यक्ष उपेंद्र महतो, दुर्गा राव, संजय शर्मा एवं विजय कुमार साव मुख्य रूप से शामिल थे।

### उषा मार्टिन ने की महिला सशक्तिकरण में बड़ी पहल

## महिलाओं के विकास से ही उज्ज्वल भविष्य संभव : प्रिया बागची



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

समाज का भविष्य कैसा बनाना चाहते है, यह महिलाओं के विकास से ही निर्धारित होगा। आधी आबादी को सशक्त बनाकर ही गांव और समाज को विकसित बनाया जा सकता है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से महिला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभी तक 110 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को टेलरिंग, टैली और ब्यूटिशियन कोर्स का प्रशिक्षण कराया गया है। इसके अलावा 141 महिलाओं को मशरूम उत्पादन एवं 50 से अधिक महिलाओं को नकदी फसल से जोड़ा गया है। फॉउंडेशन की प्रबंधक प्रिया बागची ने बताया कि महिला शक्ति को अपनी क्षमता की पहचान करनी होगी। इसके बाद घर से बाहर निकलकर प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास करना होगा, ताकि वह एक साथ घर और बाहर की दोहरी भूमिका को सफलतापूर्वक निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से टाटीसिलवे के इर्द गिर्द के गांवों की महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण एव कौशल विकास से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सके। अभी तक तीन सौ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को खेती-बारी, मशरूम, मछली एवं मुर्गी पालन से जोड़ा गया है। इसके अलावा, 70 से अधिक महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ा जा चुका है। 150 से अधिक ग्रामीणों को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण, प्लंबर, मोटरसाइकिल सर्विसिंग, टैली एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ा जा चुका है।

### स्कूल व कॉलेजों में होली मिलन का हुआ आयोजन

## खूब उड़े अबीर गुलाल, विद्यार्थियों ने एक-दूसरे की दी होली की शुभकामनाएं

**निदेशक ने कहा- केमिकल युक्त रंगों के अधिक उपयोग से बचना चाहिए, क्योंकि त्वचा पर इसका खराब असर हो सकता है**




**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को भारी उत्साह और उल्लास के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार की देखरेख में शिक्षकों और बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और बच्चों ने होली गीत पर नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं दी और बच्चों से कहा कि केमिकल युक्त रंगों का अधिक उपयोग से बचना चाहिए क्योंकि केमिकल से त्वचा में इसका बुरा असर हो सकता है उन्होंने पूरी सावधानी के साथ घरों में होली खेलने की सलाह दी । उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि भारत में मनाये जाने वाले सभी त्योहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। होली एक प्रमुख त्योहार है। होली आपसी प्रेम एवं एकता का प्रतीक है। होली हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने की प्रेरणा प्रदान करती है। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं बल्कि हमारे धार्मिक संस्कृति का प्रमुख अंग है। हमें अपनी संस्कृति को आत्मसात करना चाहिए। भारतवर्ष में विविधताओं के बीच एकता का प्रतीक पर्व और त्योहार विचारों के साथ हमें हमेशा तरोताजा रखती है।

### होली पर्व को लेकर उपायुक्त ने की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**रामगढ़।** होली पर्व के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल रामगढ़ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को रमजान एवं आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई । मौके पर उपायुक्त ने सभी से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है । इसलिए पर्व के दौरान भी इस बात का पूरा ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है कि पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का किसी भी तरह से कोई उल्लंघन ना हो। उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में कोई भी अफवाह सामने आती है।

## हिंडालको परिसर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हिंडालको परिसर में शुक्रवार के दिन संध्या 7 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। होली मिलन समारोह में हिंडाल्को के वरिष्ठ अधिकारी उनके परिवार एवं सिल्ली-मुरी के सभी पत्रकार अपने परिवार संग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन भरत सिंह ने किया। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। कार्यक्रम के दौरान प्लांट हेड रवि नारायण मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन से एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है एवं आपसी भाईचारा और सामंजस्य बना रहता है। आने वाले वर्षों में इस मिलन समारोह को और बृहद एवं भव्य रूप से मनाने का प्रयास किया जाएगा क्योंकि होली का त्योहार दिलों की दूरियों को भी मिटाता है और एक दूसरे में अपनत्व स्थापित करता है। वही एचआर हेड अरुण राय ने कहा कि होली का पर्व रंगों की भरमार, खुशियों का प्रकटीकरण और बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है। कार्यक्रम को रंगीन बनाने के लिए आए हुए अतिथियों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत, वंदना, स्तुति एवं नृत्य का प्रस्तुति दिया गया जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। अंत में हिंडाल्को के अधिकारियों के द्वारा पत्रकारों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### ठेठईटांगर में 26 को मनाई जाएगी होली

**ठेठईटांगर।** शिव मंदिर परिसर ठेठईटाँगर देर शाम ग्रामवासियों की बैठक पुरोहित सूर्यकांत झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रंगोत्सव का पर्व होली का त्यौहार 26 मार्च दिन मंगलवार को मनाया जाएगा एवं होलिका दहन 24 मार्च रविवार को 10:30 रात में किया जाएगा। बैठक में संजय प्रसाद, राजेंद्र बडाईक, पिंटू कुमार अरुण कुमार, मिथिलेश पांडे ,रोहित कुमार ,धनंजय ठाकुर ,रतन सिंह, मनोज कुमार सिंह, अरविंद कुमार, पिंकू कुमार, विजय ठाकुर ,अनिल कुमार गुप्ता ,बजरंग साव, नरेंद्र बडाईक ,शैलेंद्र कुमार, राहुल दास आदित्य प्रसाद ,सोनू बडाईक, परमानंद दास ,मुकेश केसरी, विजय ठाकुर ,रोहित प्रसाद एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### जलडेगा के स्कूली बच्चों को कराया गया तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

**जलडेगा।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत राज्य परियोजना ने जलडेगा प्रखंड से चयनित 20 विद्यार्थियों को जिले से बाहर तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को राजधानी रांची के राजभवन, रॉक गार्डन, साइंस सिटी, हिरण पार्क खूंटी, मछली घर, बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी, वाइल्ड वादी तुपुदाना का भ्रमण कराया गया। साथ ही प्राकृतिक नजारे को देखकर आनंदित हुए। बाद में बच्चों ने वन भोज का आयोजन कर सामूहिक रूप से भोजन किया। बीपीओ आशा बिलुंग व फुलेंद्र कुमार साहू के नेतृत्व में भ्रमण पर आए बच्चों ने किताबों में काल्पनिक रूप से वर्णित जीव जंतुओं को दे।अपने खुले आंखों से देखकर रोमांचित हुए।वहीं विद्यालय के शिक्षक फुलेंद्र कुमार साहू ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।साथ ही बच्चों को बताया गया की प्रकृति प्रदत्त चीज हमारे चारों ओर मौजूद है।जैसे वायु, जल, वनस्पतियां,जीव जंतु सभी पर्यावरण के घटक है। इन सबसे मिलकर पर्यावरण की रचना हुई है। उन्होंने कहा कि प्रकृति को नष्ट करके नहीं, उसे सुरक्षित रखकर जीवन जीना हमारा दायित्व है। साहू ने बताया कि वन भोज के आयोजन से बच्चों में बौद्धिक मानसिक व दार्शनिक ज्ञान का बौद्ध होता है। साथ ही जैविक उद्यान में आने से बच्चों में जीवों के प्रति प्रेम व दया की भावना बढ़ती है। इस दौरान बच्चों ने लजीज भोजन का आनंद उठाया इस भ्रमण से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। मौके पर मुख्य रूप से बीपीओ आशा बिलुंग,फुलेंद्र कुमार साहू, पार्वती सिंह, मधुसूदन महतो, प्रभा कांडुलना आशा बिलुंग आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शहीद चौक बड़ा मुरी में शहीद ए आजम भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया गया

**मुरी।** शहीद चौक बड़ा मुरी में शनिवार के दिन शहीदे आजम भगत सिंह,सुखदेव एवं राजगुरु का 93 वीं शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता कामरेड अरुण महतो ने किया, तथा मुरी सिल्ली लोकल कमिटी सचिव कामरेड अमर महली ने भगत सिंह के प्रतिमा पर मल्यार्पण करके पुष्पांजलि दिया तथा उनके जीवनी पर अपनी बातें रखी। इसी क्रम में कमारेड चितरंजन महतो ने भी अपनी बातें रखी। शहादत दिवस पर कामरेड दीपक सोनार, अकलू महतो, पी एल कुम्हार, सदानंद सोनार,शशि शंकर, अमित कुमार, संतोष महली, रजनीकांत, मो. कलाम समेत सैकड़ों साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए।

### बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है होली : रवि गिरि



**खलारी।** एसीसी पब्लिक स्कूल खलारी में होली का त्योहार मनाया गया। छोटे बच्चे बच्चियां राधा कृष्ण बने और नृत्य प्रस्तुत किया। विधार्थी और अध्यापिका एक दूसरे को गुलाल लगाए और बधाई दिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि गिरि ने बताया कि होली मनाने कि परंपरा की शुरूआत पुरातन काल में राजा हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद के जीवित बचने और इस बुराई पर अच्छाई की जीत के उत्सव के रूप में मनाते हैं। यह त्योहार राधा कृष्ण के सच्चे प्रेम का प्रतीक है। इसलिए हम प्रत्येक वर्ष होली का त्योहार मनाते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिका पम्मी, पायल, गुड़िया, रूबी का सहयोग रहा।

### ललिता नागपाल की श्रद्धांजलि सभा और पगड़ी रस्म आयोजित

**रांची।** शहर के जाने-माने समाजसेवी संदीप नागपाल की माता का का देहांत बिवगत 20 मार्च को उनके घर कांके रोड में हो गया था। उनका श्रद्धांजलि सभा और रस्म पगड़ी शनिवार को पंजाबी हिंदू बिरादरी के पंजाबी भवन में संपन्न हुआ। कई लोगों ने स्व ललिता नागपाल के जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी जीने का भाव को साझा किया। श्रद्धांजलि सभा में पंजाबी हिंदू बिरादरी के सदस्यों के अलावा रांची के विधायक चंदेश्वर प्रसाद सिंह, झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, आदित्य मल्होत्रा, रोहित पोद्दार आदि ने वहां पहुंचकर ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। 24 मार्च को संत निरंकारी सत्संग भवन में उनकी याद में प्रेरणा दिवस मनाया जाएगा।

### बार-बार होने वाले ब्रेन ट्यूमर का पारस अस्पताल में हुआ सफल ऑपरेशन

**रांची।** बार-बार होने वाले ब्रेन ट्यूमर का पारस अस्पताल के डॉ सचिन ने सफल ऑपरेशन किया है। इस बीमारी से पीड़ित 55 साल की महिला मरीज प्रेमा देवी की स्थिति अब बेहतर है। महिला पारस अस्पताल के डॉक्टर सचिन और उनकी टीम को धन्यवाद दे रही हैं। डॉ सचिन ने बताया कि मरीज मिर्गी और सिर दर्द की समस्या लेकर अस्पताल पहुंची थीं। महिला ने डॉक्टर को बताया कि 12 साल पहले वाराणसी में ब्रेन के लेफ्ट हिस्से के ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन हुआ था। इसके बाद महिला को एमआरआई कराने की सलाह दी गई। एमआरआई रिपोर्ट में पता चला कि ट्यूमर फिर से हो गया है, जो मस्तिष्क के दोनों हिस्सों में है। ट्यूमर की वजह से प्रमुख खून की धमनियां भी प्रभावित हो रही हैं। डॉक्टर ने महिला को तुरंत सर्जरी कराने की सलाह दी। इसके बाद डॉक्टर सचिन ने अपनी टीम के साथ महिला की इस जटिल सर्जरी को सफलता पूर्वक संपन्न किया। सर्जरी के बाद मरीज को कोई भी न्यूरोलॉजिकल डेफिसिट नहीं हुआ। डॉ सचिन ने बताया कि सफल सर्जरी के बाद मरीज अच्छी तरह से ठीक हो गईं और उन्हें बिना किसी न्यूरोलॉजिकल कमी के छुट्टी दे दी गई।





'अर्थ आवर डे' के अवसर पर शनिवार को राजभवन में विद्युत उपकरणों को बंद कर पर्यावरण संरक्षण व ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया गया।

## होली पर्व पर विधि-व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने दिए आदेश

# महिलाओं के साथ अभद्रता की, तो होगी कार्रवाई

**जो व्यक्ति होली खेलना न चाहे, उनके साथ होली नहीं खेली जाए**

**सभी पदाधिकारी सुनिश्चित करें, आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो**

**थाना प्रभारी अफवाहों का अविलंब निराकरण कर कार्रवाई भी करें**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

होली का त्योहार रांची में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारीराहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि होली पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है, किन्तु यह भी आवश्यक है, कि जो व्यक्ति होली खेलना नहीं चाहे, उसके साथ होली नहीं खेली जाए। खासकर, महिलाओं के साथ होली पर अभद्रता नहीं होनी चाहिए। होली पर्व के अवसर पर हुड़दंगियों, आपसी झगड़ों तथा नशापान कर गाड़ी, मोटरसाइकिल चलाने चालकों पर संबंधित थाना प्रभारी एवं यातायात पुलिस पदाधिकारी कड़ी निगरानी रखें। ताकि, किसी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सके एवं शांति बनी रहे। उपायुक्त ने शनिवार को आदेश दिया कि हुड़दंगियों, लड़ाई-झगड़ा करने वालों तथा नशापान करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाए।

उपायुक्त ने सिविल सर्जन, रांची को निर्देश दिया है कि आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए एक एंबुलेंस, चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी एवं सभी आवश्यक दवा एवं उपकरण के साथ जिला नियंत्रण कक्ष में होली की अवधि में प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करें।

रांची उपायुक्त ने कहा है कि लोकसभा चनुाव की घोषणा हो चुकी है और आदर्श आचार संहिता लागू है। इसलिए प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी, पदाधिकारी एवं पुलिस बल यह भी सुनिश्चित करेंगे कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो। यदि कोई ऐसा मामला पाया जाता है, तो उस पर सम्यक विधिक कार्रवाई की जाए। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल एवं अपने-अपने क्षेत्रों में सर्तक रहकर विधि-व्यवस्था संघारण सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिया है कि झूठे अफवाहों का अविलंब निराकरण करते हुए यथोचित नियमानुसार कार्रवाई करें। जो अनावश्यक अफवाह फैला कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करें, वैसे सांप्रदायिक तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करें। संबंधित पुलिस उपाधीक्षक इसका समुचित पर्यवेक्षण करें।

**▸ होलिका दहन पर समुचित सतर्कता बरतें :**

उपायुक्त ने आदेश दिया है कि थाना प्रभारी गश्ती के माध्यम से होलिका दहन कार्यक्रम के अवसर पर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी प्रकार की दुर्घटना या विवाद न होने पाए। चंदा वसूलने, असामाजिक तत्वों के अभद्र व्यवहार, लोगों पर जबरदस्ती कीचड़, धूल, रंग-अबीर आदि लगाने एवं अश्लील होली गायन आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, 24 मार्च को पूर्वाह्न से प्रमुख जगहों पर अग्निशमन दस्ते तैनाती की जाए और यह होली पर्व की शांतिपूर्ण समाप्ति तक वहीं रहेंगे।

**▸ बंद रहेंगी शराब दुकानें :**

उपायुक्त ने आदेश दिया है कि सहायक आयुक्त, उत्पाद, रांची एवं उपायुक्त, उत्पाद, रांची जिला के सभी शराब दुकानों को होली के दिन बंद रखना सुनिश्चित करेंगे। यह भी निर्देश दिया गया है कि इस अवधि में अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध गहन छापामारी कर इसकी बिक्री पर रोक लगाने की सभी प्रभावी कार्रवाई की जाए।

## रांची प्रशासन ने चलाया खाद्य पदार्थ जांच अभियान, 13 को नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

होली पर्व के मद्देनजर रांची में मिलावटी खाद्य पदार्थ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। मिलावटी खाद्य पदार्थ के खिलाफ पिछले तीन दिनों से शहरी क्षेत्र में जांच अभियान चलाया जा रहा है, जो होली तक जारी रहेगा। अनुमंडल दंडाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में संबंधित थाना क्षेत्र के सहयोग से शहर के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट एवं मिठाई दुकानों में निरीक्षण कर सैंपल जांच की गई।



टीम ने मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के साथ तीन दिनों में विभिन्न मिठाई दुकानों, रेस्टोरेंट आदि में कुल 168 फूड सैंपल की जांच की। टीम ने डंगराटोली, लालपुर क्षेत्र के विभिन्न मिठाई दुकानों एवं रेस्टोरेंट की जांच की। साथ ही, रिम्स, कचहरी रोड, मेन रोड और कांके रोड के मिठाई दुकानों एवं रेस्टोरेंट के सैंपल की जांच की गई।


इस दौरान जांच में फेल हुए खाद्य सामग्री को नष्ट किया गया। साथ ही, संबंधित प्रतिष्ठान को नोटिस भी जारी किया गया। टीम ने एक्सपायरी डेट को लेकर 90 फूड पैकेट का भौतिक निरीक्षण भी किया गया।

**▸ इन्हें दिया गया नोटिस :**

द होटल कैफे, फ्लेम्स, द पिपरी, क्विक बाइट, चिकन प्लाजा, सेकंड वाइफ रेस्टोरेंट, अमरीक होटल, गुप्ता भोजनालय, आशीर्वाद होटल, द ग्रेट इंडियन कैफे, ला पीनोज पिज्जा, कुप्पूस्वामी और मुंडा होटल।

## एक नजर

### नेहरू कला केंद्र में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**रांची।** जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र में मेकॉन कॉलोनी, श्यामली रांची के कला साधकों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। रंग-गुलाल के साथ ही सुर, ताल, राग-रागिनी से कलाकारों ने समारोह को जीवंत कर दिया। कला केंद्र की प्राचार्य लिली मुखर्जी ने कहा कि होली महापर्व आपसी भाईचारा और समरसता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार भक्त प्रहलाद की ईश्वर के प्रति अनन्य भक्ति और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यहां के छात्र-छात्राओं ने रवींद्र संगीत, सिंथेसाइजर, बांसुरी, तबला वादन और ओडिसी नृत्य, कत्थक नृत्य सहित कई अन्य विधाओं में प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

### भाकपा ने शहादत दिवस पर दी भगत सिंह को श्रद्धांजलि

**रांची।** भाकपा ने शनिवार को राज्य कार्यालय में शहादत दिवस पर भगत सिंह को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान राजगुरु और सुखदेव को भी श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश का लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है।

गरीब,गरीब और अमीर, अमीर बनता जा रहा है। यह सरकार की जन विरोधी नीतियों का परिणाम है। इसीलिए भगत सिंह के सपनों का भारत बनाने के लिए लिए हम सब युवा मिलकर संघर्ष को तेज करें। जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के रक्षा और सविधान बचाने के लिए देश के युवा भगत सिंह के रास्ते पर चलें, तभी देश विकास की ओर अग्रसर होगा। श्रद्धांजलि सभा में राजद प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, भारतीय खेत मजदूर यूनियन के इम्तियाज खान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका पर टॉक शो आयोजित

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्वयंसेवकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को बताने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अभिजीत डे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित सभी स्वयंसेवकों को समाज की सांस्कृतिक मूल्यों का महत्व बताया और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपस्थित बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर ने कहा कि अगर समाज में कुछ बदलाव करना है तो खुद को अलग दिखाना चाहिए और सरल कार्य को भी नये ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चित्रकारी, पेंटिंग, लेख व कविता प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**मौके पर सेवा सदन में निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेवा सदन परिवार की ओर से चित्रकांन, पेन्टिंग, लेख व कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मालूम हो कि इस बार विश्व स्वास्थ्य दिवस सात अप्रैल (रविवार) को मनाया जा रहा है, इस वर्ष का थीम है माई हेल्थ-माई राईट। यह प्रतियोगिता आपको अपनी कला निखारने का न सिर्फ अवसर प्रदान करेगा आपको सुकून देगा और आपके जीवन में होली में रंग भरेगा। इससे सेवा सदन परिवार को प्रसन्नता मिलेगी। प्रतिभागी अपनी रुचिनुसार चित्र, पेन्टिंग, लेख या कविता पांच अप्रैल शाम पांच बजे तक सेवा सदन सचिव कार्यालय में अवश्य जमा कर दें। इस प्रतियोगिता में सेवा सदन के चिकित्सक, सभी कर्मचारी, उनके परिवार के लोग व आमजन भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में कोई आयु सीमा नहीं है। अन्य जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9835328456 पर संपर्क कर सकते हैं। उत्कृष्ट प्रविष्टियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा।निशुल्क वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर सेवा सदन परिसर में इस विश्न स्वास्थ्य दिवस पर वृहद निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा।

इस शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर सेवा देंगे। इसमें हृदय, हड्डी, महिला, आंख, शिशु व अन्य रोग से संबंधित चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर सभी रोगियों को पैथोलॉजी जांच में 20 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जाएगी।

## संत जेवियर्स कॉलेज में वॉल ऑफ फेम का अनावरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के अंग्रेजी विभाग में वॉल ऑफ फेम का अनावरण किया गया। साथ ही, विभाग के साहित्यिक क्रिया-कलापों के प्रदर्शनी के लिए समर्पित बोर्ड का भी अनावरण किया गया।

अनावरण समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थियों में सृजनात्मक शक्तियों की कमी नहीं है और महाविद्यालय प्रबंधन उनकी इस शक्ति को निखारने के लिए हर संभव प्रयास एवं व्यवस्था करने को तत्पर है। उप प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर ने नारी शक्ति को समर्पित कलाकृतियों को सराहते हुए कहा कि महाविद्यालय प्रबंधन महिला सशक्तिकरण को व्यापक मंच देने को तत्पर है। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनामतक शक्ति को भी सराहा। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ जूही होरो सहित अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापकगण व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आर्ट इंटीग्रेटेड एग्जिबिशन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए शनिवार को एक आर्ट इंटीग्रेटेड प्रदर्शनी 'कैलिडोस्कोप' का आयोजन किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने पाठ्यक्रम को एक श्रृंखला में प्रदर्शित किया, जो कला के साथ एकीकृत था।

विद्यार्थियों ने मिट्टी, कागज, प्लास्टिक और जूट बैग से बनी शिल्प वस्तुओं का भी प्रदर्शन किया। सोहराई, मधुबनी और डोकरा जैसे पारंपरिक कला रूपों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली पेंटिंग भी प्रदर्शित की गई। विभिन्न अनुभवजनित शैक्षणिक यात्राओं पर आधारित परियोजनाओं को भी प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रस्तुत किया। आकर्षण का मुख्य बिंदु लाइव पेंटिंग काउंटर था, जिसने सबसे अधिक भीड़ अपनी ओर खींचा। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की रचनात्मकता, कड़ी मेहनत और उत्साह की सराहना की। उन्होंने बच्चों को इस तरह की 'करके सीखने' वाली परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 में बरती गई है अनियमितता : अभिषेक शुक्ला

**छात्र आजसू ने पत्र लिखकर राज्यपाल को दी जानकारी**

**रांची विश्वविद्यालय प्रशासन पर कार्रवाई की मांग की**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शनिवार को राजभवन को पत्र लिखकर पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 में बरती गई अनियमितता एवं यूजी सेमेस्टर 4 के छात्र-छात्राओं के परीक्षाफल प्रकाशन में गड़बड़ी से संबंधित पूरे घटनाक्रम की जानकारी राजभवन को दी।

मौके पर मौजूद छात्र आजसू की रांची विवि इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि दिसंबर में रांची विश्वविद्यालय द्वारा जो एचडी के लिए प्रवेश परीक्षा कराई गई थी, उसमें बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए जो एडमिट कार्ड जारी किया गया, उसमें सभी परीक्षार्थियों का कैटेगरी जनरल था। एडमिट कार्ड पर न परीक्षार्थी का फोटो था, न अटेंडेंस शीट में परीक्षार्थी का फोटो लगा हुआ था। वाणिज्य विभाग के सभी प्रश्न वर्ष 2016 से हूबहू मिल रहे हैं। पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 का बुकलेट आंसरशीट की कार्बन कॉपी भी परीक्षार्थी को उपलब्ध नहीं कराई गई, ना ही इसपर आपत्ति दर्ज करने का मौका दिया गया। पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 का मेरिट लिस्ट कैटेगरी वाइज जारी नहीं किया गया है। वहीं, पिछले महीने रांची विश्वविद्यालय द्वारा यूजी सेमेस्टर 4 सत्र 21-24 का परीक्षा परिणाम जारी किया गया, जिसमें लगभग 70 से 75 प्रतिशत छात्र-छात्रा फेल या प्रमोटेड हैं। इस मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन और महाविद्यालय प्रशासन एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। सेमेस्टर 4 के छात्र छात्राओं की उत्तर पुस्तिका की जांच पुनः करवाने की मांग की गई है। अभिषेक शुक्ला ने राज्यपाल सह कुलाधिपति से हस्तक्षेप कर गहन जांच करवाने और दोषियों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।




## पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में आरएसएस के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने कहा

# मंदिर है समाज को जोड़कर रखने का केंद्र

**महिला मंदिर से जुड़ती हैं, तो पूरा परिवार होता है संस्कारी**

**मंदिर पूजा-अनुष्ठान के अलावे शिक्षा व सेवा का केंद्र भी बने**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंदिर समाज को जोड़कर रखने का केंद्र है। यहां न केवल व्यक्तित्व निर्माण होता है, बल्कि समाज की समस्याओं का समाधान और समाज की जरूरत की पूर्ति भी होती है। इसलिए देश के प्रत्येक मंदिर को पूजा-अनुष्ठान संचालित करने के साथ-साथ संस्कार निर्माण तथा शिक्षा और सेवा का केंद्र भी बनना चाहिए।



ये विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिला के मंदिर से जुड़ने और वहां आने-जाने से पूरा परिवार संस्कारी बनता है। नई पीढ़ी में अध्यात्म भाव और संस्कार सुदृढ़ हो, इसके लिए बच्चों को कम उम्र से ही समय-समय पर मंदिर ले जाने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चेन्नई स्थित शंकर नेत्रालय की व्यवस्था दक्षिण भारत के चार मठों के चढ़ावे से चलती है। इसी प्रकार पटना स्थित प्रसिद्ध महावीर कैंसर संस्थान की व्यवस्था मुख्यतः पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर ट्रस्ट की ओर से होती है।

प्रांत प्रचारक ने कहा कि राम हमारे देश के आदर्श हैं। पुत्र, भाई, पति, मित्र और राजा - सब रूपों में वह आदर्श हैं। राम एक चरित्र, एक जीवन, एक संस्कार और एक त्याग का नाम है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों ने देश के 5 लाख 58 हजार गांवों से सहयोग राशि एकत्रित की और यह सहयोग राशि जुटाने का दुनिया का सबसे बड़ा अभियान साबित हुआ। राम मंदिर न्यास की तरफ से अब गोशाला, संग्रहालय, धर्मशाला, संस्कार निर्माण केंद्र, शिक्षण संस्थान आदि कई प्रकल्प चलाए जाएंगे।

इस अवसर पर राष्ट्र संवर्धन समिति के कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार जालान, पशुपतिनाथ टेंपल मैनेजमेंट समिति के अध्यक्ष डॉ रामदेव प्रसाद गुप्त, सचिव डॉ अखिलेश कुमार सिंह तथा कार्यक्रम संयोजक पंकज वत्सल ने भी अपने विचार रखे। संचालन बीएयू की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नंदनी कुमारी ने किया।

इस अवसर पर मंदिर समिति के आनंद कुमार सिंह, रवि अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आचार्य सुनील कुमार पांडेय, जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्र संयोजक (बिहार-झारखंड) संदीप उरांव, रांची जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, हरियाणा संघ के अध्यक्ष अरुण शर्मा, डॉ आलोक पांडेय, सिद्धार्थ जायसवाल, डॉ अरविंद कुमार सिंह, डॉ सुशील कुमार पांडेय, डॉ श्रीकांत सिंह, राजीव रंजन झा, फागू गाड़ी, मृत्युंजय कुमार सिंह, सोनू तिवारी, बंशी रविदास, जेपी मिश्र, डॉ विनोद गुप्ता, गंगा प्रसाद साहू, करिश्मा गाड़ी, सत्येंद्र कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, रविदास महासभा के सचिव राजेंद्र कुमार राम, हीरा मोहन महली, दिलीप उरांव, महावीर नायक सहित सौ से अधिक लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### केंद्रीय भूमि जल बोर्ड ने किया भूजल प्रबंधन पर सेमिनार का आयोजन

**रांची।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, राज्य एकक कार्यालय, रांची ने संत जेवियर्स कॉलेज में 'स्थानीय भू-जल मुद्दा और भू-जल प्रबंधन : समस्या एवं समाधान' विषय पर एक दिवसीय टियर-थ्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमे संत जेवियर्स कॉलेज रांची के 61 छात्र और 36 छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेव्ह फादर डॉ नबोर लकड़ा, एसजे, प्राचार्य, सम्मानित अतिथि रेव्ह फादर डॉ रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे, उप प्राचार्य, सम्मानित अतिथि डॉ जयंत सिन्हा, विभागाध्यक्ष, भूविज्ञान विभाग के संकाय सदस्य थे। विश्व जल दिवस के मौके पर शपथ भी ली गई। मौके पर केंद्रीय भूजल बोर्ड, राज्य एकक कार्यालय, रांची से रोज अनिता कुजूर, प्रभारी अधिकारी, सुलेखा भाया वैज्ञानिक, अनुकरण कुजूर, अतुल बेक, सपना साक्षी वैज्ञानिक उपस्थित थे। तकनीकी सत्र के दौरान हाइड्रो-जियोलॉजी, भूजल विकास और प्रबंधन, वर्षा जल संचयन और कृत्रिम पुनर्भरण की मूल बातों पर चर्चा हुई। हजारीबाग जिले में नेक्यूम गतिविधियों पर भी जानकारी प्रदान की गई और अब तक एकत्रित निष्कर्षों को साझा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान हैंड्स ऑन भी कराया गया। प्रशिक्षु जल संरक्षण और भूजल संबंधी मुद्दों के बारे में जानने के काफी इच्छुक थे। कार्यक्रम एक सार्थक इंटरैक्टिव फीडबैक सत्र के साथ संपन्न हुआ, जिससे प्रतिभागियों के बीच उपयोगी आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला।

### ब्रह्मर्षि समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**रांची।** ब्रह्मर्षि समाज बरियातू ने शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें जमकर अबीर और गुलाल उड़े। कार्यक्रम में शामिल सैकड़ों लोगो ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। ब्रह्मर्षि समाज के अलावा भी लोग भी इस आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम में रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ, सांसद आदित्य साहू, हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ सुमन जी, कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय, भाजपा नेता सुबोध सिंह गुड्डू, विधायक सीपी सिंह, विधायक समरीलाल, रंजन सिंह, अनिल सिंह, नवल किशोर सिंह, शिव कुमार सिंह, उमेश राय सहित कई लोग मौजूद थे। ब्रह्मर्षि समाज के लोग होली के पारंपरिक गीतो पर झूमते दिखे।

### चुटिया में ऐतिहासिक फग डोल जतरा 26 को

**रांची।** होली पर ऐतिहासिक फग डोल जतरा 26 मार्च को दोपहर दो बजे से अपर चुटिया स्थित श्रीराम मंदिर डोल जतरा मैदान में आयोजित किया गया है। संरक्षक विजय कुमार साहु ने शनिवार को बताया कि परंपरा अनुसार होलिका दहन अन्य स्थानों से एक दिन पूर्व 23 मार्च को रात 10 बजे जतरा मैदान में की जाएगी।

### आरपीएफ ने शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने होली के मद्देनजर लगातार अभियान चला रहा है। गिरफ्तार आरोपी का नाम चंदन कुमार बताया गया है। वह बिहार के हिलसा का रहने वाला है। इसके पास से 29 बोतल शराब बरामद किया गया है। बरामद शराब की कीमत 26 हजार 600 रुपये बताया गया।

### तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

**रांची।** नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन के लिए झारखंड के एकेडेमिक डेवलपमेंट कॉलेज प्राचार्यों की तीन दिवसीय कार्यशाला शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह कार्यशाला नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, झारखंड सरकार के तत्वावधान में हुई।



रांची विश्वविद्यालय इसकी मेजबानी कर रही है। कार्यशाला के समापन के मुख्य अतिथि डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय थे। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि प्रो रंजीत कुमार सिंह, जॉइंट डायरेक्टर, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन झारखंड सरकार थे। कार्यशाला में प्रो कुमार सुरेश, डायरेक्टर एनईआईपीए, प्रो सुधांशु भूषण, एनईआईपीए एवं प्रो एके सिंह, एनईआईपीए उपस्थित थे। डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय, ने बताया कि रांची विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष एक हजार पीएचडी अवार्ड करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस दरमियान किए गए शोध कार्यों को विराम ना देकर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। कार्यक्रम को विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। प्रो कुमार सुरेश ने नई ग्रेडेशन प्रणाली को लागू करने के संबंध में प्रकाश डाला। प्रोफेसर सुधांशु भूषण ने बहु-विषयक और अंतर-विषयक अनुसंधान पर चर्चा की और बताया कि छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए इन्हें कैसे जोड़ा जा सकता है। प्रो एके सिंह ने वर्तमान में समुदाय आधारित शोध पर जोर दिया। कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कई प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अतिथियों का स्वागत डॉ विभा पांडे, डिप्टी डायरेक्टर, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन, झारखंड ने किया एवं कार्यशाला का प्रतिवेदन प्रो बीके सिन्हा ने दिया। कार्यक्रम के अंत में सर्टिफिकेट वितरण किया गया एवं प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। कार्यशाला का समापन डॉ राज कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

### केंद्रीय भूमि जल बोर्ड ने किया राजभाषा हिंदी पर कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड एवं राज्य एकक कार्यालय रांची के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राजभाषा अधिनियम, नियम, नीति और कार्यालय में इसका प्रयोग विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ केंद्रीय राजस्व विभाग के सहायक निदेशक (राजभाषा) डॉ सूर्यकांत सामल, राज्य एकक कार्यालय प्रभारी अधिकारी रोज अनीता कुजूर, कार्यपालक अभियंता एससी प्रसाद तथा सहायक कार्यपालक अभियंता जीएस सेनापति ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सूर्यकांत सामल ने कहा कि राजभाषा हिंदी के क्रियान्वयन के लिए राजभाषा अधिनियम, भाषा, नीति विषयक, संसदीय संकल्पनाएं, राजभाषा नियम आदि के साथ-साथ राजभाषा विभाग भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अनेक आदेश जारी किए जाते हैं। हर वर्ष राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हिंदी के प्रयोग से संबंधित लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं। इस अवसर पर टुन्नू ठाकुर ,सपना साक्षी, शिवसेवक पाठक, पवन कुमार दीपक, राजेश कुमार, विवेक कुमार सहित दर्जनों अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन कार्यपालक अभियंता एससी प्रसाद ने किया।

### स्प्रिंग कैंप में बच्चों ने मचाया धमाल

**रांची।** जेसीआई यूथ और लिटिल एंजल के संयुक्त तत्वाधान में पिछले 3 दिनों से चल रहे स्प्रिंग कैंप का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्प्रिंग कैंप में डांसिंग, ड्रामा, प्रिंटिंग आर्ट एंड क्राफ्ट तथा गेम्स आदि सिखाए गए। संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल बताया कि समापन अवसर पर बच्चों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों के साथ फूलों की होली खेली गई। उन्होंने कहा कि समापन मौके पर प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यह उनके विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कैंप में बच्चों ने जो सीखा उसका बखूबी प्रदर्शन किया। कैंप में बच्चों को बताया गया कि कैसे वह पढ़ाई के साथ-साथ अपनी पसंद के गेम में अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य संध्या बागला ने बच्चों को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के लिए तो हम अपनी पाठ्य पुस्तकों से पूरे वर्ष शिक्षा प्राप्त करते ही है, लेकिन इसके अतिरिक्त भी हमारे जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर कुछ हटकर भी अनेक गतिविधियां और क्रियाकलाप अत्यंत उपयोगी हो सकते हैं।

# सोरेन परिवार की होली इस बार हर मायने में अलग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सोरेन परिवार और पार्टी से नाता तोड़कर शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन भगवा रंग में रंग चुकी हैं। अब भाजपाई हो चुकी हैं। इनके लिए इस बार की होली बेहद खास हो गई है। उन्होंने उस दहलीज को लांघा है, जिसकी हिमाकत आज तक परिवार का कोई सदस्य नहीं कर पाया। कल तक जिनके आंगन में रंग-गुलाल उड़ाने और सेल्फी लेने वालों का तांता लगा रहता था, वहां सन्नाटा पसरा है। पहली बार कल्पना सोरेन की होली फीकी होगी। पहली बार इस त्योहार में उनके साथ पति हेमंत सोरेन नहीं होंगे। पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन बड़ी संख्या में महिलाएं कल्पना सोरेन से मिलने गईं थी। उनके आवास पर सभी ने एक दूसरों को गुलाल लगाया था लेकिन कल्पना सोरेन रंग से दूर रहीं। महिलाओं के साथ मुस्कुराती तस्वीर साझा करते हुए एक्स पर अपने मन की बात लिखी। उनका संदेश था कि नारी तू अबला नहीं, स्वयं को पहचान, अपने हक को लड़ स्वयं, तब होगा उत्थान। अब वह लड़ रही हैं। लैंड स्कैम मामले में हेमंत सोरेन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में हैं। उनके जीवन की यह पहली होली होगी, जब वह अपनों से दूर होंगे। क्योंकि, जेल मैन्युअल के हिसाब से केंद्रीय कारा में कैदियों के लिए हर त्योहार को मनाने की अलग से व्यवस्था होती है। विशेष भोजन का भी ख्याल रखा जाता है ताकि घर परिवार को कोई मिस ना करे। इसमें कोई शक नहीं कि हेमंत सोरेन की छवि एक मिलनसार नेता के रूप में है। आम लोगों के बीच पिछले साल बजट सत्र के दौरान विधानसभा में आयोजित होली मिलन समारोह की चर्चा है, जब मुख्यमंत्री रहते हेमंत सोरेन ने कहा था कि पूरे वातावरण में खुशहाली का एक माहौल खड़ा हो रहा है। संभव है कि इस बार उनका संदेश उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के जरिए राज्यवासियों तक पहुंचे।

# आंकड़े के लिहाज से कल्पना के लिए गांडेय की राह नहीं है आसान, एनडीए का पलड़ा भी भारी

**उपेंद्र गुप्ता**

**रांची।** कोडरमा लोकसभा के गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ही लड़ेगी, यह लगभग तय माना जा रहा है,भले ही अभी अधिकृत रूप से इसकी घोषणा नहीं की गई है, लेकिन कल्पना सोरेन जिस तरह गांडेय विधानसभा में सक्रिय हुई है, उससे किन्तु-परन्तु फिलहाल नजर नहीं रहा है। गांडेय विधानसभा में उपचुनाव के लिए 20 मई को मतदान होगा। कल्पना सोरेन के लिए गांडेय सीट से सरफराज अहमद को इस्तीफा दिलाया गया था, और अब उन्हें राज्यसभा भेज कर उपचुनाव की कमान सौंप दी गई है। लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि खुद सरफराज अहमद बड़ी मुश्किल से 9 हजार वोट से जीते थे, क्या वे इस बार कल्पना को भारी मतों से जीत दर्ज कराने में सफल नहीं होंगे। दरअसल कल्पना के लिए गांडेय की राह जितनी आसान दिख रही है, वह उतनी आसान है नहीं। इसे आंकड़े से समझा जा सकता है।





**झामुमो का गढ़ रहा है गांडेय**

गांडेय विधानसभा सामान्य सीट होने के बावजूद झामुमो का गढ़ रहा है। इस सीट से झामुमो ने 1985, 1990, 2000, 2005 और 2019 में पांच बार जीत दर्ज की है । इस सीट से डॉ सरफराज अहमद दो बार चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंचे हैं। पहली बार 1980 में कांग्रेस के टिकट पर इन्होंने चुनाव जीता है, जबकि वर्ष 2019 में झामुमो से विजयी होकर विधानसभा पहुंचे थे। मुस्लिम और आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण झामुमो के लिए यह सीट सबसे सुरक्षित मानी जाती है। सामान्य होने के बावजूद झामुमो के आदिवासी नेता सालखन सोरेन चार बार झामुमो का परचम लहरा चुके हैं, यही कारण है कि कल्पना सोरेन के लिए सरफराज अहमद से यह सीट खाली कराई गई और सरफराज को राज्यसभा भेजा गया। झामुमो किसी भी सूरत में दूसरे सीट से रिस्क नहीं लेना चाहता है।

**एकजुटता के कारण पलड़ा भारी है एनडीए का**

2019 के विधानसभा चुनाव में एनडीए का कुनबा पूरी विखरा हुआ था, आजसू और तब बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा भी चुनाव मैदान में उतरी थी, लेकिन इस बार स्थिति बिल्कुल अलग है, बाबूलाल की पार्टी का विलय भाजपा में हो चुका है और बाबूलाल खुद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं आजसू भी एनडीए में फिर से शामिल हो चुका है। ऐसे में गांडेय में एनडीए पिछली बार की तुलना में काफी मजबूत है।

2019 में झामुमो प्रत्याशी सरफराज अहमद को करीब 65 हजार वोट मिले थे, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 56 हजार, आजसू को 15 हजार और बाबूलाल मरांडी की पार्टी जेवीएम को करीब 9 हजार वोट हासिल हुआ था। आजसू और जेवीएम वोट को मिला दे, तो करीब 25 वोट हजार होता है, इस आंकड़े के लिहाज से एनडीए इंडिया गठबंधन से मजबूत दिख रही है। पिछली बार वाम दल को 7 हजार और ओवैशी की पार्टी को 6 हजार वोट मिला था। इसे भी जोड़-घटाव कर ले तो भी एनडीए का पलड़ा भारी दिखता है।

**सहानुभूति वोट के सहारे कल्पना**

पिछली बार 2019 के विधानसभा चुनाव में जहां एकतरफ रघुवर दास सरकार के खिलाफ भारी नाराजगी थी और हेमंत है तो हिम्मत है के नारों से परिस्थिति अलग थी, लेकिन विपक्ष इस बार हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार को मुख्य चुनावी मुद्दा बनेगा। कल्पना सोरेन जहां अपने पति हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजने को मुद्दा बानाकर सहानुभूति वोट बटोरना चाहेगी, वहीं एनडीए हेमंत सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार के मुद्दे पर झामुमो को घेरने की कोशिश करेगी । दोनों गठबंधन के नेताओं के अपने-अपने दावे हैं, लेकिन जातीय समीकरण और आंकड़े के हिसाब से कल्पना सोरेन के लिए गांडेय की डगर भी आसान नहीं होने वाली है।

## उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिले के सभी अंचलाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपीडीओ और संबंधित चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। डीइओ ने मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) के संबंध में प्रखंडों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों पर शौचालय और स्नानघर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी शौचालय साफ हों और उपयोग योग्य स्थिति में हों। नहाने और शौचालय के लिए पानी की



उपलब्धता, हाथ धोने और अन्य उपयोगों के लिए छोटे साबुन उपलब्ध कराएं।

बाल्टी तथा मग अवश्य रखें। यदि भौतिक शौचालय पर्याप्त न हों तो मोबाइल शौचालय की संभावना तलाशें। पीने का पानी स्वच्छ पेयजल के लिए स्टील के गिलास के साथ मिट्टी के बर्तन (2-3), स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति को पुनः जारी रखें। मतदान कर्मियों को बोतलबंद पानी उपलब्ध कराया जाए तो और भी बेहतर होगा। भोजन तीन बारः सुबह 6-7 बजे नाश्ता, दोपहर 12-1 बजे दोपहर का भोजन, 4-5 बजे चाय-नाश्ता। एमडीएम कर्मचारी उपरोक्त वर्णित अनुसार तीन बार बुनियादी भोजन उपलब्ध कराएं (पेमेंट बेसिस पर खाना दिया जाएगा)। इसके अतिरिक्त, उस पंचायत में भोजन और नाश्ते के लिए एक आपूर्तिकर्ता, दुकान को टैग करें। पोलिंग बूथ के अन्दर उसका नाम और संपर्क नंबर चिपकाएं। मतदान के दिन से पहले ही आपूर्तिकर्ता को भोजन की आवश्यकता के बारे में सूचित करें। मतदान दल के जरिये आपूर्तिकर्ता को भुगतान किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि हर मतदान बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहेगी। खास करके संवेदनशील बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल मतदान केंद्रों में तैनात रहेंगे।

## देश में निष्पक्ष चुनाव के लिए राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट करें हस्तक्षेप : सुप्रीयो भट्टाचार्य

### चुनाव आयोग धड़ाधड़ राज्यों के डीजीपी और गृह सचिव को हटा रही है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार पर एक बार फिर हमला करते हे कहा कि मोदी सरकार देश में चुनाव को एकतरफा करना चाहती है,इसलिए हेमंत सोरेन को राजभवन से और अरविंद केजरीवाल को सीएम हाउस से गिरफ्तार कर रही है। इस मामले में राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट को खुद संज्ञान लेना चाहिए। जिससे देश में निष्पक्ष चुनाव हो सकें। इसके लिए सभी को बराबर का मौका मिलना चाहिए। झामुमो नेता ने कहा कि पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग धड़ाधड़ राज्यों के डीजीपी और गृह सचिव को हटा रही है। ईडी और सीबीआई वाले



खुद पुलिसिंग का काम कर रहे हैं। झामुमो नेता ने कहा कि रांची में जिस भुइहरी जमीन के मामले में हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया, समें कहीं से मनी ट्रेडिंग नहीं हुई है, सी तरह से दिल्ली में शराब घोटाले में भी मनी ट्रेडिंग का मामला नहीं है, कहीं एक रूपया भी बरामद नहीं हा है, सके बावजूद दोनों मुख्यमंत्री को जेल भेजा गया है, एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के साथ स तरह कार्रवाई उचित नहीं है। जबकि इलेक्ट्रॉल बॉड में करोड़ों का लेन-देन का मामला सामने रहा हैष स पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की भी मौजूद थे।

## जमशेदपुर में ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की टेल्को थाना पुलिस ने शनिवार को मिलेनियम पार्क के नजदीक ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपितों के पास से 25 पुड़िया ब्राउन शुगर और एक बाइक सहित अन्य समान बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपित में गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित न्यू बस्ती घोड़ाबंधा निवासी संजय गोराई और बिरसानगर थाना क्षेत्र स्थित ज्ञानदीप स्कूल के नजदीक रहने वाला राजेश तंतुबाई शामिल हैं। पुलिस के अनुसार बीते शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली थी कि टेल्को थाना क्षेत्र के मिलेनियम पार्क के समीप साई मंदिर के पास दो लड़के ब्राउन शुगर की ब्रिकी कर रहे हैं। सूचना पर छापेमारी दल मौके पर पहुंची और संजय गोराई एवं राजेश तंतुबाई को 25 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा।

## केंद्रीय शांति समिति की बैठक में रैश ड्राइविंग पर रोक लगाने की मांग

# होली और रमजान के कार्यक्रमों में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

होली को लेकर शनिवार को केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। रांची समाहरणालय ब्लॉक बी स्थित कमरा संख्या- 307 में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक, शहर सह ग्रामीण सुमित कुमार अग्रवाल, अपर जिला दंडाधिकारी, रांची राजेश्वरनाथ आलोक, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार, संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं विभिन्न शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाने की बात कही गयी। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने रमजान के दौरान होलिका दहन एवं होली सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की बात कही। समिति के सदस्यों द्वारा शराब दुकानें बंद रखने, आपराधिक प्रवृति के लोगों पर कार्रवाई करने, रैश ड्राइविंग



पर लगाम लगाने सहित कई बातें रखी गयी।

**▶▶ रांची की सांस्कृतिक विरासत बहुत अच्छी : एसएसपी**

वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बैठक में कहा कि रांची की सांस्कृतिक विरासत काफी अच्छी है। उन्होंने कहा कि हमेशा से रांची में भाईचारे के साथ अच्छे वातावरण में त्योहार संपन्न होते हैं, इस बार भी सभी के सहयोग से त्योहार संपन्न होगा। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी तरह की आपराधिक गतिविधि की जानकारी ससमय पुलिस को दीजिये, अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर सह ग्रामीण सुमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों की ओर से जिन बिन्दुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया है उस पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि रैश ड्राइविंग पर लगाम लगाने के लिए चेकनाका की संख्या बढ़ायी जायेगी। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के साथ पेट्रोलिंग की भी व्यवस्था होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तय मानक के अनुसार डीजे का उपयोग करें, विवादित गाने न बजायें, आदेश की अवहेलना करने पर डीजे जब्त कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक में अनुमण्डल दण्डाधिकारी रांची सदर उत्कर्ष कुमार ने कहा कि जरुरत पड़ने पर शांति समिति के सदस्य हमेशा उपस्थित रहते हैं, आपके जज्बे को सलाम। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है, इस बात का ध्यान रखें कि होली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आदर्श आचार संहिता की अवहेलना न हो।

अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा शांति समिति के सभी सदस्यों को पर्व के दौरान सचेत रहने को कहा गया, उन्होंने कहा कि किसी भी मामले को बढ़ने से फौरन रोकें। ऐसा पहली बार नहीं है जब हमने एक साथ कई त्यौहार मनाया है, इस बार भी मिलकर त्योहार मनायें।

## मोदी को विकसित भारत बनाने की चिंता और विपक्ष को मोदी को हटाने की : मरांडी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मिलन कार्यक्रम आयोजितरांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष लोजपा युवा मोर्चा और अंबेडकर जन संघर्ष मोर्चा, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम और पूर्व आईजी देव बिहारी शर्मा को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने 8980808080 टोल फ्री नंबर पर पार्टी की विधिवत सदस्यता दिलाई। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस-झामुमो-राजद के महागठबंधन पर बड़ा हमला बोला। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विकसित भारत, आत्म निर्भर भारत स्वाभिमानी भारत बनाने की चिंता है। प्रधानमंत्री मोदी पिछले 10 वर्षों से एक दिन भी बिना छुट्टी लिए राष्ट्र सेवा, गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी के कल्याण के लिए जुटे हैं। आज भारत का स्वाभिमान-सम्मान दुनिया में बढ़ा है लेकिन यह विकास और गरीबों का उत्थान विपक्ष को बर्दाश्त नहीं।मरांडी ने कहा कि जिन्होंने वर्षों तक भ्रष्टाचार किया उन्हें ईमानदार देश सेवक सहन नहीं। इसलिए आज सारे भ्रष्टाचारी एकजुट हो रहे। उन्होंने आह्वान किया कि अपने बूथ पर भाजपा को बहुमत दिलाएं। जनता के आशीर्वाद और कार्यकताओं के परिश्रम से तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा होगा। झारखंड की 14 लोकसभा सीट एवं देश में 400 का आंकड़ा पार होगा। रंजीत राम ने कहा कि नरेन्द्र मोदी पर देश को ही नहीं दुनिया को भरोसा है। उन्होंने पार्टी की सदस्यता दिलाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आभार प्रकट किया।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा ने मांगी अग्रिम जमानत

**रांची ।** रांची सिविल कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा ने अग्रिम जमानत के लिए गुहार लगायी है। राजेश कोड़ा ने अधिवक्ता जयशंकर तिवारी के माध्यम से शनिवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर रांची सिविल कोर्ट में एक अप्रैल को सुनवाई होगी।



राजेश कोड़ा पर इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भरने का आरोप है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की शिकायत के अनुसार राजेश कोड़ा ने वर्ष 2004 से 2010 तक इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भरा है। इससे पहले इनकम टैक्स रिटर्न से जुड़े केस में मधु कोड़ा की पत्नी और भाजपा में शामिल हो चुकी सांसद गीता कोड़ा ने भी जमानत अर्जी दाखिल की थी। दोनों को कोर्ट से बेल मिल चुकी है।

### हटिया विधानसभा क्षेत्र के 11 मतदान केन्द्रों के भवनों के नाम परिवर्तित

**रांची।** हटिया विधानसभा क्षेत्र के 11 मतदान केन्द्रों के भवनों के नाम परिवर्तित किये गये हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को मतदान केन्द्रों के भवनों के नाम परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 64-हटिया सह अपर जिला दण्डाधिकारी



(विधि-व्यवस्था) की ओर से कुल 11 मतदान केन्द्रों के भवनों के नाम परिवर्तित हो जाने के कारण नाम परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव जिला निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराया गया था। इस पर निवार्ची पदाधिकारी के हस्तपुस्तिका के कंडिका 2.11 के अनुसार स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी,सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 64-हटिया को परिवर्तित मतदान केन्द्र क्षेत्र में बीएलओ, सुपरवाइजर एवं अन्य माध्यमों से आम जनता के बीच प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। साथ ही सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य दलों के जरिये बीएलओ एवं अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध भी किया गया है।

### पूर्व विधायक पर हमले के मामले में एक और आरोपित के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व विधायक गुरचरण नायक पर हुए हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को एक और आरोपित के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। सीपीआई (माओवादी) कैडरों द्वारा किए गए इस हमले दो पुलिस कर्मियों की भी मौत हुई थी। एनआईए की विशेष अदालत रांची के समक्ष अपने




इस पूरक आरोप पत्र में जांच एजेंसी ने आरोपित मोने तियू पर आईपीसी, यूए (पी) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं। मामला 4 जनवरी 2022 का है। पश्चिम सिंहभूम जिले के हाई स्कूल झिलुरूआ में पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हुए हमले के संबंध में एनआईए द्वारा पहले दिसंबर 2022 में चौदह लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था। इसके बाद मई 2023 में दूसरे पूरक आरोप पत्र में दो लोगों को आरोपित किया गया था। एनआईए के प्रवक्ता के मुताबिक, यह आरोप पत्र प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) आतंकवादी समूह के दो सशस्त्र कैडर तिवारी बांकीरा उर्फ शाका (25) और सदन कोरह उर्फ साजन (20) के खिलाफ किया गया था।

### झारखंड हाई कोर्ट में मिनरल्स ट्रांसपोर्टेशन के मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में मिनरल्स के ट्रांसपोर्टेशन में लगे वाहनों एवं उनपर लदे सामानों को जब्त कर कार्यवाही चलाने और वाहन को नीलाम करने (राज्य सात्करण करने) का अधिकार उपायुक्तों के पास है या अदालत के पास है, इसपर सभी पक्षों की सुनवाई शनिवार को पूरी हो गई। इसके बाद हाई कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले को लेकर जटाशंकर झा सहित 11 याचिकाएं हाई कोर्ट में दाखिल की गई हैं। याचिकाकर्ता ने झारखंड माइनर मिनरल ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल 2017 के रूल 11 (श) को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकताओं का कहना है कि उक्त रूल सेक्शन 21 (4 ए) माइंस एंड मिनरल (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट 1957 की विरुद्ध है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड माइनर मिनरल ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल 2017 के तहत मिनरल्स के ट्रांसपोर्टेशन में लगे वाहनों एवं उनपर लदे सामानों को जब्त कर नीलाम करने का अधिकार उपायुक्तों के पास है लेकिन सेक्शन 21 (4 ए) माइंस एंड मिनरल (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट 1957 में यह अधिकार अदालत के पास है। इसलिए मिनरल ट्रांसपोर्टेशन के कार्य में लगे वाहनों और उसपर लदे सामानों को जब्त करने, कार्यवाही चलाने एवं नीलाम करने का अधिकार उपायुक्तों के पास नहीं है, यह अधिकार अदालत के पास है।

### झारखंड हाई कोर्ट ने छात्रा के साथ गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की छात्रा के साथ गैंगरेप मामले के सजायाफ्ता राजन उरांव की क्रिमिनल अपील की सुनवाई शनिवार को हुई। राजन उरांव की ओर से सजा को निलंबित रखते हुए जमानत देने का आग्रह कोर्ट से किया गया था। कोर्ट ने राजन उरांव की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में कोर्ट नौ अप्रैल को अपना आदेश सुनाएगी। रांची की एक फास्ट ट्रैक अदालत ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एनएलयू) की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कानून की छात्रा के साथ 26 नवंबर, 2019 को एक किशोर सहित 12 लोगों ने उस वक्त गैंगरेप किया था जब वह कॉलेज परिसर से लगभग 2.5 किमी दूर कांके शहर के संग्रामपुर इलाके में एक शेड के नीचे एक दोस्त से कॉलेज से लौटने के दौरान बात कर रही थी। इसी दौरान वहां बाइक और कार में सवार नौ युवकों ने छात्रा को जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। बीच-बचाव करने आए छात्रा के दोस्त से मारपीट भी की। इसके बाद आरोपित युवकों ने हथियार दिखाकर छात्रा का अपहरण करके उसे सुनसान जगह पर ले गए और गैंगरेप किया।

### जमीन कारोबारी अफसर अली की जमानत याचिका पर सुनवाई 12 अप्रैल को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर शनिवार को आंशिक सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है।



## एक नजर

### ओबीसी के मुद्दों को घोषणा पत्र में शामिल करें सभी पार्टियां : सुरेश ठाकुर

हजारीबाग। ओबीसी समाज के प्रमुख मुद्दों को राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग को लेकर शुक्रवार को सरदार भगत सिंह के शहीदी दिवस पर सुरेश ठाकुर प्रदेश सचिव राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग झारखंड ने एक दिवसीय उपवास रखा। कहा कि ओबीसी समाज अपने हक और अधिकार के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के नेतृत्व में वर्षों से सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करते आ रही है लेकिन किसी भी राजनीतिक दल या मंत्री के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

### झारखंड हाई स्कूल तिलैया में होली मिलन समारोह का आयोजन



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत स्थित झारखंड हाई स्कूल पंचरुखी तिलैया में शनिवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षिका और बच्चों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बुराई पर अच्छाई का प्रतीक होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया । वहीं विद्यालय निदेशक उमा शंकर सिंह ने इस अवसर पर बच्चो को सभी के साथ आपसी सौहार्द व भाई चारे के साथ होली मानने का संदेश दिया तथा पानी को बर्बाद ना करने एवं गंदगी से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव शंकर सिंह, अशोक यादव, प्रदीप सिंह, पप्पू कुमार,विनय कुमार, महेंद्र हेंब्रम, सुगन्ती कुमारी, संगीता कुमारी समेत सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

### विश्व यक्ष्मा दिवस कार्यक्रम में डीएस सहित स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित

बरही । भारत सरकार के यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया. यह सम्मान विश्व यक्ष्मा दिवस को लेकर हजारीबाग और रांची में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया. जानकारी देते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया जाता है. परंतु होली के कारण इस वर्ष राज्य व जिला मुख्यालय सहित अनुमंडलीय अस्पताल में 22 मार्च को ही आयोजित किया गया. जिसके तहत सीएस ने अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस सहित एलटी विष्णु कुमार, सरैया के सीएचओ उत्तम कुमार रजक व सूरजपुरा की सहिया मंजू देवी को यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया. वही राज्य में आयोजित कार्यक्रम में पड़रिया के सनोवर प्रवीण को सर्वश्रेष्ठ सीएचओ के रूप में सम्मानित किया गया. डॉ ज्ञानी ने बताया लक्ष्मण उन्मूलन कार्यक्रम में अनुमंडलीय अस्पताल में पूरी निष्ठा पूर्वक कार्य किया है.

## सॉफ्टेक में तिलक होली सह स्टूडेंट मीट

# नशामुक्त व हर्बल होली खेलें : जयदीप



**विद्यार्थियों को एक्स्ट्रा टाइम लेकर क्लास करने की बात कही विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव व समस्याएं बताई जिसका तत्काल समाधान किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में तिलक होली सह स्टूडेंट मीट कार्यक्रम आयोजित किए गए. जिसमें मुख्य रूप से केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा, सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी, लैब इंस्ट्रक्टर भोला राम, एसआरसी (आरएनवाईएम) ऑपरेटर नूपुर कुमारी व सोनू कुमार दास सहित केंद्र के दर्जनों छात्र-छात्रा शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरूआत स्टूडेंट मीट प्रोग्राम से हुआ. निदेशक ने उपस्थित विद्यार्थियों थ्योरी व प्रैक्टिकल बेहतर बनाने के कई टिप्स बताएं. साथ ही विद्यार्थियों को एक्स्ट्रा टाइम लेकर क्लास करने की बात कही. विद्यार्थियों ने भी अपनी अनुभव व समस्याओं को बताया जिसे तत्काल समाधान किया गया. स्टूडेंट मीट के बाद तिलक होली का आयोजन किया गया. जिसमे निदेशक ने सभी विद्यार्थियों से नाशाहीन, हर्बल व सुखी होली खेलने की अपील किया. अंत में सबों को गुलाल का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर सहित पुराने विद्यार्थी काजल, सोनाली, अजमेरी, सोनू, रिंकी, जुली, दिलीप, सोएब आदि ने भी अपने अनुभव बताया बताते हुए होली की शुभकामनाएं दी. अंत में पवन, काजल, स्वाति, नयंसी, जस्मीन, रानी, इशरत, प्रीति, सचिन, अमन, रूपेश, दीपक, आशीष, बिटू आदि सहित दर्जनों विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी.

## धूमधाम से मना जिला तैलिक समाज का होली मिलन समारोह

# उत्सवी माहौल में समाज के लोगों ने गीत और नृत्य का लिया आनंद



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग जिला तैलिक समाज का होली मिलन समारोह शनिवार को धूम धाम से दीपूगढ़ा में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात तैलिक समाज के जनक नायक बाबा और दानवीर भामाशाह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद व मंच संचालन महासचिव नारायण साव और कोषाध्यक्ष अजय साव ने किया। माल्यार्पण के पश्चात सभी लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। महिलाएं भी होली के इस समारोह में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ली और एक दूसरे को गुलाल लगाया। गुलाल खेलते खेलते सभी महिला पुरुष ने होली के गीत संजीत का भी लुप्त उठाया। हजारीबाग के प्रसिद्ध कलाकारों ने अपने प्रतिभा से सभी लोगो का मन मोहा। कलाकार गायक कारण पांडेय, डायरेक्टर हंस राज लोहरा, गायक सुधीर पांडेय ने एक से एक होली की गीतो से समाज के लोगो का मन मोहा। गाना सुनते ही समाज के सभी लोग झूम उठे। एक दूसरे का हाथ पकड़कर नृत्य किया और भोजपुरी, बॉलीवुड और नागपुरी के गानों पर खूब थिरकते हुए नजर आए। तैलिक समाज के सभी जिला और प्रखंड के पदाधिकारियों को अध्यक्ष की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### होली को लेकर उपायुक्त ने की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

रामगढ़। होली पर्व के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल रामगढ़ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को रमजान एवं आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। मौके पर उपायुक्त ने सभी से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है । पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का किसी भी तरह से कोई उल्लंघन ना हो। उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि अगर सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई मामला सामने आता है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06553 222005 पर दी जाए वही उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की घटना स्थल पर हुई मौत

# आक्रोशित लोगों ने घंटों सड़क जाम किया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बरकट्ठा में हिरो शो रूम के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। शनिवार की सुबह ग्लैमर मोटर साइकिल नंबर जेएच 02 एएस 7800 को पीछे से बरही की ओर से आ रही ट्रेलर नंबर एनएल 01 एल 6399 ने अपने चपेट में ले लिया। हादसें में मारा गया बाइक चालक मनोज कुमार रजक 35 वर्ष, पिता रामू रजक, ग्राम जरमुने बगोदर निवासी के रूप में पहचान हुई है। ट्रेलर चालक बरकट्ठा थाना के समीप गाड़ी को खड़ाकर थाना के अंदर छुप गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणो ने मुआवजा की मांग को लेकर करीब चार घंटे तक जीटी रोड को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, बगोदर विधायक विनोद सिंह, पूर्व मुखिया बसंत साव माले राज्य कमेटी सदस्य भुनेश्वर केवट, अंचल सचिव शेर मोहम्मद, समाजसेवी शमीम अंसारी घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी हासिल की। बाद में बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश भोक्ता ने घटनास्थल पर लोगों की बरही एसडीओ से दूरभाष पर वार्ता के बाद मिले आश्वासन पर सड़क जाम समाप्त किया गया।

### आरोग्यम अस्पताल में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

हजारीबाग । आरोग्यम अस्पताल के द्वारा विष्णुगढ़ के करागालो पंचायत में रक्तदान शिविर एवं जनरल फिजिशियन स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का पर्यवेक्षण रवीन्द्र कुमार महतो पूर्व मुखिया द्वारा किया गया। स्थानीय लोगों के प्रयास से शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, इस शिविर में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर अपना हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में 41 रक्त संग्रह किया गया वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान 100 से भी अधिक मरीजो ने इसका लाभ लिया,वहीं जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। जांच शिविर में पैथोलॉजिकल जांच में हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, हेपेटाइटिस प्रोफाइल, एचआईवी, प्रोफाइल मलेरियाएम एवं वीडीआरएल का जांच किया गया। मौके पर अस्पताल के निर्देशक सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा की रक्तदान से बड़ा जीवन में कोई दान नहीं होता हर लोगों को रक्तदान अवश्य करनी चाहिए। साथ ही कहा की जांच शिविर में 100 से भी अधिक लोगो ने जांच करवाया आने वाले दिनों में और भी भव्य रूप से रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में लगा दो दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल द्वारा मटवारी गांधी में आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम में दो दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 360 जरूरतमंद एवं मरीजों का निशुल्क दंत जांच तथा उपचार हुआ। दो दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर डेंटल कॉलेज के सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा लगाया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। जरूरतमंदों को निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ दवाईयां तथा मुफ्त टुथपेस्ट एवं टुथब्रश का वितरण कर नियमित इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर में स्क्रीनिंग का उपचार भी निःशुल्क सेवा दिया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। हजारीबाग डेंटल कॉलेज सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच भी रहा है। बुनियादी उपचार से जरूरतमंद लाभान्वित भी हो रहें हैं।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण मे धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

# यह पर्व रंगों के खेल के साथ-साथ राधा और कृष्ण के प्रेम का भी उत्सव : बीएन साह


**◆खुशी के मौके पर एक - दूसरे को रंग व गुलाल लगाया और एक दूसरे को गले मिलकर होली की हार्दिक बधाई दी**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 23 मार्च को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलाधिपति बी. एन. साह ने विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवं स्व. राधा देवी के चित्रों पर भावपूर्ण वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस समारोह में पदाधिकारीगण, शिक्षकगण एवम छात्र छात्राओं ने एक -दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाया और एक दूसरे को गले मिलकर होली की हार्दिक बधाई दी। साथ ही कीर्तन मंडलियों के द्वारा जोरदार प्रदर्शन पर सभी झूम उठे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि होली पर्व आपस में भाईचारा, प्रेम एवं एकता का प्रतीक है। राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने विश्वविद्यालय परिवार को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने सभी शिक्षकों एवं छात्र- छात्राओं को होली पर्व की बधाई दी और कहा कि यह समारोह रंगों के खेल के साथ - साथ राधा और कृष्ण के प्रेम का उत्सव भी है जो होली के त्यौहार के मूल में छिपा है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने विभिन्न प्रकार के मिठाइयों का आनंद लिया।

## परेशानी जाम से शहरवासियों को नहीं मिल रहा निजात

# स्थाई निराकरण के लिए प्रशासन को करनी होगी सटीक व्यवस्था



**इंस्पेक्टर की पहल ने दिलाई है राहत, पर प्रशासनिक अधिकारियों को भी दिखानी होगी तत्परता**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बीते कुछ दिनों से ट्रैफिक जाम की समस्या से बरही वासियों को राहत अवश्य मिली है. इसके लिए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार की पहल का लोगों ने सराहना भी कर रहे है. परंतु यह स्थाई समाधान नहीं हैं, जिसके कारण अभी भी प्रायः जाम की स्थिति देखने को मिल ही जाती है और लगना प्रारंभ हो गया है. ज्ञातव्य हो कि उपायुक्त व सांसद ने जिला में संपन्न हुए दिशा की बैठक में बरही के पदाधिकारियों को ट्रैफिक जाम के स्थाई समाधान करने का निर्देश दिया था, परंतु करीब एक महीना बीतने के बाद भी स्थानीय प्रशासन का इस ओर कोई पहल नहीं दिख रहा है. प्रबुद्धजनों की मानें तो अब तक न तो बस स्टैंड चालू हुआ और न ही बाजार के लिए स्थाई स्थल का चयन किया गया. ऑटो और छोटी गाडियां भी सड़को किनारे यथावत लग रहे है. चौक के इर्द गिर्द न तो नो पार्किंग जोन का सख्ती से पालन हो रहा है और न ही दिन में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए जा रहे है. यहां तक कि गश्ती दल भी सिर्फ इंस्पेक्टर के आने का इंतजार करते है. आते जाते सड़को पर लगे ठेले या दुकान अथवा सड़को पर खड़े वाहन या ऑटो को हटने का निर्देश तक नही देते है. बरही देश का सबसे बड़ा चौक होने के बाबजूद मात्र एक ट्रैफिक की तैनाती ट्रैफिक व्यवस्था के नाम पर खानापूर्ति सी दिखती है. यही कारण है कि वाहन मालिक सड़को पर अपने वाहन खड़ा कर समान खरीदते रहते है. जिससे जाम का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है. बरही को स्थाई रूप से जाम मुक्त करने के लिए बस स्टैंड प्रारंभ करना, ऑटो पार्किंग स्थल और चौक के इर्द गिर्द नो पार्किंग जोन चिंहित करना तथा ऑटो चलान की व्यवस्था के अलावा गश्ती दल को भी थाना प्रभारी की तरह जिम्मेवार बनना होगा.

## अंग्रेजों का ट्रेड डिस्प्यूट बिल से भी खतरनाक है केंद्र सरकार का 4 लेबर कोड : सीटू



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहीदे ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के 93 वां शहादत दिवस के अवसर पर सीपीआई, सीपीएम ने धरना स्थल पर भगत सिंह राजगुरु, सुखदेव का शहादत दिवस मनाया गया. गोष्ठी की अध्यक्षता ईश्वर महतो एवं संचालन महेन्द्र राम ने किया. सी पी एम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा की 8 अप्रैल 1929 को अंग्रेजों द्वारा असेंबली में दो जनविरोधी कानून पब्लिक सेफ्टी बिल और ट्रेड डिस्प्यूट बिल लाकर पास करवाना था. उपरोक्त दोनों कानूनों के विरोध में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 मार्च 1929 को असेंबली के खाली स्थान पर बम फेंककर पर्चा बांटते हुए उपरोक्त दोनों कानूनों का विरोध किए थे. वर्तमान में मोदी सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 लेबर कोड बनाया गया है. यह जो चार लेबर कोड बनाया गया है वह अंग्रेजों द्वारा बनाया गया ट्रेड डिस्प्यूट बिल से भी खतरनाक है. यह लेबर कोड वर्किंग आवर्स के साथ-साथ मजदूर और मजदूर यूनियनों को मिले संवैधानिक अधिकार पर करारा हमला है. यह कोड लागू हो जाने के बाद आठ के बजाय 12 घंटे का कार्य दिवस होगा।

## न्यूज बॉक्स

### विपक्ष को खत्म करने की साजिश रच रही है केंद्र सरकार : खतियानी परिवार



हजारीबाग। पुराना समाहरणालय के समीप धरना स्थल पर सईद अहमद की अध्यक्षता मे खतियानी परिवार की बैठक हुई। बैठक मे केन्द्र सरकार की तानाशाही पर विरोध प्रकट किया गया।कहा कि केन्द्र देश मे ज्वलंत सम्स्याओ को खत्म करने के बजाय विपक्ष पर हमले कर उसे कमजोर कर रही है।बैठक में इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा लेने वाली पार्टियों का नाम जनता के बीच सार्वजनिक करने की मांग भी की गई।साथ हीं कानून व्यवस्था को सुद्दढ़ करने पर भी बल दिया गया।बैठक में मो हकीम, बोधी साव, तनवीर अहमद,सुरेश महतो, विजय मिश्रा, बाबू भाई विद्रोही, अमर कुमार, रामावतार भगत, महेश विश्वकर्मा, मो मुस्तकीम समेत कई अन्य उपस्थित हुए।

### समाजिक समरसता के साथ मनाएं होली : राजकुमार




हजारीबाग। केरेडारी के पचड़ा पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं जनकल्याण रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी के द्वारा पचड़ा पंचायत भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रभारी सह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भावी उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा उर्फ बब्लू कुशवाहा शरीक हुए। अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि होली प्रेम और भाईचारा का संदेश देता है। हमें अपने मन के अंदर छिपी हुई बुराईयों का त्याग कर अच्छाईयों को अपनाने की जरूरत है।मौके पर कुशवाहा महासभा जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा, बागेश्वर प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, सिंघानी मुखिया नारायण प्रसाद, मुखिया महेश प्रसाद, प्रमुख सुनिता देवी, संतोष कुमार साहू, तेजो साव, अजय कुमार, भुवनेश्वर रजक, बैजनाथ राणा, देवनारायण राणा, रतन साव, विनोद साव, धनपति साव, सुरेश साव, रामकिशन साव समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### रेंगने को मजबूर करती है शहर की ट्रैफिक व्यवस्था



हजारीबाग। शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई लगती है।कई चौक चौराहे तो निश्चित हीं जाम रहते हैं।हालाकि शहर की समानांतर सड़के मददगार तो है,लेकिन वह भी अव्यवस्थित ट्रैफिक के आगे बेबस है।पर्व त्यौहार के इस मौसम में अगर आपके पास अतिरिक्त समय न हो तो आप जरूर परेशानी में पड़ जाएंगे।और तो और कभी कभार एंबुलेंस को भी जाम से निकलने में आधे घंटे तक का समय लग जाता है।यातायात विभाग द्वारा जारी निदेशों का भी पालन नहीं हो पा रहा है।लोगों का कहना है कि लगता है टोटो चालकों ने यातायात व्यवस्था को हाईजैक कर लिया है।ये ट्रैफिक नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाते देखे जा सकते हैं।जहां मन वहां रोक देना,जहां मन वहां से मुड़ जाना इनकी आदतों में शुमार है।जहां तक मेन रोड की बात करें तो सड़कों के लगभग चालीस प्रतिशत हिस्से दोनो ओर की दुकानों ने अतिक्रमित कर रखा है।बेहतर होता यातायात प्रशासन इस ओर ईमानदारी पूर्वक सख्ती के साथ काम करता।लेकिन शायद उनका मानना हो कि छोटे छोटे शहरों में ऐसी बड़ी बड़ी जामें तो लगती हीं रहती है।

### शिशु विकास विद्यालय के बच्चो ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खेला होली



टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र के झरपो शिशु विकास विद्यालय में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में शिक्षक, शिक्षिका और बच्चो ने भाग लिया सभी बच्चे एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर आपस में अबीरो से सराबोर रहे। बच्चों ने ...होली खेले रघुवीरा अवध में और ...रंग बरसे भीगे चुनरवाली होली गीतों पर खूब थिरके और एक से बढ़कर एक होली की गीत भी गा। इस मौके पर बच्चे शिक्षकों और शिक्षिकाओं को अबीर लगाकर तथा उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया। व्यवस्थापक ज्योतिष पंडा और प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई और कहा कि होली पर्व में बुराई पर अच्छाई की जीत हुई थी आप सभी बच्चे घर से बाहर तक अपने से बड़ों को अबीर लगाकर आशीर्वाद ले और अपने से छोटे को गले लगाकर प्यार के साथ होली का पर्व मनाना है इस मौके पर शिक्षक प्रमोद पांडेय, सुरेश मिश्रा गीता रानी, आरती देवी। मनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी ने लक्ष्मी कुमारी, आकृति सुमन, रिया कुमारी, पारुल प्रिया ,मनीषा कुमारी ,अनीशा कुमारी ,अमीषा कुमारी ,प्रांजल कुमारी रानी कुमारी अन्नू कुमारी ,आरुषि कुमारी रागिनी कुमारी, आयुष कुमार, रौनक पन्डा, अनंत पंडा, अंकित कुमार, अमन कुमार, बादल कुमार रवि ,अर्पित यादव , मनुदय कुमार कुशवाहा सहित बच्चो ने होली मनाई।

### होली मनाने को झरपो में शांति समिति की बैठक

टाटीझरिया। प्रखंड के झरपो पंचायत भवन के पीछे ग्राम देवी (गवांत) के समीप होलिका दहन स्थल में निर्धारित समयानुसार शाम 3:30 बजे ग्रामीणों की उपस्थिति में होलिका दहन महापर्व सह रंग अबीर का त्यौहार होली पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता झरपो के कांदू टोला निवासी कांशी महतो ने किया। बैठक में होलिका दहन स्थल की साफ सफाई , नियमित लाइट की व्यवस्था, संस्कृतिक सामुदायिक भवन ,समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। वही झरपो पंचायत के स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ,उचित नारायण उच्च विद्यालय झरपो के सहायक शिक्षक सह समाजसेवी छोटन कुमार (सर) ,डॉ.दयाल प्रसाद ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि होली हिंदुओ का प्रमुख त्यौहार है और सही मायने में पूछा जाय तो होली पर्व के साथ ही हम सनातनी हिंदू धर्म के परिवारों के लिए नया शाल संवत आरंभ होती है।।सभी एक दूसरे के साथ आपसी भाई चारे सौह्द्रपूर्ण के साथ रंग अबीर गुलाल लगाकर नए वर्ष की मयार्दापूर्वक खुशियों का इजहार का त्यौहार मनाए। मौके पर सुरेश मिश्रा,प्रकाश प्रसाद,राजकुमार टेंट वाला,धानेश्वर रजक,किशुन महतो,जगदीश राम,घनश्याम शर्मा,संदीप पांडेय समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

## एक नजर

### बीडीओ ने अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिए कई निर्देश

**जलडेगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार ने अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सारुबहार कांशीटोली, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओडगा, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुटविंग, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोनोदा और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेहरा जाम टोली (71 कोलेबिरा) का जायजा लिया। इस क्रम में बीडीओ ने मतदान केंद्रों पर मतदताओं के लिए व्यवस्था की गई सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा का जायजा लिया। जबकि बीडीओ के निर्देश पर चुनाव से पूर्व बूथ नंबर 116 बेहरा जाम टोली जो की मर्जर विद्यालय भवन है जिसमे पेयजल, शौचालय व बिजली की व्यवस्था दुरुस्त किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ द्वारा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए ओडगा पंचायत भवन में बूथ लेवल अवॉर्नेस ग्रुप के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बीडीओ के साथ बीपीआरओ लक्ष्मी नारायण प्रसाद, ओड़गा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार, ओड़गा मुखिया मुकुट समद, वार्ड सदस्य, पंचायत सेवक और ग्रामीण उपस्थित थे।

### विवेकानंद शिशु मंदिर लचरागढ़ में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण



कोलेबिरा। विवेकानन्द शिशु/ विद्या मंदिर लचरागढ़ में शनिवार को आचार्य-अभिभावक बैठक सह वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। बैठक सह कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु के द्वारा किया गया।इस अभिभावक बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय के सचिव राजेश कुमार अग्रवाल, सह सचिव रिकी अग्रवाल, अभिभावक प्रतिनिधि राजकुमार साव एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।बैठक में कई विषय-वस्तुओं जैसे बच्चों के शिक्षा, संस्कार, सेवा,स्वावलंबन एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर प्रथम द्वितीयं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन आचार्य सुदर्शन कुमार ने किया। कार्यक्रम में सभी अभिभावकों के साथ सभी आचार्य, अर्जुन महतो, प्रमोद पाणिग्राही, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह, विमल टेटे, लक्ष्मी देवी, श्रीमती विमला देवी, बसंती बड़ाईक, दशरथी देवी, शकुंतला कुमारी, यमुना कुमारी, सुनीति कुमारी, दीक्षित कुमारी, एवं प्रगति कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बूथ स्तरीय जागरूकता समूह के साथ उपायुक्त ने की बैठक, कहा

# हम सब मिलकर सिमडेगा जिले में 80% मतदान का लक्ष्य करें पूरा




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
स्वीप के तहत जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सिमडेगा पहुंचकर बूथ स्तरीय जागरूकता समूह के साथ बैठक का आयोजन किया।इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि बी.एल.ओ.की चुनाव कार्य में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बीएलओ से कहा कि आप सभी घर घर जाकर मतदाताओं का सूची तैयार करते हैं। उन्होंने ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार वोटिंग की प्रतिशत 80 पार का नारा दिया है। जिसे हम सभी को मिलकर सिमडेगा जिला में लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य पाना तब हीं संभव होगा, जब सभी बीएलओ का का पूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने बूथ स्तरीय जागरूकता समूह से कहा अपने गांव व क्षेत्र के आस-पास चुनाव पाठशाला का आयोजन कर ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करें। जिससे कि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।उपायुक्त ने बीएलओ को कहा कि चुनावी पाठशाला आयोजन करते हुए सभी मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करें और उन्हें बताएं कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार सभी को विशेष प्रकार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार प्रत्येक मतदान केंद्र पर महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग लाइन, के साथ पेयजल की व्यवस्था, दिव्यांग वोटरों के लिए बूथ पर रैंप की व्यवस्था की गई है साथ ही उनके लिए घर से मतदान केंद्र तक पहुंचाने हेतु गाड़ियों की व्यवस्था सहित मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर की व्यवस्था किया गया है।

सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में मना होली महोत्सव

# एक-दूसरे को रंग लगाकर दीं शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
जलडेगा में स्थित सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार को होली मिलन समारोह मनाया गया, इस दौरान सेंटर के छात्र-छात्राओं ने एक- दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर होली की बधाइयां दी। इस अवसर पर सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक आलोक कुमार और ने कहा कि होली खुशियों का त्यौहार है, जिसमें हम वर्ग भेद और ऊंच-नीच भूलकर एक-दूसरे से गले मिलकर अबीर-गुलाल लगाते हैं। होली रंगों का त्योहार है इसे शांति और सौहार्द से मानना चाहिए। जिसके बाद सेंटर के विद्यार्थियों को अबीर-गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया गया और मिठाइयां बांटी गई। मौके पर सुषमा कुमारी, कंचन कुमारी, मालावती कुमारी, प्रिया कुमारी, सपना कुमारी, काजल कुमारी, बीनामोती कुमारी, मेघा बड़ाईक, अनूपा मड़की, मनी प्रेमी आइंद, शकुंतला कुमारी, चंद्रवती कुमारी, प्रियंका सुरीन, सुचिता लुगुन, मनोज बिंझीया , कलिंद्र प्रधान, कुलदीप सुरीन, कुलकांत सुरीन आदि मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक में होली पर्व को शांति व सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय

**कोडरमा / सतगावां।** थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता बीडीओ सौरव कुमार ने की। बैठक में पदाधिकारियों ने होली पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। कहा गया कि होली पर शांति व्यवस्था बनाने के लिए अपना भी कर्तव्य का निर्वहन करना पड़ेगा, जैसा कि अधिकार के लिए कानून बनाया गया है। लेकिन कर्तव्य के लिए किसी भी तरह का कानून नहीं बना है। इसलिए जब विधि- व्यवस्था बिगड़ती है, तो उसमें जनप्रतिनिधि और आम लोग प्रशासन को सूचित करते हैं। इस तरह की सूचना से हुए अपने कर्तव्य से निजात नहीं पाते, बल्कि मामले को पुलिस के मत्थे मढ़ देते हैं। समय रहते सूचना देने वाले व्यक्ति अपने कर्तव्य छोटे-मोटे झगड़ों को आसानी से सुलझा सकते हैं। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने कहा कि शांति और भाईचारा कायम रखते हुए होली जैसे पवित्र पर्व मनाएं।

बाल विकास विद्यालय बानो में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

# छात्र बेहतर प्रदर्शन कर भविष्य को उज्ज्वल बनाएं : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास विद्यालय बानो की शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवान पांडा ने विद्यालय में पढ़ने वाले समस्त छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की एवं आगामी नए सत्र के लिए अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि छात्र पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर अपने भविष्य को बेहतर बनायें। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं में से वर्गवार क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो में नर्सरी में श्रुति, अमन एवं रूपा, कक्षा एक में-पंकज, प्रह्लाद, अभिषेक कक्षा दो में-निभा, अंगद, आर्यन, कक्षा तीन में- प्रिसा, सुलेन्द्र, श्रेया कक्षा चार में- अलीशा, आराध्या, संध्या कक्षा पांच में अयाज, ध्रुव, गौतम कक्षा छः में श्रुति,सचिन, अदीबा कक्षा सात में दिव्या, एकरा, अंकित हैं। जिन्हें विद्यालय द्वारा पुरस्कार दिया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक दीपक, महतो भुवन यादव शिक्षिकाओं में सुमित्रा, गीता, सोनी, जमीला एवं हनी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम मे बच्चों के साथ अभिभावक एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही नये सत्र की शुरूवात 2 अप्रैल से शुरू होने और नए छात्रों के नामांकन की शुरूवात होने की जानकारी दी गयी। सभी को होली, रमजान और गुड फ्राइडे की शुभकामना के साथ छुट्टी दे दी गयी।

# कुरडेग प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रांगत खलखो को पितृशोक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
कांग्रेस के कुरडेग प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रांगत खलखो के पिताजी लाजरूस खलखो का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव में किया गया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मिस्सा पूजा और दफन क्रिया फादर सुनील की अगुआई में सम्पन्न हुआ। इधर लाजरूस के निधन की खबर सुनकर विधायक भूषण बाड़ा भी जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ उनके घर पहुंचे। साथ ही परिजनों का ढांढ़स बढ़ाते हुए इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ हर पल खड़ा रहने का भरोसा जताया। विधायक ने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहने की शक्ति देने की भी कामना की। इधर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिप सदस्य समरोम पौल टोपनो, जिप सदस्य प्रेमा बड़ा,प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा आदि शामिल हुए।

एसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

# असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा एसपी कार्यालय सभागार में शनिवार को सिमडेगा एसपी सौरभ की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार पुलिस अंचल निरीक्षक रामानुज वर्मा , सिमडेगा सदर थाना प्रभारी विनोद पासवान सहित जिले भर से आए हुए सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। मौके पर एसपी ने समीक्षा करते हुए कहा कि होली पर्व को लेकर सभी थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे इसका सभी थाना प्रभारी ध्यान दें क्षेत्र में किसी प्रकार के सांप्रदायिक हिंसा और सामाजिक तत्वों एवं हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर बनाए रखें। खासकर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें पुलिस पदाधिकारी। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से क्षेत्र में होली का पर्व संपन्न हो ताकि किसी को कोई भी परेशानी उत्पन्न हो सके। उन्होंने लोकसभा 2024 की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में 13 मई को खूंटी लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है ऐसे में थाना प्रभारी ,अपराध नियंत्रण उउग्रवाद एवं विधि व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही ना करें। उन्होंने कहा कि जेल से छूटे हुए अपराधियों पर नजर रखें इसके अलावा थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान एवं देशी शराब के विरुद्ध अभियान चलाएं। वहीं सपा ने बताया कि सिमडेगा जिले में 6 अंतर राज्य चेक पोस्ट बनाए गए हैं ,जहां से लोगों का आवागमन होता है।

## न्यूज बॉक्स

### उप प्रमुख ने विद्यालय उन्नयन कार्य में भारी अनियमितता बरतने का लगाया आरोप



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तुईयो स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। चहार दीवारी निर्माण कार्य विद्यालय उन्नयन अंतर्गत किया जा रहा है। इस बाबत उप प्रमुख सुरजी देवी ने बताया कि चहारदीवारी निर्माण में कलम में गहराई कम और सीमेंट की मात्रा कम और बालू अधिक मात्रा में दी जा रही है। साथ ही घटिया किस्म की ईट का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा चारदीवारी के लिए मिट्टी पर ही इट्टा बिछा दिया जा रहा है जबकि उसे बालू और सीमेंट देकर पहले सोलिंग करना है उसके बाद इट्टा बिछाना है। वहीं पीलर ढालने के बाद ठिकेदार के द्वारा इसमें पानी भी नहीं दिया जा रहा है। इस विद्यालय में सैकड़ों बच्चे पढ़ाई करते हैं। जिस तरह से चारदीवारी निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है, आने समय में बड़ा हादसा हो सकता है। इस निर्माण कार्य को देखने के लिए विभाग का कोई व्यक्ति नहीं आता है। ठिकेदार के द्वारा चारदीवारी निर्माण कार्य मनमाने ढंग से कर रहा है।
**क्या कहते है विभाग के एई :** एई सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि विभाग को उप प्रमुख सुरजी देवी के द्वारा कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुई है। आवेदन प्राप्त होने पर जांच की जाएगी।

### होली के मुड में दिखे लोग, सूर्य मंदिर परिसर में मिलन समारोह आयोजित



**बरही ।** शनिवार को पारंपरिक होली गीतों के बीच झाल मंजीरों की झंकार के बीच बरही के विभिन्न स्थानों पर फगुआ का बहार देखने को मिला. लोग पूरी तरह होलियाना मुड में दिखे. कार्यालयों व स्कूलों में भी लोगो ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी. करियापुर के जनकल्याण समिति, न्यु कॉलोनी स्थित सूर्य मंदिर आदि सहित विभिन्न स्थानों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जहां होली गीतों के बीच जमकर गुलाल उड़े. ढोल व मंजीरों की झंकार से पूरा परिसर गूंज उठा. पारंपरिक होली गीत और जोगीर्रा के ताल पर लोग झूमने को मजबूर हो गए. सूर्यमंदिर में पप्पू पंडित, अजय पंडित, गणेश सिंह, पप्पू सिंह, श्याम सिन्हा, मनीष कुमार, इंद्रदेव यादव आदि दर्जनों लोग इस कार्यक्रम का हिस्सा बने. कही मिठाइयां व फल तो कहीं बर्रे व पकौड़े का लोगो ने जमकर लुत्फ उठाया. देर रात्रि तक लोग होलियाना मुड में दिखे. इस अवसर पर बाजारों में भी रंग व गुलाल खरीदने वालो की भीड़ उमड़ी रही. बाजार भी पूरी तरह होली के समान से सज चुका है.

### विधायक और पूर्व विधायक के होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा गुलाल



**बरकट्ठा।** प्रखंड के दिव्य आश्रम में जहां विधायक अमित कुमार यादव की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में भी जमकर गुलाल उड़ा। होली मिलन समारोह में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के चलकुशा, जयनगर, बरकट्ठा, इचाक से बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। मौके पर कलाकारों के द्वारा गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर होली का जश्न मनाया गया। विधायक अमित कुमार यादव व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने अपने अपने कार्यकताओं को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का इंतजाम किया गया था। होली मिलन समारोह में बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, छोटेलाल मेहता, अनिल आजाद, रीतलाल प्रसाद, बिन्दु सोनी, बीरेंद्र मेहता, दुगार्नंद झा, विजय यादव, शंकर साव, रामजी मंडल, मिथलेश भारती, सुरेंद्र साव,राजकुमार यादव, संजय गुप्ता, त्रिवेणी यादव, गोपी प्रसाद, अशोक वर्णवाल, शुभाष यादव, उपेंद्र शर्मा, संतोष शर्मा, लालू रजक, महेश यादव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### तमिलनाडु कमाने गए प्रखंड के 9 मजदूरों की संवेदक से हुई मारपीट, एक मजदूर लापता

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र से 16 मार्च को तमिलनाडु कमाने गए 9 मजदूरों की संवेदक द्वारा जमकर पिटाई किये जाने का मामला सामने अया है, घटना के विषय मे कमाने गया लोगों के परिजन ने आरोप लगाते हुए बानो थाना पर प्रभारी विकाश कुमार को आवेदन देकर घटना की जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई है ।मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड से 9 मजदूर कमाने के लिए तमिलनाडु ठीकेदार के द्वारा ले जाया गया था ये मजदूर उनके पास न जाकर किसी और ठीकेदार के पास चले गए और दूसरे संवेदक द्वारा जाकर दूसरी ठेकेदार द्वारा अपने ठिकाने पर ले जाकर उनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार कर, मोबाइल छीन लिया गया, इसमें से एक मजदूर भाग कर अपने परिजनों को सूचना दी सूचना मिलने के बाद से परिजन बानो थाना पहुंचकर सभी को वापस लाने एवं न्याय दिलाने का गुहार लगाया। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के कनोरोवा एवम बिंतुका पंचायत से नौ लोग ट्रेन के द्वारा तमिलनाडु गए थे वहां पहुंचने के बाद एक ठेकेदार द्वारा उन्हें काम के लिए ले जाया गया और मारपीट किया गया इसमें से आठ किसी तरह जान बचाकर वापस आने के लिए 22 मार्च को वापस आने के लिए ट्रेन पकड़ लिए हैं। वहीं एक 50 वर्षीय सुनील लुगुन का अब तक पता नहीं चल पाया है।

### महावीर चौक सिमडेगा में मजदूर नेता राजेश सिंह ने मजदूरों के साथ मनाई होली

**सिमडेगा।** सिमडेगा के हृदय स्थली महावीर चौक में शनिवार को झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के द्वारा ऑटो चालक संघ एवं मजदूरों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। मौके पर उन्होंने सभी मजदूरों को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी लोगों ने एक दूसरे के चेहरे पर गुलाल लगाकर खुशहाली पूर्वक होली का पर्व मनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मजदूर नेता ने सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि जिस प्रकार होली का पर्व आप सभी आपसी भाईचारा एकता के साथ मना रहे हैं उसे आगे भी इसी प्रकार बरकरार रखें। उन्होंने कहा किसी प्रकार से लड़ाई झगड़ा हिंसा न करें शराब का सेवन कम करें ओवर स्पीड में बाइक ना चलाएं जिससे कि किसी प्रकार की दुर्घटना हो उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी अपने परिवार जनों के साथ भाईचारे के साथ त्योहार मनाए।

राजकीय फूल पलाश से बने रंग का भी होता है प्रयोग

# होली में विशेष भूमिका निभाता है जैविक रंग



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिले में होली का रंग बाजार में छाने लगा है। ऐसे में झारखंड का राजकीय फूल पलाश का भी होली का पर्व में विशेष महत्व मानी जाती है। यह फूल हमारे राजकीय फूल होने के साथ-साथ होली के लिए जैविक रंग बनाने में एक विशेष भूमिका निभाती है ।ग्रामीण क्षेत्रों में इसका विशेष क्रेज देखा जाता है । वैसे तो होली में सबसे अधिक लाल रंग के अलावा केसरिया एवं सिंदूरी रंग का इस्तेमाल किया जाता है। वैसे तो बाजार में रासायनिक रंगों की ही ज्यादा मांग होती है। लेकिन जानकारों की मानें तो रासायनिक रंगों का स्वास्थ्य पर प्रभाव भी होता है। प्राचीनकाल में पलाश के फूलों का प्रयोग रंग बनाने के लिए किया जाता था। इन्हीं से होली के रंग बनाए जाते हैं। लेकिन वर्तमान में कृत्रिम रासायनिक रंगों की सुलभता ने भले ही लोगों को प्रकृति से दूर कर दिया हो, लेकिन रासायनिक रंगों से होने वाले नुकसान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के कारण लोग दोबारा प्रकृति की ओर रुख करते हुए पलाश के फूलों का उपयोग रंगों के लिए करने लगे हैं। होली में लोग इन्हें जैविक रंग के रुप इसका प्रयोग लोग करते हैं। बताया गया कि पलाश के फूल से रंग बनाने के लिए एक किलो पलाश के फूल को छाया में सूखा लें। सूखे फूलों को दो से तीन लीटर पानी में डालकर दो दिन तक के लिए छोड़ देने के बाद पानी का रंग लाल या सिंदूरी हो जाता है। इस रंगीन पानी को 20 लीटर पानी में मिलाने पर एक अच्छा रंग तैयार हो जाता है, जिसका इस्तेमाल सुरक्षित होली खेलने के लिए किया जा सकता है।

### होली पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटल में चलाया छापेमारी अभियान

**सिमडेगा।** सिविल सर्जन सिमडेगा डॉ अजीत खलखो के निदेर्शानुसार होली पर्व के मद्देनजर विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों होटलों में छापेमारी अभियान चलाया गया ।मौके पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा विभिन्न मिठाइयों का नमूना संग्रहण कर खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया साथ ही कोटपा अधिनियम 2003 के तहत कुल 7 खाद्य करोबारियों को मानको का उल्लंघन करने पर जुमार्ना वसूला गया। ज्ञात हो कि होली पर्व के आते ही मिठाई कारोबारियों के द्वारा मिठाइयों में मिलावटी की जाने जैसी सुचना प्राप्त होते रहती है ,जिस हेतु सिमडेगा जिला अंतर्गत विभिन्न होटलों में औचक निरीक्षण एवं छापामारी अभियान निरंतर चलता रहेगा एवं किसी भी प्रकार की मिठाइयों में मिलावटखोरी किये जाने वाले खाद्य कारोबारियों के ऊपर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्राचार्य ने अबीर गुलाल लगाकर शिक्षक व छात्रों को दी होली की शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. होली मिलन समारोह में उपस्थित शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों व कॉलेज की छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर कहा कि होली पर्व आपसी गिले शिकवे को भुलाते हुए सभी को गले लगाने का पर्व है ।होली रंगों का त्योहार जरूर है किन्तु प्रेम रंग से रंगना ही मुख्य उद्देश्य है.होली सभी को मिल जुल कर मानना चाहिए ।मौके पर सभी छात्राओं ने सभी शिक्षकों को अब्बीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया ।वहीं शिक्षकों ने भी एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी.मौके पर प्रो वैदेही प्रसाद, दुर्ग विजय सिंह देव,सरिता केशरी, निशात अंजुम,आर के काशी, सुमन लकड़ा, प्रियंका राज मुंडा,ज्योति तिर्की,सुमन केरकेट्टा, अजिताभ राज, मनोरमा सुनीता मिंज, राबिया तब्बसुम, पूरण बड़ाईक, सतीश सिंह, रवि पाढ़ी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### गिरिडीह में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**गिरिडीह।** होली के त्योहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावना के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश प खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ पवन कुमार ने गिरिडीह शहरी क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों में जांच की गई। साथ ही पनीर, खोया, दूध से बनी मिठाईयों सहित हल्दी पाउडर का नमूना लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया। इसके अलावा एफएसएसआई लाइसेंस लेकर खाद्य कारोबार करने, स्वच्छ वातावरण में खाद्य सामग्री की बिक्री करने एवं पैकेज फूड प्रोडक्ट पर उचित लेबल के साथ खाद्य कारोबार करने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि विगत दिनों दूध के नमूना में फैट की मात्रा और सालिड नॉट फैट की मात्रा कम पाए जाने पर दो खाद्य कारोबारियों पर और लड्डू में औद्योगिक रंग पाए जाने पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह अभियान होली तक जारी रहेगा और खाद्य नमूनों के फेल होने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड मैथिली मंच का होली मिलन समारोह आयोजित

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान में होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। होली मिलन समारोह मैथिली परंपरा के अनुसार मनाया गया, जिसमें जोगीरा से लेकर भगवान राम सीता के विवाह से संबंधित एवं शिव विवाह से संबंधित होली का गीत गायन किया गया। राजधानी में बसने वाले भारी संख्या में मैथिली प्रेमियों की इसमें सहभागिता रही। कार्यक्रम में रांची के सांसद संजय सेठ एवं हटिया के विधायक नवीन जायसवाल के अलावा रांची भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष वरुण साहू के साथ-साथ मैथिली मंच के अध्यक्ष विनय कुमार झा शमिल रहे।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के पिठोरिया केंद्र में होली मिलन का आयोजन

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कांके पिठोरिया में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था से जुड़े सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभी भाई बहनों ने अपने अंदर छिपी बुराइयों की होलिका जलाने का दृढ़ संकल्प लिया और परमात्मा संग ज्ञान के रंग की होली खेली। इस अवसर पर बीके राजमती ने कहा कि होली का त्योहार उमंग उत्साह तथा स्नेह मिलन के पवित्र उत्सव भी मनाया गया। साथ ही साथ फूलो की होली भी खेली गई। इस अवसर पर पिठोरिया पंचायत की मुखिया मुन्नी मुंडा, आशुतोष द्विवेदी, सुशीला देवी, किरण देवी, अरविंद कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बिरसानगर में गैस सिलेंडर फटा, 20 लाख का नुकसान

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर थाना से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित एक वाशिंग सेंटर के पास संदीप कुमार के घर पर शनिवार दोपहर अचानक एक गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग धीरे-धीरे भयावह होती गई। जब तक संदीप कुछ समझ पाते तब तक गैस सिलेंडर धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। संदीप ने इसकी सूचना पुलिस और झारखंड अग्निशमन विभाग को दी। इधर, सूचना पाकर एक दमकल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गया। आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, पर तब तक घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। संदीप ने बताया कि सुबह 11 बजे उसके घर सिलेंडर डिलीवर हुआ। उन्होंने नया सिलेंडर लगाकर चालू ही किया था कि सिलेंडर में लीकेज की वजह से आग लग गई। उन्होंने आग पर काबू पाने का प्रयास किया पर आग धीरे-धीरे बढ़ती गई। सिलेंडर को कमरे में बंद कर अग्निशमन विभाग को सूचित किया।

# लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर हुई अहम बैठक

## सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों का निर्वाचन कार्य में अहम रोल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

**गिरिडीह।** आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त एएमएफ क्रिटिकल/नॉन क्रिटिकल वलनेरेबिलीटि मैपिंग को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने में सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों का अहम रोल है। उन्होंने सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को उनके दायित्वों/कार्यों से अवगत कराया। समन्वय के साथ दायित्वों/कार्यों का निष्पादन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत मतदान




केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करेंगे।

मतदान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का आंकलन करेंगे, केंद्र में एश्योर्ड आफ मिनिमम फैसिलिटी (एएमएफ) का प्रतिवेदन संधारित करेंगे। इस दौरान वनरेबल मतदान केंद्रों को भी चिन्हित कर वीएम टू - थ्री से संबंधित प्रतिवेदन तैयार करने एवं संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी को समर्पित करेंगे। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की सूक्ष्मता से जानकारी ली गई। साथ ही मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

इसके साथ ही उपायुक्त ने क्रिटिकल और वर्नरबल बूथों के चिन्हितीकरण कार्य पर गति लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बूथों के चिन्हांकन के तय मानको के आधार पर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही बूथों पर एएमएफ के बुनियादी सुविधाओं यथा बिजली, पानी, शौचालय, रैंप की सुविधा को सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में उपरोक्त के आलावा पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी समेत निर्वाचन विभाग के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

### गिरिडीह पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को दबोचने में पाई सफलता

**गिरिडीह।** साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार गिरिडीह पुलिस द्वारा कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शनिवार को गिरिडीह पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से बेंगाबाद एवं सरिया थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी करने की सूचना मिली थी। जिसके बाद साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित कर उक्त इलाके में छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में बेंगाबाद थाना क्षेत्र के जुरपनिया का 22 वर्षीय महेन्द्र मंडल व लोकाय नयनपुर ग्राम लोकाय का 19 वर्षीय आशिष मंडल शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 3 मोबाइल और 5 सिम बरामद किया है। दोनों साइबर अपराधी पोशन ट्रेकर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के मोबाइल में कॉल कर और सीएससी का लिंक भेजकर मातृत्व का लाभ राशि दिलवाने का झांसा देकर पैसे की ठगी करते थे।

### बालू उठाव को लेकर शुरू हुआ केस-मुकदमा और आंदोलन का दौर

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र बालू के अवैध कारोबार को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है। वरीय पदाधिकारियों की जांच में ईचागढ़ में एक साथ तीन दर्जन से अधिक बालू लदे वाहन जब्त किए जा चुके हैं, तो छापामारी के दौरान दस लाख सीएफटी से अधिक बालू का डंप भी जब्त किया जा चुका है। अब क्षेत्र में बालू खनन और परिवहन मामले में केस-मुकदमा और आंदोलन का दौर शुरू हो गया है। ताजा मामला तिरुलडीह थाना क्षेत्र का है। इसके बावजूद बालू का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। निगरानी परिषद के अनुसार तिरुलडीह और ईचागढ़ थाना क्षेत्र से प्रतिदिन सैकड़ों हाइवा बालू का परिवहन किया जाता हैइसका विरोध किए जाने के कारण थाना में झूठा मामला दर्ज कराया जा रहा है। परिषद के सदस्य इस मामले को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने की रणनीति बना रहे हैं। जिला लोक जन प्रतिनिधि निगरानी परिषद् की टीम शनिवार को तिरुलडीह थाना पहुंची।

# चिमनी ईंट भट्ठे के मालिक पर मजदूर को कमरे में बंद कर मारपीट करने का आरोप

**मामला तिसरी प्रखंड के खोरो का**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी थाना क्षेत्र के खोरो में संचालित चिमनी ईंट भट्ठे में मालिक द्वारा मजदूर को कमरे में बंद कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में बिहार के सासाराम निवासी मजदूर राजकुमार चौहान ने चिमनी ईंट भट्ठा संचालक चंदौरी निवासी मनोज साव पिता ठाकुर साव पर आरोप लगाते हुए मजदूर संटु राम, रोहित चौहान, ध्रुव चौहान, रजवन्ति देवी, अमभी देवी, विरजमा देवी आदि मजदूर बच्चों समेत तिसरी थाने पहुंचे, जहाँ उन्होंने आवेदन देते हुए पुलिस ने न्याय की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि मजदूर राजकुमार चौहान अपनी पत्नी व अन्य लोगों के साथ चिमनी ईंट भट्ठे में काम करता है। इसी बीच उसकी तबियत खराब हो गई थी जिसके बावजूद भट्ठा संचालक द्वारा जबरदस्ती कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा था। कार्य करने से मना करने पर भट्ठे स्थिति एक कमरे में उसे बंद कर उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की गई। जबकि बीच बचाव के लिए आई उसकी पत्नी रजवन्ति देवी के साथ भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। मजदूर राजकुमार चौहान ने आवेदन में लिखा है कि विनोद नामक बिचौलिये द्वारा उन्हें, उनके परिवार समेत कई लोगों को यहां मजदूरी के लिए लाया गया था, अबतक उनकी मजदूरी का पुरा भुगतान भी नहीं किया गया है।



**चिल्ड्रेंस फाउंडेशन के जिला समन्वयक ने भी स्थानीय प्रशासन से कार्रवाई की मांग की**

वहीं मजदूरों के शोषण और चाइल्ड लेबर के मामले में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के जिला समन्वयक सुरेंद्र पंडित ने भी उक्त मजदूरों और बच्चों से बातचीत की। बच्चों ने बताया कि ईंट भट्ठे में उनसे भी मजदूरी करवाई जाती है। बातचीत के दौरान मजदूरों ने ईंट भट्ठे में उनके साथ हो रहा है शोषण की बात कही। जिसपर जिला समन्वयक सुरेन्द्र पंडित ने कहा कि मजदूरों और बच्चों के साथ हो रहे इस प्रकार के शोषण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। तिसरी पुलिस और प्रखंड विकास पदाधिकारी मामले को संज्ञान लेते हुए कानूनी कार्यवाही करने की दरकार है।

**चिमनी ईंट भट्ठे में बच्चों से भी कार्य करवाने का लगाया आरोप**

इन सब के अलावे इस ईंट भट्ठे में काम कर रहे मजदूरों के बच्चों से भी काम करवाने की भी बात सामने आ रही है। इसको लेकर बच्चों के अभिभावकों ने ही भट्ठा संचालक पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके बच्चों से भी ईंट भट्ठे में काम करवाया जाता है। साथ ही कहा कि इसके पूर्व में ही एक मजदूर के साथ भट्ठा संचालक द्वारा मारपीट किया जा चूका है, मजदूरों के साथ हमेशा गाली - गलौज की जाती है। वहीं आरोपी मनोज साव के भाई प्रदीप साव पर भी मजदूर अमभी देवी को मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

# डीआईजी, आईजी और एसपी ने किया थानों का निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश

**मोटरसाइकिल पर सवार होकर पारसनाथ पर्वत पर बने सीआरपीएफ कैंप का भी किया निरीक्षण**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तैयारी में जुट गया है। इसी क्रम में शनिवार को जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पारसनाथ पर्वत समेत पीरटांड़ थाना, मधुबन थाना, खुखरा थाना एवं सीआरपीएफ 154 बटालियन के कैंप का निरीक्षण डीआईजी सुनील भास्कर, आईजी माइकल राज, गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा एवं अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा किया गया।

चुनाव को देखते हुए एरिया डोमिनेशन करने आए सभी पदाधिकारीयों द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी थाना एवं सीआरपीएफ कैंप का दौरा किया गया। सभी वरीय अधिकारी मोटरसाइकिल के जरिए पारसनाथ पर्वत पर बने सीआरपीएफ कैंप का निरीक्षण किया। डीआईजी द्वारा वरीय अधिकारियों के साथ मिलकर पारसनाथ पर्वत पर सीआरपीएफ कैम्प में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव की तैयारियों की समीक्षा किए एवं मौके पर उपस्थित जवानों और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर डीआईजी,आईजी एवं एसपी ने सबसे पहले जवानों से मुलाकात की और जवानों का हालचाल जाना।

# बगोदर पुलिस ने 50 हजार रुपये का गांजा किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

बगोदर थाना पुलिस ने एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर रांची रोड स्थित हरिहर धाम के समीप जेनरल स्टोर के दुकान में छापेमारी कर करीब 50 हजार मूल्य का गांजा जब्त किया गया है। साथ ही चिलम और सिगरेट के स्टॉक को भी जब्त किया गया। इस दौरान एसडीपीओ धनंजय राम के निर्देश पर बगोदर थाना पुलिस ने जेनरल स्टोर के दुकानदार रेवत लाल राणा और अमरजीत कुमार को दबोचने में सफल रहे। गिरफ्तार दोनो



आरोपी बगोदर थाना क्षेत्र के मंझलाडीह गांव के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान दोनो दुकानदारों ने बताया कि उन्हे गांजे की आपूर्ति तब किया जाता था, जब उनके दुकान में पुराना स्टॉक निकल जाता था।

# गिरिडीह के उपायुक्त ने कहा, आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं होली का त्योहार

## डीसी की अध्यक्षता में होली में विधि व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित

**उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

होली पर्व के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर विधि व्यवस्था संधारण के साथ आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में होली त्यौहार को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में एक्टिव रहने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों,




पुलिस पदाधिकारियों को उपायुक्त ने सख्त निर्देशित किया है कि अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कोताही बरतने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने होली त्योहार को लेकर सभी संबंधित विभाग जैसे पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, फायर सेफ्टी, नगर निगम को एक्टिव रहने का निर्देश दिया। साथ ही जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को एक्टिव रखें, ताकि होली का त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से लोग मना सके और किसी भी प्रकार का व्यवधान ना हो पाए। आगे उपायुक्त ने कहा कि होली पर्व को सभी उत्साह के साथ मनायें। साथ ही उपायुक्त ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, थाना प्रभारी को निदेशित किया कि उनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी की जाय एवं यह ध्यान रखा जाय कि विधि व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। आगे उपायुक्त ने विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के अलावा संबंधित अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी के अलावा सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा शराब का सेवन और शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करे।

### होली को लेकर खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़

**चक्रधरपुर।** रंगों का त्योहार होली सोमवार को मनाया जाएगा। इसे लेकर चक्रधरपुर बाजार भी सज चुका है। चक्रधरपुर के बाटा रोड, पवन चौक, इतवारी बाजार समेत अन्य स्थानों पर होली को लेकर दुकानें लगायी गई है। जहां खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को बाजार में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अलावे ग्रामीण क्षेत्र से लोग बाजार में होली की खरीदारी के लिए पहुंचे थे। होली को लेकर लगाये गये दुकानों में बिक्री के लिए रंग, अबीर, गुलाल, तरह-तरह के पिचकारियों के अलावे मुखौटों की भी बिक्री हो रही है। खासकर बच्चों के लिए नए तरीके के पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध है। चक्रधरपुर में होली को लेकर सजे दुकानों में दस रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक के पिचकारी बेचे जा रहे हैं। वहीं कार्टून कैरेकेक्टर वाले मुखौटे बच्चों को खूब लुभा रहे हैं। इस बार बाजार में खासकर हर्बल रंग व गुलाल भी बेचे रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### गिरिडीह के बिरनी में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**गिरिडीह।** बिरनी थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व को लेकर बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार, संचालन बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार ने किया। इस बैठक में बिरनी प्रखंड के विभिन्न पंचायत से जनप्रतिनिधियों ने पहुँचकर अपनी बातो को रखकर अपने क्षेत्र में होली को लेकर विधि व्यवस्था कैसे दुरुस्त रहे, अपनी बातो को रखा। इस अवसर पर आए हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बिरनी में होली पर्व में कोई अप्रिय घटना का इतिहास तो नहीं है। लेकिन फिर शांति समिति का बैठक आवश्यक है, यह जरूरी है। बिरनी प्रखंड के कोई भी किसी भी समुदाय का त्यौहार हो किसी भी तरह का अप्रिय घटना नहीं घटेगी। साथ ही साथ समाजसेवी की जिम्मेवारी भी होती है। बताया गया कि शराब पर दो दिनों तक प्रतिबंधित होनी चाहिए। जिसमें प्रमुख रामु बैठा, बीस सूत्री अध्यक्ष इतवारी वर्मा, जिप सदस्य प्रतिनिधि सीताराम पासवान, मध्य भाग जिप सदस्य प्रतिनिधि इकरामुल अंसारी, राजदेव साव, ईश्वर मण्डल, सलीम अंसारी, अली असगर, मुंशी विश्कर्मा, अनवर अन्सारी, विक्रम तर्वे समेत अन्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार ने कहा कि बिरनी थाना परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह सह शांति समिति का बैठक आयोजित किया है। अभी रमजान के भी महीना चल रहा है। मैं जनप्रतिनिधियों से निवेदन करते हैं कि किसी भी तरह का कही भी शराब बेच रहे हैं तो एक बार उसे समझा दीजिए अगर वे ना माने तो फिर पुलिस है ही। होली पर्व को मिलजुलकर मनाये। पुरानी रंजिश अगर कोई भी है तो अगर होली के दिनों में किसी भी प्रकार का कोई भी घटना हुआ तो फिर उस पर चिन्हित करके कानूनी कार्यवाही किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि सड़क पर तो रविवार से ही हम और थाना प्रभारी दोनो रहेंगे। अगर कही किसी भी तरह का कमी है वे भी व्हाट्सएप के माध्यम से दे। ताकि उस पर तुरंत कार्यवाही हो सके। आगे भी ये भी बताया कि अगर किसी भी तरह का सड़क पर बिना हेलमेट के कोई भी मोटरसाइकिल पकड़ा गया तो फिर कोई भी किसी भी प्रकार का पैरवी नहीं चलेगी। साथ मे आये हुए अधिकारी पुलिस समेत जनप्रतिनिधियों ने एक दुसरो को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी।

### पश्चिमी सिंहभूम के नोवामुंडी ब्लॉक में ट्रेंच कम बांड तकनीक से लाखों रुपये कमा रहे किसान

**नोवामुंडी।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी ब्लॉक में जेटेया नाम का एक गाँव है। जो जीपी जेटेया के अंतर्गत आता है। जहाँ कृषि आजीविका का प्रमुख स्त्रोत है। इस गांव के एक किसान का नाम है बुधराम तिरिया। उसने वर्ष 2023 में अपनी 2.43 हेक्टेयर भूमि पर ट्रेंच कम बंड (टीसीबी) बनाने पर सहमति व्यक्त की। इस परिवार के पास अधिकांश भूमि बंजर भूमि थी। प्रारंभ में वह इसे अपनाने में अनिच्छुक था। क्योंकि वह इसके लाभों का पता लगाने में असमर्थ थे। बाद में उन्होंने इसे टीएसएफ फील्ड स्टाफ की निगरानी में ले लिया। इसके परिणाम स्वरूप अधिक पानी जमा होता है और अधिक पानी मिट्टी में घुस जाता है और मिट्टी को लंबे समय तक नमी प्रदान करता है और इस प्रकार फसल उत्पादकता बढ़ती है। अपने 2.43 हेक्टेयर टीसीबी क्षेत्र के अलावा, इस किसान के पास लगभग 1 एकड़ कृषि भूमि है। जिसमें उन्होंने लेमन ग्रास के साथ-साथ काली मसूर की खेती की है। टीसीबी के परिणाम स्वरूप मिट्टी में नमी मिलने के कारण पौधों की वानस्पतिक वृद्धि सामान्य से बेहतर हुई. इतना ही नहीं, टीसीबी के गठन के बाद इस वर्ष रबी सीजन की पुलिस लेने में भी वह सफल रहे। पारंपरिक रबी फसलों यानी फूलगोभी, मटर, टमाटर के साथ-साथ उन्होंने पीली, बैंगनी फूलगोभी, ब्रोकोली आदि उगाई थी जो टीएसएफ, नोवामुंडी द्वारा प्रदान की गई थी. परिवार ने लगभग कमाई की है। काली मसूर और लेमन घास से 50,000/- रुपये और रबी सीजन के बाद उन्होंने लगभग 80,000 रुपये कमाए. वह अपने गांव के अन्य किसानों के लिए एक आदर्श बन गए हैं, क्योंकि इस वर्ष उनकी वार्षिक आय लगभग 2 लाख तक पहुंच गई है।



### चारों ओर हो रही प्रकृति की पूजा, जीव-जंतुओं की कुशलता की कामना



**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के संथाल आदिवासी बहुल गांवों में इन दिनों बाहा पर्व के उपलक्ष्य पर प्रकृति का पूजन-वंदन किया जा रहा है। गांव-गांव में बाहा बोंगा का आयोजन किया जा रहा है। चारों ओर उल्लास का माहौल है, लोग परंपरागत वेशभूषा में नाचते-गाते नजर आ रहे हैं। इस त्योहार में जाहेर आयो, लिटा गोडेत, मोड़े क और तुरूय क (आराध्य देव व देवी) की पूजा-अर्चना सारजोम बाहा और मातकम गेले यानि साल का फूल और महुआ का फूल से करने की परंपरा है। दरअसल बाहा बोंगा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जताने का महापर्व है। मानव और प्रकृति के बीच अटूट संबंध का त्योहार है। जब प्रकृति अपना श्रृंगार अनुपम उपहारों से करती हैं, जब चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं, जब पेड़-पौधों में नए पत्ते व फल-फूल लगते हैं, तब हर्षोल्लास के साथ बाहा बोंगा मनाया जाता है। बाहा बोंगा के बाद ही संथाल समाज के लोग पेड़ों में लगे नए पत्ते और नया अन्न का उपयोग करते हैं। बाहा पर्व के दौरान बाहा एनेज यानि बाहा नाच के साथ सिंगराय सांस्कृतिक नृत्य किया जाता है। बाहा बोंगा के अवसर पर गांव के नायके बाबा जाहेरथान में अपने आराध्यदेव की पूजा-अर्चना करते हैं। इष्टदेव को सारजोम बाहा और मातकम गेले यानि साल का फूल और महुआ का फूल अर्पित करने के बाद तीन दोना हंड़िया चढ़ाया जाता है। इसके बाद मुर्गी की बलि देकर लोगों के सुख-समृद्धि, रोग मुक्त समाज, पशु-पक्षियों की आबादी बढ़ने, मौसम के समयानुसार आगमन, किसानों के उपज में वृद्धि, आपसी भाईचारा आदि की कामना करते हें। अपनी मनोकामना पूर्ण होने वाले लोग भी पूजा के दौरान मुर्गा-मुर्गी की बलि देते हैं। पूजा-अर्चना के बाद नायके बाबा उपस्थित लोगों को प्रसाद स्वरूप साल का फूल देते हैं। जिसे महिलाएं अपने जुड़े में और पुरुष अपने कान में लगाते हैं.बलि दिए गए मुर्गा व मुर्गी की खिचड़ी प्रसाद बनाया जाता है। इस प्रसाद को समाज के पुरुष वर्ग ही सामूहिक रूप से ग्रहण करते हैं। इसे महिलाएं नहीं ग्रहण करती हैं। पूजा-अर्चना के पूर्व समाज के लोग नायके बाबा के आंगन में एकत्रित होते हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी

# शहीदों को पाठ्यक्रम में स्थान मिले


राकेश दुबे

**देश में शायद ही कोई होगा जो नहीं जानता कि 1857 के संग्राम में यह देखा-सुना गया कि अंग्रेजों ने 1857 की क्रांति विफल होने के बाद गांवों में, शहरों में असंख्य लोगों को फांसी पर लटकाया।**

***कहने*** को हमारे देश भारत का इतिहास उन वीर बलिदानी भारत के बेटे-बेटियों से भरा है जिन्होंने स्वतंत्रता पाने के लिए देश हित में बलिदान दिया। इसके साथ ही असंख्य ऐसे हैं जिन्हें कभी न इतिहास में स्थान मिला है, न लोक गाथाओं में, और शिक्षा जगत में तो उनको कभी स्थान मिला ही नहीं। देश में शायद ही कोई होगा जो नहीं जानता कि 1857 के संग्राम में यह देखा-सुना गया कि अंग्रेजों ने 1857 की क्रांति विफल होने के बाद गांवों में, शहरों में असंख्य लोगों को फांसी पर लटकाया। यह भी कहा जाता है कि गांवों में जब वृक्षों पर लटकाकर फांसियां दी गईं तो जितनी बड़ी शाखाएं थीं उसके साथ उतने ही व्यक्तियों को फांसी के लिए लटकाया गया। यह तो कल की बात है, 1857 से लेकर दो वर्ष तक यह दमनचक्र चला। अगर देश उसे ही नहीं जानता,तो क्या आशा रखी जा सकती है कि उससे पहले के इतिहास की सही जानकारी कभी स्वतंत्र भारत की सरकारों ने देशवासियों को दी मिलेगी। इसके पश्चात फिर इस सदी की ताजी घटना है कि अंडेमान की जेल, जिसे काला पानी कहते थे, वहां कितने लोग शहीद हुए, कितने बैलों की तरह कोल्हू में जोते गये। कितने लोगों को फांसी देकर बिना किसी अंतिम संस्कार के सागर में फेंक दिया गया। आज तक देश को इन सारे शहीदों की जानकारी नहीं दी गई। ऐसे में शहीदों की चिताओं पर मेले लगने की बात तो बहुत दूर है, बेमानी है। स्वतंत्रता के पश्चात जब हम लोगों ने स्कूल में शिक्षा प्राप्त की, स्कूलों की दीवारों पर, हर कक्षा में शहीदों के चित्र लगाए जाते थे, यद्यपि उनकी संख्या सीमित थी। शहीदों के दिन मनाए जाते थे और पाठ्यक्रम में भी इन ज्ञात-अज्ञात वीरों की कहानियां पढ़ाई जाती थीं। बंग भंग आंदोलन जो 1905 से लेकर 1911 तक चला और फिर कलकत्ता से चलकर दिल्ली राजधानी बनाई गई, उस बंग भंग आंदोलन में खुदीराम, कन्हाई, नरेंद्र जैसे कितने वीर हाथ में गीता लिए अंग्रेज सरकार से जूझते हुए फांसी पर चढ़ गए। उनके संबंध में भी देशवासी अधिक नहीं जानते। बहुत दूर की बात क्या की जाए, अमृतसर से दो बेटे 1906 से 1909 के बीच श्री मदनलाल ढींगरा और उसके बाद 1940 में शहीद ऊधम सिंह ने भारत में भारतीय स्वाभिमान और देश भक्ति का जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह भी विश्व में अतुलनीय है, लेकिन दुखद सत्य यह है कि इन हुतात्माओं की जन्मभूमि, कर्मभूमि अमृतसर और पंजाब के लोग ही इन वीरों के विषय में कुछ नहीं जानते। यह उत्तम बात है कि 1973 में पहले शहीद ऊधम सिंह की और उसके बाद शहीद ढींगरा की अस्थियां लंदन की पैटन विले जेल से भारत लाई गईं। उनको उचित सम्मान भी दिया गया, पर मदनलाल ढींगरा के साथ न्याय नहीं हुआ, क्योंकि किसी भी सरकार ने उसकी अपनी ही जन्मभूमि अमृतसर में उसको कोई स्थान नहीं दिया। उसका स्मारक नहीं बना और लंबे संघर्ष के बाद जो अब बनाया जा रहा है, वहां भी भवन तो बन गया, लेकिन उसकी आत्मा ढींगरा से संबद्ध साहित्य इंग्लैंड में उसके बलिदान के चिन्ह आज तक भारत नहीं लाये गये, यद्यपि सरकारों को बार-बार आग्रह किया, जगाने का प्रयास किया, पर त्रेता में एक कुंभकरण था, आज हर सरकार में, हर विभाग में कुंभकरण से भी बड़े कुंभकरण विद्यमान हैं। कई अन्य शहीद भी सम्मान से वंचित हैं। कल 23 मार्च को भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु का शहीदी दिवस मनाने जा रहे हैं। शहीदों को पाठ्यक्रम में स्थान मिले, यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# खुशहाल समाजों की रैंकिंग से भारत भ्रमित न हो


ललित गर्ग

**भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत के अल्पसंख्यक समुदायों की कट्टरता एवं संकीर्णता भी खुशहाल समाज निर्माण की बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 126वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है।**



***143*** देशों के विश्व खुशहाली रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर रहा है जिसमें फिनलैंड ने लगातार छठीं बार सर्वोच्च स्थान पाया है। यह बात भी गौर करने की है कि भारत में दस अंकों का सुधार हुआ है, फिर भी भारत के लिये आश्चर्यकारी एवं विचारणीय है। फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है, पर गौर कीजिए, वहां आबादी सिर्फ 56 लाख है। मतलब, इस देश की चुनौतियां बहुत कम हैं। धार्मिक वातावरण ऐसा है कि विद्वेष की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। छोटा राष्ट्र होने की वजह से सरकारों के सामने समस्याएं कम है। अतः फिनलैंड की स्थिति अच्छी है, पर उसकी तुलना भारत जैसे 140 करोड़ आबादी वाले देश से कैसे हो सकती है? यह बहस का विषय है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस वार्षिक रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने 10 सबसे खुशहाल देशों में अपना स्थान बनाए रखा है। फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। इन सभी देशों में समाज समस्यामुक्त एवं काफी सुलझा हुआ है और विविधता वहां ज्यादा समस्याएं पैदा नहीं करती है। देखने की बात है कि खुशहाली की रिपोर्ट विगत एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी हो रही है और पहली बार अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों को शीर्ष 20 देशों में स्थान नहीं मिला है। पाकिस्तान पिछली बार 108वें स्थान पर था, इस बार 122वें पर आ गया है, पर तब भी भारत से चार पायदान ऊपर है। जिस देश में खूब महंगाई है, जहां की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, जहां धार्मिक उन्माद व्यापक है, जो आतंकवाद को प्रोत्साहन देता है, वह देश भी अगर हमसे खुशहाल है, तो ऐसी खुशहाली मापने के तरीकों पर विचार होना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि खुशहाली को तय करने के पैमानों में अवश्य ही कोई पूर्वाग्रह या आग्रह है। क्योंकि ऋण की गुहार लगाता एवं त्राहिमाम करता पाकिस्तान को 122वें स्थान की रैंकिंग देना विडंबनापूर्ण एवं विसंगतिमय हैं, जो इस सूचकांक के महत्व को घटा देती हैं। जो दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाता है। अनेक सवाल खड़े करती है यह खुशहाल देशों की रैंकिंग। यह विडंबना ही है कि धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। ऐसी अतार्किक सूची देखकर अफसोस एवं आश्चर्य भी होता है और चिंता भी होती है। क्या खुशहाली को धार्मिक और सामाजिक स्वतंत्रता के आधार पर ज्यादा नहीं देखा जाना चाहिए? खुशहाली को केवल आर्थिक समृद्धि और संसाधनों की अधिकता में घटाकर देखना सही नहीं है। खुशहाली की रैंकिंग को देखकर भारत को कतई भ्रमित नहीं होना चाहिए। एक और विडंबना देखिए, निर्मम युद्ध लड़ रहा इजरायल पांचवां सबसे खुशहाल देश है! पीड़ित फलस्तीन 103वें स्थान पर है, तो रूस 72वें स्थान पर और यूक्रेन 105वें स्थान पर। ये देश युद्ध के बावजूद भारत से ज्यादा खुशहाल हैं। पता नहीं, इस रैंकिंग पर कितना भरोसा किया जाए? जहां तक भारत का सवाल है, खुशहाली के सभी पैमानों पर हमें अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। एक बड़ा सवाल यह भी है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं? यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है। भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत के अल्पसंख्यक समुदायों की कट्टरता एवं संकीर्णता भी खुशहाल समाज निर्माण की बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 126वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है। गरीब भारत भी विकास कर रहा है, लेकिन आबादी इतनी ज्यादा है कि अभी देश को समग्रता में खुशहाल देशों में अव्वल स्थान बनाने में वक्त लगेगा। सबसे खुशहाल देश फिनलैंड की आबादी महज 56 लाख है, उसके लिए विकास आसान है। भारत के मुम्बई, दिल्ली, कोलकता शहर में इसमें कहीं ज्यादा लोग रहते हैं। वैसे भी खुशी महसूस करना व्यक्ति के खुद की सोच पर निर्भर करता है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है। खुशी एवं प्रसन्नता हम सबकी जरूरत है, लेकिन प्रश्न है कि क्या हमारी यह जरूरत पूरी हो पा रही है, ताजा आकलन से तो यही सिद्ध हो रहा है कि हम खुशी एवं प्रसन्नता के मामले में लगातार पिछड़ रहे हैं। विडम्बनापूर्ण स्थिति तो यह है कि हमारा भारतीय समाज एवं यहां के लोग अपने ज्यादातर पड़ोसी समाजों से कम खुश है। खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। डिजिलीकरण, आर्थिक नवाचार जैसी घटनाओं ने आम आदमी को अधिक परेशानी एवं समस्याएं दी है। समस्याओं के घनघोर अंधेरों के बीच उनका चेहरा बुझा-बुझा है। न कुछ उनमें जोश है न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए, निष्क्रिय और खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। क्यों होता है ऐसा? कभी महसूस किया आपने? यह स्थितियां एक असंतुलित एवं अराजक समाज व्यवस्था की निष्पत्ति है। ऐसे माहौल में व्यक्ति एवं समाज खुशहाल नहीं हो सकता। खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है।

# होली सबकी प्रीति राष्ट्र की रीति


हृदयनारायण दीक्षित

***प्रकृति*** नित्य नूतन है। चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इस स्रोत का नाम है-उत्स। उत्सव इसी आनंद रस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति दर्शनीय है। नदियां हंसती नृत्य करती गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य। काल सबका नियंता है। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है। द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसन्त है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरुणाई है। भारतीय उत्सवों का अन्तः प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीले गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन वसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्रायः शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है। परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है। आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाये। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी गाल। होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा हिन्दू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महाउल्लास है। होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोण्ढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिन्दुस्थान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्याकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्याकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परमपरा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं। होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह सम्पूर्ण भारतीय जन का उल्लास है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक सम्बंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक सम्बंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो। वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील है। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचाएं कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है।

## राजनीति

# केजरीवाल अब अपने आप को करें निर्दोष साबित


आरके सिन्हा

**1951-52 में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के चौधरी ब्रह्म प्रकाश बने। चौधरी साहब 1952 से 1955 तक मुख्यमंत्री रहे।**

***अरविंद*** केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की शराब नीति के जिन आरोपों के आधार पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है, उन्हें साबित होना भर ही बाकी है। हां, पर इतना तो कहना ही होगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल अपने को बार-बार अराजक मुख्यमंत्री के रूप में साबित करने में सफल रहे। वे लगातार केन्द्र सरकार और सरकारी अफसरों से लड़ने-झगड़ने के मूड में ही रहे। उन्होंने एक तरह से मान लिया कि देशभर में वह ही अकेले ईमानदार है। बाकी दुनिया भ्रष्ट है। उनसे उम्मीद थी कि वह देश में साफ-सुथरी और वैकल्पिक राजनीति का रास्ता साफ करेंगे। पर उन्होंने अपने खोखले दावों-वादों और कारनामों से देश को निराश ही किया। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से पहले भी सरकारें और मुख्यमंत्री रहे,पर कभी कोई ऐसा मसला नहीं आया। दिल्ली की चुनी हुई सरकारों और केन्द्र सरकारों के बीच मजे-मजे में विकास के सब काम होते रहे। पर सन 2015 में दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही हंगामा शुरू हो गया और होने लगा रोज का क्लेश, तकरार और आरोप-प्रत्यारोप का दौर। दिल्ली में 1951-52 में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के चौधरी ब्रह्म प्रकाश बने। चौधरी साहब 1952 से 1955 तक मुख्यमंत्री रहे। उन्हें कांग्रेस ने हटाया और यहां का दूसरा मुख्यमंत्री बनाया सरदार गुरुमुख निहाल सिंह मुसाफिर को। गुस्ताखी माफ, कम ही दिल्लीवालों को पता है कि दिल्ली के दूसरे मुख्यमंत्री एक सिख सज्जन थे। वे पहली दिल्ली विधानसभा के स्पीकर थे। वे 13 फरवरी, 1955 से 31 अक्टूबर, 1956 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। उसके बाद विधानसभा का अस्तित्व समाप्त कर दिया गया। मुसाफिर जी ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने नहीं दीं। अजीब इत्तेफाक है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने में सदैव अति उत्साह दिखाते रहे। उन्हें दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के कारण ही गिरफ्तार किया गया है। मुसाफिर जी के पुत्र एस. निहाल सिंह प्रख्यात पत्रकार थे। वे इंडियन एक्सप्रेस अखबार के संपादक भी रहे। बहरहाल, 1966 में दिल्ली को एक महानगर परिषद मिली। यह विधानसभा के समकक्ष थी। महानगर परिषद का मुखिया कार्यकारी पार्षद होता था। इस पद पर विजय कुमार मल्होत्रा और जगप्रवेश चंद्र जैसे नेता भी रहे। दिल्ली को 1991 में फिर से संविधान में संशोधन करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया। नये परिसीमन के तहत विधानसभा का 1993 में चुनाव हुआ। उसके बाद मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसे दिग्गज नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान केन्द्र में कभी कांग्रेस के नेतृत्व वाली और कभी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें काम करती रहीं। पर दिल्ली में विकास का पहिया कभी थमा नहीं। जब मदन लाल खुराना मंख्यमंत्री बने तब देश के प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिंह राव थे। कहीं कोई दिक्कत नहीं आई। जब शीला दीक्षित मुख्यमंत्री थीं, तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे। तब भी दिल्ली का भरपूर विकास हो रहा था। कहीं कोई विवाद ही नहीं था। सारे विवाद आपसी बातचीत से हल हो रहे थे। अटल जी और शीला दीक्षित ने दिल्ली में मेट्रो रेल का विस्तार और बिजली की समस्या का स्थायी समाधान किया। यह बात अलग है कि अरविंद केजरीवाल हमेशा कहते रहे कि दिल्ली में बिजली की 24 घंटे सप्लाई उनकी वजह से मुमकिन हुई। हालांकि, उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि दिल्ली में पेयजल संकट का वह हल क्यों नहीं कर सके।

# उत्तर प्रदेश में लोस चुनावों के सात चरणों का चक्रव्यूह


अजय कुमार

***2024*** का चुनाव संग्राम भी फिर पश्चिम यूपी से शुरू होगा। शुरूआत में पश्चिमी यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यहां के राजनीतिक हालात में काफी बदलाव आया है, जिसका असर चुनाव में दिख रहा है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को लेकर पूरे देश मे कौतुहल दिखाई दे रहा है। लोकसभा सीटों के हिसाब से सबसे बड़े राज्य यूपी में मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। त्रिकोणीय मुकाबले में एक तरफ एनडीए के तले मोदी की 'सेना' जीत की हुंकार भर रही है तो दूसरी ओर राहुल गांधी के अगुवाई में 'इंडी' गठबंधन ताल ठोक रहा है। दोनों गठबंधनों में बस फर्क इतना है कि जहां एनडीए की ओर से मोदी पुनः प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं, वहीं इंडी गठबंधन ने कौन होगा पीएम पर पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन लगता यही है कि यदि इंडी गठबंधन के लिये सत्ता की राह बनी तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। खैर, अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं है। कौन होगा अगल प्रधानमंत्री? यह सात चरणों के मतदान के बाद 04 जून को पता चलेगा, जब वोटों की काउंटिंग होगी। इसी लिये फिलहाल तो सात चरणों के चक्रव्यूह को भेदने के लिये ही सभी पार्टियो मैदान में ताल ठोंक रही हैं। 19 और 26 अप्रैल को प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का मतदान होगा। इन दोनों चरणो में पश्चिमी यूपी की 16 सीटों पर वोटिंग होगी। प्रथम चरण और दूसरे चरण के मतदान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्रमशः आठ-आठ सीटों के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। 07 मई को भी तीसरे चरण में दस सीटों पर मतदान होगा इसमें भी दस में से पश्चिमी यूपी की चार सीटें शामिल होंगी। इसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवें, 25 मई को छठे और 01 जून को सातवें चरण का मतदान होना होगा। शुरू के तीन चरणों में जो राजनैतिक जंग पश्चिमी यूपी से शुरू होगी वह चौथे और पांचवे चरण में रूहेलखंड, अवध की सीटों पर तो छठे और सातवें चरण में पूर्वांचल में पहुंच कर समाप्त हो जायेगी। चार जून को नतीजे आयेंगे। 2024 लोकसभा चुनावों की शुरूआत पश्चिमी यूपी की आठ लोकसभा सीटों पर से होगा। पहले चरण में चुनाव के लिए आठ सीटों में से, भाजपा ने 2014 के चुनावों में सभी सीटें जीती थीं। 2014 में पार्टी ने अकेले प्रदेश भर में 71 सीटें जीतीं थीं। जबकि एनडीए गठबंधन के पास कुल 73 सीटें थीं। 2019 के चुनाव में इन सीटों पर सपा-रालोद और बसपा गठबंधन के खिलाफ लड़ाई में बीजेपी का प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 8 में से केवल तीन सीटें जीतीं। ऐसे में सपा और बसपा को पूर्वांचल में कई सीटें मिलीं, जबकि बीजेपी को पूरे प्रदेश में सिर्फ 62 सीटें मिलीं थीं। 2024 का चुनाव संग्राम भी फिर पश्चिम यूपी से शुरू होगा। शुरूआत में पश्चिमी यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यहां के राजनीतिक हालात में काफी बदलाव आया है, जिसका असर चुनाव में दिख रहा है। यह चुनाव क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति रालोद नेता जयंत चौधरी की स्थिति भी तय करेगा। केंद्रीय मंत्री संजय बालियान की हैट्रिक कोशिशों की परीक्षा होगी। यह चुनाव तय करेगा कि बीजेपी नेता वरुण गांधी का राजनीतिक भविष्य क्या होगा। यह चुनाव यह भी तय करेगा कि नखतौर विधायक ओम कुमार संसद में जा सकेंगे या नहीं। यह क्षेत्र किसान और जाट नेता अजीत सिंह के प्रभाव वाला माना जाता है। चाहे आप जीतें या हारें, जीतने वाला पक्ष हमेशा सोचता है कि उसका पलड़ा भारी है। अजीत को अपनी बदनामी की भारी राजनीतिक कीमत भी चुकानी पड़ी। यह चुनाव अजीत सिंह के बिना होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से जयंत चौधरी को अजीत का उत्तराधिकारी बनाने की कोशिशें अंत तक जारी रहीं। आखिरकार पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की सत्ताधारी पार्टी की चाल सफल रही। पिछले चुनाव में जयंत जाट दलित मुस्लिम गठबंधन छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये थे। यह चुनाव तय करेगा कि जयंत का फैसला कितना सही है। 2019 का लोकसभा चुनाव में जो सपा,बसपा और रालोद एक गठबंधन का हिस्सा थे,वह बिखर चुके हैं। बसपा अकेली चुनाव लड़ रही है तो रालोद ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। इस बार पहले चरण की आठ सीटों में से चार पर सपा, तीन पर बसपा और एक पर रालोद को संघर्ष करना पड़ा। बसपा ने अपने हिस्से की तीनों सीटें (सहारनपुर, बिजनौर और नगीना) जीत लीं। सपा ने चार में से दो सीटें (मुरादाबाद और रामपुर) जीतीं। आरएलडी का खाता नहीं खुल सका। बीजेपी ने कैराना, मुजफ्फरनगर और पीलीभीत में सीटें जीती थीं। बात आजम की चर्चा के बिना पूरी नहीं हो सकती है। प्रथम चरण में ही रामपुर की संसदीय सीट के लिये मुकाबला होना है। 2019 और उसके पहले के चुनाव में कभी समाजवादी पार्टी का मुस्लिम चेहरा माने जाने वाले आजम खान की रामपुर समेत कई सीटों पर जीत तय रहती थी। पिछले पांच वर्षों में कई उतार-चढ़ाव से गुजरने के बाद, आजम खान को जेल हुई, दोषी पाया गया और विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। उपचुनाव हुआ जिसमें बीजेपी के घनश्याम लोधी सांसद बने। इस बार भी रामपुर में जेल में बंद आजम के कहने पर ही सपा चल रही है, अब नतीजे बतायेंगे क्या आजम अभी भी यहां ताकतवर हैं या फिर आजम को वोटर साइड लाइन कर चुके हैं। पहले चरण में ही बिजनौर में भी चुनाव होगा। एसपी-बीएसपी-आरएलडी गठबंधन में 2019 में बिजनौर की एक सीट बीएसपी के खाते में थी और उसके उम्मीदवार मुल्क नागर ने चुनाव जीता था। इस बार अपने चुनाव प्रचार को तेज करने के लिए रालोद ने चंदन चौहान और सपा ने यशवीर सिंह को मैदान में उतारा है। इस बार 2019 में तीनों मित्र दलों के उम्मीदवार अलग-अलग एक-दूसरे से मुकाबला करेंगे। पश्चिमी यूपी की एक और चर्चित सीट मुजफ्फरनगर भी सुर्खियों में है। यहां भी 19 अप्रैल को मतदान होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और आरएलडी प्रमुख अजीत सिंह एक-दूसरे पर नजरें गड़ाये हुए थे। बालियान लगातार दूसरी बार जीते। अजीत सिंह अब नहीं रहे और बदली हुई परिस्थितियों में आरएलडी और बीजेपी एक साथ हैं। ऐसे में रालोद भी इस बार बलियान में अपनी ताकत लगायेगी। सपा ने पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक को अपना उम्मीदवार बनाया है। पिछले चुनाव में बसपा ने महागठबंधन के जरिये सहारनपुर सीट जीती थी। बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने भाजपा के राघव लखनपाल को हराकर चुनाव जीता। इस बार सपा-कांग्रेस गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई हैं। इसी प्रकार से कैराना की सीट भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। यहां से कभी बीजेपी के दिग्गज नेता हुकुम सिंह चुनाव लड़ा करते थे। उनकी मौत के बाद 2019 के चुनाव में बीजेपी के प्रदीप कुमार चौधरी ने एसपी की तबस्सुम बेगम को हराकर जीत हासिल की। इस चुनाव में सपा ने पूर्व सांसद मनूर हसन की बेटी इकरा हसन और तबसेम बेगम को अपना उम्मीदवार बनाया है। इकरा के छोटे भाई नाहिद हसन विधायक हैं। इसी तरह से नगीना संसदीय सीट पर पिछले चुनाव में बसपा के गिरीश चंद्र ने महागठबंधन से जीत हासिल की और सांसद बने। इस बार एसपी ने रिटायर जज मनोज कुमार को मैदान में उतारा है, जबकि बीजेपी ने नहटूर से विधायक ओम कुमार को मैदान में उतारा है। इस बार दोनों पार्टियों के नये उम्मीदवार एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं। पीतलनगरी मुरादाबाद में सपा के हसन ने बीजेपी के कंवर सोरौश कुमार को हराकर चुनाव जीता। एसपी-कांग्रेस गठबंधन में यह सीट एसपी के हिस्से में है और बीजेपी-आरएलडी गठबंधन में यह सीट बीजेपी के हिस्से में है। यहां समाजवादी पार्टी को हराना बीजेपी के लिये आसान नहीं होगा। प्रथम चरण की एक और पीलीभीत लोकसभा सीट से पिछला चुनाव बीजेपी के वरुण गांधी ने जीता था, लेकिन कुछ दिनों बाद उनका रवैया बदल गया। अक्सर देखा गया कि वे सरकार को खुद को कटघरे में खड़ा करके सवाल उठाते थे।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बसंतोत्सव और रंगोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

## होली जब भी याद आती है



विजय केसरी

होली जब भी याद
आती है,
ढेरों बातें कह जाती
है!

तब की होली याद
आते ही,
आंखें मेरी भर
आती हैं,
दादी संग की होली क्या थी,
आशीषें बरसा जाती थीं,
इस मौसम के सपने में भी,
दादी अक्सर पुआ बनाती,
सपने में तरसा जाती हैं!
होली जब भी याद आती है,
ढेरों बातें कह जाती है!

होली की आहट सुन दादी,
भर उमंग बाबा से कहती,
इस होली में कहिए जी मैं,
नया नया क्या चीज बनाऊं!
और थमाती कागज उनको,
कहती ये सामान वे लाएं,
रोज-रोज इक ही बातों से,
बाबा झल्ला से जाते थे,
इसपर दादी रूठ जो जाती,
हाथों से कागज ले उनके,
झट बाजार की दौड़ लगाते !
होली जब भी याद आती है,
ढेरों बातें कह जाती है!

बाबा के इस उपक्रम पर दादी,
पीछे से थी हांक लगाती,
कहती थी, बच्चों की खातिर,
रंग-पिचकारी भूल न जाएं,
कौन-कौन से रंग हैं लाने,
वह भी लगती थी गिनवाने!
बाबा भीगी बिल्ली से बन,
सुन चुपचाप खिसक लेते थे!
होली जब भी याद आती है,
ढेरों बातें कह जाती है!

बाबा जब बाजार में होते,
बड़ी मां के नजदीक जा दादी,
कुलदेव की पूजा के सब,
विधि-विधान उनको समझाती!
माघ बीतता जैसे ही, तब,
होली याद आती दादी को,
पूरे साल में जाने कितने,
पर्व-त्योहार गुजर जाते थे,
पर दादी के मन में केवल ,
होली के ही दिन बसते थे!
होली जब भी याद आती है,
ढेरों बातें कह जाती है!

बचपन से ही दादी को हम,
ऐसे रूप में ही पाते थे,
पूरे फागुन, दादी का मन,
होली के रंग में पाते थे!
बच्चे जब होली खेलेंगे,
रंग उनके कैसे छूटेंगे,
साबुन-नींबू मंगवाना वह,
भूले से भी भूल न पाती!
होली जब भी याद आती है,
ढेरों बातें कह जाती है!

खेलके रंग नहा-धोकर हम,
बच्चे नए वस्त्र में सज,
लेकर गुलाल सबसे पहले,
दादी के पैरों पर धरते,
हुक्का पीती, दादी तब हंस,
आशीष लुटाती थी हमपर,
चेहरे पर दादी के उस दिन,
इक नव उमंग खिल जाती थी!
होली जब भी याद आती है,
ढेरों बातें कह जाती है!

'भर फागुन बुढ़वा देवर लागे '
गाते हुए छोटे दादा जब,
दादी के गाल पे मलने को,
लेकर गुलाल थे बढ़ते वे,
तब दादी खिल-खिल सी उठती,
चेहरा दप-दप सा चमक उठता,
सिर पर आंचल को डाल के वह,
कुछ ऐसे थी शरमा जाती,
जैसे हो दुल्हन नई-नई!
होली जब भी याद आती है,
ढेरों बातें कह जाती है!

अकस्मात बस कुछ ही पल में,
दादी के दृग भींग से उठते,
दादा की यादों के नश्तर,
दादी-मन घायल कर जाते,
छोटे दादा की भी आंखें,
दादी का थीं साथ निभातीं,
अपने अग्रज की यादों में,
अविरल सी बहने लगे जातीं!
पहले दादा छोड़ गए जग,
दादी को तन्हाई देकर!
और अब दादी भी रुखसत है,
हम बच्चों को यादें देकर!
पर यादों की कसक हमें,
हर होली पर याद आ जाती है,
दादी की मुस्काती आंखें,
अंतर्मन हुलसा जाती हैं!
होली जब भी याद आती है,
ढेरों बातें कह जाती है!

## तुझपर रंग खिलेगा कौन





रतन वर्मा

होली के त्योहार में सुन प्रिय,
सोच रहा, ले सात रंग मैं,
खुद ही तुम हो सप्तरंग की,
तुझपर रंग खिलेगा कौन?

रानी रंग में रंग, आंखों में
छायी रहती हो तुम हरदम,
नील नदी-सी राधामय बन,
उर मेरे बहती तुम छलछल!
हृदय-रंग आकाशी तेरा,
उसमें रंग सजेगा कौन?
खुद ही तुम हो सप्तरंग की,
तुझपर रंग खिलेगा कौन?

देखो, ली अंगड़ाई
तुमने,
फूट रही हरियाली तन से,
पीत चुनरिया में
लिपटी ज्यों,
सरसों-पुष्प
खिलाए तन में,
नारंगी सा सौम्य
रूप तुम,
तुझपर रंग
सजेगा कौन?
खुद ही तुम
हो सप्तरंग की,
तुझपर रंग खिलेगा कौन?

रक्तडोर आच्छादित अंखियां,
मदिरा ज्यों छलकाती अंखियां,
कितनों को हैं कत्ल कर रहीं,
खंजर बन इतराती अंखियां!
ऐसे में, जब इंद्रधनुष ही,
तेरा है श्रृंगार बन गया,
तुम्हीं बताओ, इस फागुन में,
तुझपर रंग जमेगा कौन?
खुद ही तुम हो सप्तरंग की,
तुझपर रंग खिलेगा कौन?

सप्तरंग से इतर प्रिय, पर,
एक रंग अब भी बचता है,
प्रीत रंग दिखता ना, फिर भी,
यही रंग हर दिल पलता है!
इसी रंग में रंग जाएं हम,
कृष्ण-राधिका बन जाएं हम!
रास रचाएं इस होली में ,
आओ, मिलकर तोड़ें मौन!

रंगों के त्योहार में प्रिय सुन,
सोच रहा ले सात रंग मैं,
खुद ही तुम हो सप्तरंग की,
तुझपर रंग खिलेगा कौन?

## तो समझो होली है





सुनील बादल

आरपार 70 के भी
मन, जब हुमक उठे,
सेवा देश की करने को
दिल जब मचल उठे,
तो समझो होली है!

अंग नए रंग को
पाने को जब मचल उठे,
पुराने से भर जाए जब मन
तो समझो होली है!

परिवर्तन हृदय का जब
मौसम में ही छा जाए,
जोड़ी नई बनाने को
जब दिल मचल मचल जाए
तो समझो होली है!

न हार की हो चिंता,
न हो पिट जाने का डर,
रास नया रचाने को
जोश जब जाग जाए
तो समझो होली है!

जो थे, अब तक अछूत
प्यार से गले उसे
ही
लगाएं,
रंग
अबीर
गुलाल
खूब उड़ाएं
तो समझो होली है!

उड़ते थे, जो आसमानों में
गांवों को जब तिलक लगाएं,
ढोल गंवारों को जब,
जात अपनी ही बताएं
तो समझो होली है!



## होली-हवाश छायी है



मनोज सिन्हा

रंग गुलाबी, नैन शराबी, लो,
फगुवा संग फि र बौराहट आई है
टिकोरे फुनगे, कटहर गदराये,
भिंडी टनके, गन्ने में मोटाई आई है
रंग गुलाबी, नैन शराबी...।

कि चलो महुआ छाने, ताड़ तलाशें,
घोंटा मारे, सुट्टा फूंकें
गपशप बांचे, सुख-दुख बांटे,
हिलाएं गोटी, सोंटा तानें
घूंघट ओढ़े गई बसरिया,
वंश-करीले संग आई है,
रंग गुलाबी, नैन शराबी...।

होली की हुड़दंग है
हंसी-खुशी नवरंग है,
'गूगल बाबा' के पन्नों में
अब ग्रंथालय नजरबंद है,
पता नहीं बच्चे अब क्या क्या
लुका-छिपी पढ़ते
है,
उचक-
उचक कर
उछल-उछल
कर
चैनल-टावर करते हैं,
ना रेडियो, ना चैता फगुवा
फाइव जी पर अब तो
निर्वसनों की लाइव चित्रहारी है,
रंग गुलाबी, नैन शराबी...।

कुछ बातों से बचकर हम
गौरव अतीत भी याद करें,
कुछ पेड़ लगाएं, गांव बनाएं
कुछ नहर बनाएं,
बूढ़े बरगद की छांव तले,
चलो सपनों का शहर बनाएं,
इस होली में देखो फिर से
पलाश की लाली छायी है,
रंग गुलाबी, नैन शराबी, लो,
फगुवा संग फि र बौराहट आई है।

## रंगों की बहार होली में,



कामेश्वर कुमार कामेश

मिलना-जुलना चाहिए, सबसे यार होली में,
कभी नहीं, कहीं नहीं, जैसा खुमार होली में।

आज बिछड़े यार से, गुफ्तगू ही हो जाए,
कम-से-कम सबको मिले, ये फुहार होली में।

होली है तो उनकी चर्चा, कैसे भला ना हो,
'सालियां' ही होती हैं, रंगों की बहार होली में।

हाथ में रंग-पिचकारी, कहीं पर अबीर उड़े,
सारे बच्चे, बूढ़े जवां,
दिखते यार
होली में।

खुशी के रंग
से, भर जाएंगे दामन
सबके,
जो आप मिलें सबसे,
रंजोगम उतार होली
में।

## उसे



प्रवीण प्रियदर्शी

मन में आस लिए अकेला,
मैं स्वप्न सजाता सुंदर कल का।
आने से पहले ही उसका,
मैं रंग सजाता हल्का-हल्का।

खड़े अजनबी चौराहे पर,
मैं राह ढूंढता उस मंजिल का।
कल्पना के जीवंत पट पर,
मैं उसे पहचानता हल्का-हल्का।

वर्तमान की बोझिल छांवों में,
मैं आदर्श बुनता नव जीवन का।
कल के सुनहले खाबों में ही,
मैं प्यार जगाता हल्का-हल्का।

मद्धिम आस को विश्वास बनाकर,
मैं कसम दुहराता उसे पाने का।

इस दुनिया की ताज पहना कर,
मैं उसे संवारता हल्का-हल्का।

सर्वस्व का कब हो समर्पण,
मैं बाट जोहता उस एक पल का।
कर जीवन भी तुमको अर्पण,
मैं शरमाता हल्का-हल्का।

आस का यह जोत अकेला,
मैं रोज जलाता अपने मन का।

आने से पहले ही उसका,
मैं रंग सजाता हल्का-हल्का।



# होली सबकी प्रीति, राष्ट्र की रीति



**हृदयनारायण दीक्षित**

प्रकृति नित्य नूतन है। चिरंतन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अंतःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिंतन में इस स्रोत का नाम है-उत्स। उत्सव इसी आनंद रस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति दर्शनीय है। नदियां हंसती नृत्य करती गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य। काल सबका नियंता है।

भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगुलबंदी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है। द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसन्त है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरुणाई है। भारतीय उत्सवों का अन्तः प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है।

प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीले गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन, वसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्रायः शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छंद स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछंद है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है।



परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है। आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाए। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी गाल।

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा हिन्दू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महाउल्लास है। होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोण्ढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिंदुस्तान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्याकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्याकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परमपरा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं।

होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह संपूर्ण भारतीय जन का उल्लास है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक सम्बंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक सम्बंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो।

वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील है। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचाएं कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते है, वे मरूतों को उत्सव ह्यक्रीडन्तिह्ल बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं। लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता है। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकत्र्ता है। ऋषि अग्नि से कहते (ऋ. 5.19.5) हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलते हुए आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गाता नृत्य करता है।

वैदिक परम्परा में अग्नि बड़े देवता हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव में अग्नि को प्रधान बनाया। कृषि प्रधान राष्ट्र ने जौ-गेहूं की बालियां अग्नि देव को सौंपी, प्रसाद रूप में स्वयं भी ग्रहण की। सूर्य अग्नि का ही रूप है। उनके प्रकाश में सात रंग है। पूर्वजों ने होली उत्सव को सतरंगी बनाया। ध्वनि में सात सुर-आयाम हैं। पूर्वजों ने रंगों के साथ सात सुर भी जोड़े। यहां रंग, सुर, छंद है, ताल लयसंगीत हैं, नृत्य और थिरकन है। होली में मर्यादित वर्जनाहीनता है। परिपूर्ण उन्मुक्तता है। उपनिषदों में परम सत्ता को रस बताया गया है-रसौ वै सः। होली रसपूर्ण है। प्रीतिरस के साथ रीतिरस। गीत और संगीत रस। मयार्दा रस और उन्मुक्त रस साथ साथ हैं। होली आप सबको आनंदरस रंग से परिपूरित करे।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# होली की धूम



रंगों का त्योहार होली की धूम भारत में ऐसी होती है कि विदेशी पर्यटर भी बड़ी संख्या में मथुरा-वृंदावन की होली खेलने और देखने आते हैं। कैरिबियाई देशों में बड़े धूमधाम और मौज-मस्ती के साथ होली का त्यौहार मनाया जाता है। यहाँ होली को फगुआ के नाम से जाना जाता है और लोग परंपरागत तरीके से इसे मनाते हैं। 19 वीं सदी के आखिरी और 20 वीं सदी के शुरू में भारतीय लोग मजदूरी करने के लिए कैरिबियाई देश गए थे।अमेरिका में इसे 'फेस्टिवल ऑफ कलर्स' के नाम से लोग रंग-बिरंगे पाउडर और एक दूसरे पर रंग फेंकते और जमकर डांस करते हैं और कुछ जगहों पर मड(कीचड़) फेस्टिवल का भी आयोजन किया जाता है। साउथ अफ्रीका में होली जलाई जाती है और एक दूसरे को रंग भी लगाया जाता है। अफ्रीका में रहने वाले भारतीय इस त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। इटली में भी होली की तरह ही पर्व की शुरूआत संतरों को लेकर हुए एक युद्ध के बाद हुई। पुर्तगाल, फ्रांस और स्पेन के बीच ये युद्ध हुआ था। तब से यहां फन फेस्टिवल के रूप में एक दूसरे पर संतरे फेंकते हुए होली खेली जाती है। स्पेन में कई बार होली जैसा माहौल नजर आता है। कभी लोग एक दूसरे पर वाइन फेंकते हैं तो कभी टमाटर से होली खेलते हुए ला टोमाटीना फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। उत्तरी स्पेन में 29 जून को हर साल वाइन फेस्टिवल होता है जहां एक दूसरे पर लोग वाइन फेंकते हैं। वहीं अगस्त के आखिरी शनिवार को ला टोमाटीना फेस्टिवल का आयोज होता है।अप्रैल के महीने में ही थाईलैंड में भी होली जैसा जश्न होता है। यहां 'सोंगक्रान' नाम से फेस्टिवल का आयोजन होता है जिसमें लोग एक दूसरे के ऊपर रंग और ठंडा पानी फेंकते हैं। इसे वार स्प्लैशिंग फेस्टिवल भी कहा जाता है। इसे बौद्ध न्यू ईयर का जश्न मनाने वाला त्योहार कहा जाता है।



## आज का राशिफल



**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कन्या :** कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगी। उतावलेपन से बचे।

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।





# करन-लिविंगस्टोन की आतिशी पारी, पंजाब ने दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सैम करेन के अर्धशतक और इंग्लैंड के अपने साथी ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन के साथ उनकी 67 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की और ऋषभ पंत को 14 महीने बाद मैदान पर वापसी का जश्न जीत से नहीं मनाने दिया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद ह्यइंपैक्ट प्लेयर' के रूप में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक पोरेल की 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की पारी की मदद से नौ विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। करेन ने 47 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए जबकि लिविंगस्टोन ने 21 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इसमें सुमित कुमार पर अंतिम ओवर में जमाया गया विजयी छक्का भी शामिल है जिससे पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बना कर जीत दर्ज की।



**▸ दिल्ली के ओपनर्स की बड़ी पारी न खेलना**

भले ही दिल्ली को डेविड वॉर्नर और मिशेल मार्श ने तेजतर्रार शुरूआत दी लेकिन दोनों 8 ओवर के अंदर ही आऊट हो गए। वार्नर आकर टिके रहते तो दिल्ली को 200 के पास ले जाते जोकि मुल्लांपुर के मैदान पर पंजाब के लिए मुश्किल लक्ष्य होता।

**▸ दिल्ली का मध्यक्रम बिखरा :** अच्छी शुरूआत को दिल्ली का मध्यक्रम संभाल नहीं पाया। साल बाद लौटे पंत 13 गेंदों पर 18 रन बनाकर आऊट हो गए। वहीं, रिकी भुई 3, ट्रिस्टन स्टंब्स 5 रन बनाकर आऊट हो गए। अक्षर पटेल ने 21 रन बनाए लेकिन वह टीम को मजबूत स्कोर तक नहीं ले जा पाए।

पंजाब के कप्तान शिखर धवन और जॉनी बेयरस्टो ने टीम को तेज शुरूआत दी थी। लेकिन ईशांत ने आकर पार्टी खराब कर दी। उनके एक ही ओवर में पंजाब के दो विकेट गिर गए। ईशांत प्रभावी दिख रहे थे लेकिन तभी फील्डिंग के दौरान उन्हें चोट लगी गई। वह अपने कोटे के बाकी दो ओवर फेंक नहीं पाए। उनकी जगह मिशेल मार्श ने 4 ओवर में 52 तो खलील अहमद ने 4 ओवर में 43 रन लुटा दिए जोकि दिल्ली को महंगे पड़े।

खलील अहमद ने 19वें ओवर में लगातार दो गेंदों पर सेम कुरेन और शशांक सिंह को पवेलियन की राह दिखाई। अगली गेंद पर हरप्रीत बराड़ ने ऊंचा शॉट लगाया लेकिन वार्नर इसे पकड़ नहीं पाए। यहां से दिल्ली प्रैशर बनाने में फेल हो गई।

पंजाब को अच्छी शुरूआती मिली थी लेकिन वह एकाएक विकेट गिर गए। ऐसे समय में सैम कुरेन विकेट पर टिके रहे। उन्होंने लिविंगस्टन के साथ मिलकर स्कोर 150 पार पहुंचाया। सैम ने 47 गेंदों पर 6 चौके और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए। अगर दिल्ली सैम का विकेट पहले ले लेती तो उनके लिए जीत आसान हो सकती थी।

**▸ पंत की वापसी हुई फीकी**

दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे पंत ने 13 गेंद पर 18 रन बनाए जिसमें दो आकर्षक चौके शामिल हैं। दिल्ली के कप्तान पंत भी हालांकि अपने अन्य बल्लेबाजों डेविड वार्नर (21 गेंद पर 29 रन), मिशेल मार्श (12 गेंद पर 20), शाई होप (25 गेंद पर 33) और अक्षर पटेल (13 गेंद पर 21) की तरह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। ऐसे में पोरेल को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया और वह टीम प्रबंधन के फैसले पर खरा उतरे। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हर्षल पटेल (47 रन देकर दो विकेट) के पारी के अंतिम ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बटोर कर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ दिया। पंजाब की तरफ से अर्शदीप सिंह (28 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। उनके अलावा कागिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट लिया।

## गिल और पांड्या के बीच मुकाबला होगा सबसे अहम

**अहमदाबाद।** आईपीएल में रविवार के दूसरे मुकाबले में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस की टीमें आमने-सामने होंगी। गुजरात ने पिछले दो सीजन से धाकड़ प्रदर्शन किया है, लेकिन वह जिस कप्तान के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, वह अब मुंबई के कप्तान हैं। हालांकि आंकड़े कहते हैं कि गुजरात की टीम के पास अभी भी मुंबई की मजबूत टीम को टक्कर देने की पर्याप्त क्षमता है। अगर मुम्बई को गुजरात की टीम को हराना है तो पहले उन्हें गुजरात के टॉप तीन बल्लेबाजों से पार पाना होगा क्योंकि आंकड़े कहते हैं कि आईपीएल में गुजरात के टॉप तीन बल्लेबाजों ने 1916 रन बनाए थे। इसमें से शुभमन गिल ने अकेले 890 रन बनाए थे। उनके अलावा साई सुदर्शन ने आठ पारियो में 362 और ऋद्धिमान साहा ने 371 रन बनाए थे।

## रुइचांग चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में हारे आयुष शेट्टी

**एजेंसी। रुइचांग**

स्पोर्ट्स पार्क जिम में चल रहे रुइचांग चाइना मास्टर्स 2024 के पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही भारतीय युवा शटलर आयुष शेट्टी का अभियान समाप्त हो गया। शेट्टी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शटलर डोंग तियान याओ से 21-9, 18-21, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। वर्तमान में दुनिया के 76वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने दुनिया के 369वें नंबर के डोंग के खिलाफ पहले गेम में 4-4 तक बराबरी का मुकाबला खेला। इसके बाद डोंग ने गियर बदला और लगातार सात अंक लेकर स्कोर 11-4 कर दिया। शेट्टी ने डोंग की स्ट्रीक को तोड़ दिया लेकिन चीनी शटलर ने लगातार चार अंक हासिल कर पहला गेम शेट्टी की पहुंच से पूरी तरह बाहर कर दिया। उन्होंने पहला गेम 21-9 से अपने नाम किया।



बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता ने दूसरे गेम में वापसी की और डोंग के खिलाफ शुरूआती 5-1 की बढ़त ले ली। हालाँकि, डोंग ने वापसी की और स्कोर 10-10 के साथ गेम को वापस बराबरी पर ला दिया।

दूसरे गेम में कड़ा मुकाबला हुआ लेकिन शेट्टी डोंग को मात देने में सफल रहे और 21-18 से जीत के साथ दूसरा गेम सुरक्षित कर लिया। मैच के निर्णायक मुकाबले में दोनों शटलरों ने कड़ा संघर्ष किया और एक-दूसरे को एक-एक अंक के लिए कड़ी मेहनत करने पर मजबूर किया। हालांकि अंत में डोंग ने सेट 21-16 से अपने नाम कर अगले दौर में प्रवेश किया। शेट्टी के बाहर होने से रुइचांग चाइना मास्टर्स 2024 में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई।

## प्री-क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही तीसरी सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के चौथे दिन आदित्य मेहरा, उत्तराखंड के चार अन्य मुक्केबाजों के साथ और आरती कुमार समेत दिल्ली के छह मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। लड़कों के वर्ग में उत्तराखंड का दबदबा रहा और पांच में से चार मुक्केबाजों ने आरएससी निर्णय के साथ अपने-अपने मुकाबले जीते।

## श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे शाकिब

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने उम्मीद जताई है कि ऑलराउंडर शाकिब अल हसन श्रीलंका के खिलाफ 30 मार्च से होने वाले दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के लिए उपलब्ध होंगे। इससे पहले, बीसीबी ने कहा था कि शाकिब, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद श्रीलंका के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज से चूक गए थे, टेस्ट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालाँकि, ऑलराउंडर ने हाल ही में अपना मन बदल लिया और अब बोर्ड को सूचित किया कि वह सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दूसरा टेस्ट खेलना चाहते हैं। क्रिकबज के अनुसार, बीसीबी के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को बताया, हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान उपलब्ध रहेंगे क्योंकि वह खेलना चाहते हैं। मुझे लगता है कि उनके पास खेल के लिए पूरी तरह तैयार होने के लिए अभी भी समय है। शाकिब की वापसी मेजबान टीम के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन होगी क्योंकि अंगूठे की चोट के कारण श्रृंखला से बाहर होने के बाद उन्हें मुशिफकुर रहीम के अनुभव की कमी खल रही है। शाकिब ने आखिरी टेस्ट मैच अप्रैल 2023 में खेला था जब वह मेजबान टीम के लिए आयरलैंड के खिलाफ उन्हीं के मैदान पर खेले थे। शाकिब हाल ही में देश के पारंपरिक लिस्ट ए टूनामेंट ढाका प्रीमियर लीग में खेलने के लिए शेख जमाल धनमंडी क्लब में शामिल हुए हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी की तैयारी के लिए उन्हें बल्ले के साथ कुछ और समय मिल सके।



## पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का 89 वर्ष की आयु में निधन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को लाहौर में लंबी बीमारी के कारण 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पीसीबी ने शहरयार खान के निधन की घोषणा करते हुए एक बयान जारी किया, जिसमें लिखा था, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, अपने अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स और कर्मचारियों के माध्यम से, आज सुबह लाहौर में पूर्व पीसीबी अध्यक्ष शहरयार खान के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है। वह 89 वर्ष के थे। जियो न्यूज उर्दू के अनुसार, शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे और उन्हें कराची में दफनाया जाएगा। दिसंबर 2003 में, शहरयार ने जनरल तौकीर ज़िया से पीसीबी अध्यक्ष का पद संभाला। यह वह समय था जब वित्तीय कुप्रबंधन और भाई-भतीजावाद के आरोपों के कारण पीसीबी की प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ था। उनके आने के बाद बोर्ड बदल गया और एक मजबूत नेतृत्व के रूप में सामने आया। उनकी नियुक्ति ने पाकिस्तान के क्रिकेट को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2004 में, उन्होंने पूर्व अंग्रेजी क्रिकेटर बॉब वूल्मर को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त किया और वूल्मर को लाने का तुरंत फल मिला क्योंकि टीम अधिक स्थिर दिख रही थी। जब क्रिकेट की दुनिया में भारत का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा था तब उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर चुनौतियों का सामना करना शुरू हुआ। अक्टूबर 2006 में, उनका अनुबंध समाप्त होने से दो महीने पहले ही उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। उन पर डेरेल हेयर-ओवल संकट के समय खिलाड़ियों को अधिकार के साथ संभालने में विफलता का आरोप लगाया गया था। 2006 में, अंपायर डेरेल हेयर और बिली डॉक्ट्रोव ने कहा कि पाकिस्तान टीम इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के चौथे दिन गेंद से छेड़छाड़ में शामिल थी। एक शानदार राजनीतिक करियर के बाद उन्हें पीसीबी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। 1957 और 1994 के बीच, उन्होंने पाकिस्तान के विदेश सचिव के साथ-साथ राजदूत और उच्चायुक्त के रूप में भी काम किया। उन्होंने लंदन में तीसरे सचिव, ट्यूनिस में दूसरे सचिव और 1987 में लंदन में तैनात होने से पहले 1976 में जॉर्डन में पाकिस्तान के राजदूत के रूप में भी कार्य किया। शहरयार ने 1999 से 2001 तक फ्रांस में पाकिस्तान के राजदूत के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने 1999 के भारत दौरे और आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2003 के दौरान पाकिस्तान की राष्ट्रीय पुरुष टीम के टीम मैनेजर के रूप में भी काम किया। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में उनका दूसरा कार्यकाल 2014 में उस समय शुरू हुआ जब पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर उथल-पुथल में फंस गया था। नजम सेठी और जका अशरफ के बीच अध्यक्ष की भूमिका में कई बार बदलाव देखा गया। पीसीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा निर्विरोध मतदान के बाद आखिरकार शहरयार को अध्यक्ष के रूप में शामिल किया गया। पीसीबी ने शहरयार खान के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### वॉटसन के कोचिंग अनुबंध अस्वीकार करने पर पीसीबी अध्यक्ष ने कहा

## मीडिया में कई बातें लीक हुईं

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने स्वीकार किया कि पीसीबी राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रिक्त पद को भरने के लिए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन के साथ बातचीत कर रहा था और उन कारणों में से एक का खुलासा किया जिसके कारण 42 वर्षीय ने अनुबंध को अस्वीकार कर दिया। पिछले साल विश्व कप की समाप्ति के बाद ग्रांट ब्रैडबर्न के पाकिस्तान से अलग होने के बाद से पीसीबी नए पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच की तलाश में है। मोहम्मद हफीज ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे के दौरान टीम के मुख्य कोच और टीम निदेशक के रूप में कार्य किया। लेकिन पिछले महीने उन्होंने टीम निदेशक का पद छोड़ दिया जिससे यह पद एक बार फिर खाली हो गया। इस पद को भरने के लिए शीर्ष दावेदार के रूप में उभरे वॉटसन इस साल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) फ्रेंचाइजी क्वेटा ग्लैडिएटर्स के साथ कोच के रूप में अपने कार्यकाल के लिए हाल ही में पाकिस्तान में थे। वॉटसन के कोचिंग में क्वेटा ने पाँच वर्षों में पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इस्लामाबाद यूनाइटेड से 39 रनों की हार के बाद वे प्रतियोगिता से बाहर हो गए। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक, वॉटसन पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कोच की भूमिका निभाने के लिए काफी चर्चा में थे। लेकिन उन्होंने अपनी कोचिंग और कमेंटरी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने का फैसला करते हुए अपना नाम वापस ले लिया। नकवी ने इस पद के लिए दावेदार के रूप में वॉटसन के बारे में बात की और कहा कि मीडिया में कोचिंग से संबंधित खबर लीक होने से उनके करार से इनकार करने में भूमिका निभाई। जियो न्यूज के हवाले से नकवी ने कहा, हम शेन वॉटसन के साथ भी बातचीत कर रहे थे और उनके प्रस्ताव स्वीकार न करने का एक कारण यह था कि मीडिया में बहुत सारी बातें लीक हो गईं, जिनमें से अधिकांश सही नहीं थीं।

## सबालेंका और गॉफ मियामी ओपन के तीसरे दौर में

**मियामी।** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने लचीलेपन और फोकस का प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन में पाउला बडोसा पर 6-4, 6-3 की जीत के साथ तीसरे दौर में अपनी जगह पक्की की। बडोसा में एक दृढ़ प्रतिद्वंद्वी का सामना करते हुए, सबालेंका को शुरूआती सेट में प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। हालाँकि, अपनी ट्रेडमार्क दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने बडोसा की सर्विस तोड़कर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। पहले सेट में, बडोसा ने बहादुरी से संघर्ष किया और सबालेंका के खिलाफ दो ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए उल्लेखनीय ताकत का प्रदर्शन किया और 3-2 की बढ़त बना ली।

# सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल संपन्न

### बैडमिंटन, कुश्ती और फुटबॉल के लिए हुई थी चयन प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन रांची के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय चयन ट्रायल के अंतिम दिन शनिवार को सर्वश्रेष्ठ बालक-बालिका खिलाड़ियों का चयन कौशल, एंड्यूरेंस और अंकतालिका के आधार पर किया गया। चयन प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 मार्च 2024 तक किया गया था। बैडमिंटन एवं कुश्ती के लिए खेल गांव, होटवार और फुटबॉल के लिए बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में चयन ट्रायल हुआ। तीसरे और अंतिम दिन चयनित प्रशिक्षणार्थियों के कागजात की भी जांच की गई।



चयन प्रतियोगिता के पहले दिन सभी निर्धारित स्थानों पर खिलाड़ियों के पंजीयन के उपरांत शारीरिक दक्षता के तहत बैटरी जांच, दूसरे दिन सभी खेलों से संबंधित कौशल जांच की गई। शनिवार को परिणामों के आधार पर अंतिम सूची तैयार कर ली गई है।

बैडमिंटन, कुश्ती एवं फुटबॉल बालक-बालिका मिलाकर लगभग साढ़े तीन सौ प्रतिभागी चयन प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस चयन प्रतियोगिता में विभाग के आवासीय एवं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय झा, भरत कुमार साहू, रवि शंकर केशरी, सौरभ कुमार, करम मुंडा, सुनील महली, काली चरण महतो, जेम्स पूर्ति, जोलेन होरो, अघनू उरांव, शाहिद अंसारी, गोपाल तिर्की, अंगद कुमार हंसराज, प्रेमचंद पूर्ति, विनय क्षेत्री, फरजाना प्रवीण, दुलारी टोप्पो, अख्तर हुसैन, हसन अंसारी, अनमोल टोप्पो, राजीव रंजन , सोना राम चंपिया, बबलू कुमार,बिरसी मुंडू एवं खेल मित्र संजीव कुमार, प्रीतम मिर्धा, अमरजीत मुंडा ने संयुक्त रूप से अहम भूमिका निभाई। तीनों खेलों की देखरेख जिला खेल संयोजक, रांची आशीष कुमार बनर्जी एवं ऑब्जर्वर साई के प्रशिक्षक ने की। चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी को विभिन्न खेलों के सेंटर ऑफ एक्सेलेंस केंद्र में रखा जाएगा। यह जानकारी जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने दी।

## कभी कोई दबाव महसूस नहीं हुआ : गायकवाड़

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन के शुरूआती मैच में जीत के साथ अपनी कप्तानी की शुरूआत करने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के नवनियुक्त कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि उन्हें टीम का नेतृत्व करते हुए कोई दबाव महसूस नहीं हुआ। रचिन रवींद्र और शिवम दुबे की उम्दा पारियों और मुस्तफिजुर रहमान के चार विकेटों की बदौलत गत चैंपियन सीएसके ने आरसीबी पर छह विकेट से हराकर, गायकवाड़ युग की शानदार शुरूआत की। जीत के साथ, सीएसके ने आरसीबी के खिलाफ अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया। अपने घरेलू मैदान पर सीएसके ने आरसीबी से 9 मैच खेले हैं, जिसमें उसने 8 जीत दर्ज की है और उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है।

## खबरें व्यापार जगत की

### होली के लिए सजे बाजार, व्यापारियों को ग्राहकों का इंतजार

**मंडी।** देशवासियों में होली को लेकर अद्भुत उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी लोग होली की तैयारियों में जुट हुए हैं। इस बीच, मंडी के व्यापारियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, लेकिन कुछ व्यापारी यह भी शिकायत करते नजर आ रहे हैं कि इस बार अन्य वर्षों की तुलना में अच्छी खरीददारी नहीं हो रही है। वहीं, होली से एक दिन पहले हिमाचल प्रदेश में छोटी काशी नाम से मशहूर मंडी का बाजार सज गया है, जिसमें उत्तराखंड के हरिद्वार से क्विंटलों के हिसाब से होली के रंग छोटी काशी पहुंच चुके हैं। इस बार पांच नहीं सात तरह के रंग बाजार में बिक रहे हैं। लाल, हरा, गुलाबी, पीला, हनुमानी और बैंगनी रंग 50 रुपये का 200 ग्राम मिल रहा है। यानी हर प्रकार के रंग 250 रुपये किलो तक बिक रहे हैं, जबकि पिछले साल इनकी कीमत 200 रुपये किलो थी। सेरी मंच पर होली के जश्न को दोगुना करने के लिए रंगों के साथ कई तरह के मुकुट भी दुकानों में सज चुके हैं। इनकी कीमत 50 से 100 रुपये तक है। इस बार पिचकारियों और खिलोनों के रेट भी बढ़े हैं। पानी में घुलने वाले रंगों के साथ रंग बिरंगे फॉग स्प्रे, विभिन्न प्रकार के गुलाल भी लोगों को उत्साहित कर रहे हैं। सेरी मंच पर बैठे दुकानदारों ने बताया कि इस बार रंग हरिद्वार से लाए गए हैं। इस बार काफी रंग बिकने की संभावना थी, लेकिन होली से एक दिन पहले रविवार की वजह से कम लोग रंग खरीद रहे हैं। वहीं राजमाधव राय के राजपुरोहित पुष्प राज शर्मा ने मंडी में एक दिन पहले होली मनाने को लेकर कहा कि होली मंडी में पूर्णमासी व तिथि के अनुसार मनाए जाते हैं।

### मारुति सुजुकी ने घरेलू एआई स्टार्टअप अम्लगो लैब्स में हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (एआई-एमएल) के नेतृत्व वाले स्टार्टअप अम्लगो लैब्स प्राइवेट लिमिटेड में निवेश किया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। 1.99 करोड़ से ज्यादा के निवेश के साथ, मारुति सुजुकी के पास स्टार्टअप में 6.44 प्रतिशत से अधिक की इक्विटी होगी। स्टार्टअप डेटा-संचालित निर्णय लेने में कंपनियों की मदद के लिए डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड इंजीनियरिंग और एआई-एमएल के क्षेत्र में काम करते हैं। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ हिसाशी टेकुची ने कहा, "सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल के अनुरूप, हम स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने और ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए रिलेवेंट समाधान विकसित करने में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए एक्टिव रूप से काम कर रहे हैं।" यह निवेश मारुति सुजुकी इनोवेशन फंड के जरिए किया जा रहा है। यह कंपनी का दूसरा ऐसा निवेश है। इससे पहले, कंपनी ने जून 2022 में सोशियोग्राफ सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में निवेश किया था। अम्लगो लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक अजय यादव ने कहा, डेटा एनालिटिक्स, एमएल और एआई-आधारित समाधानों में हमारी विशेषज्ञता को मारुति सुजुकी द्वारा पेश किए गए मेंटरशिप और नेटवर्किंग अवसरों के साथ जोड़कर, हम अपनी पेशकश को और बेहतर बनाने में सक्षम होंगे। एमलगो लैब्स के कार्यालय गुरुग्राम, बेंगलुरु और अमेरिका में डेलावेयर में हैं।

### केंद्र ने प्याज के निर्यात पर जारी प्रतिबंध अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में केंद्र सरकार ने प्याज की कीमत को काबू में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया है। प्याज के निर्यात पर दिसंबर में लगाया गया प्रतिबंध 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाला था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा है कि प्याज के निर्यात पर लागू मौजूदा प्रतिबंध अगली सूचना तक जारी रहेगा। सरकार ने प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए दिसंबर में प्रतिबंध लगाया था, जो 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाला था। लोकसभा चुनाव से भारत सरकार के इस कदम से विदेशी बाजारों में प्याज की कीमतों में इजाफा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के कुछ थोक बाजारों में प्याज की कीमतें दिसंबर 2023 के 4,500 रुपये से घटकर 1,200 रुपये (14 यूएस डॉलर) प्रति क्विंटल हो गई हैं। हालांकि, देश के अधिकांश राज्यों में प्याज का मौजूदा खुदरा भाव 30 रुपये प्रति किलोग्राम है।

### चीन में इंटरनेट यूजरों की संख्या लगभग 1.1 अरब

**बीजिंग।** चीन इंटरनेट नेटवर्क सूचना केंद्र (सीएनएनआईसी) ने 22 मार्च को पेइचिंग में 53वींचीन में इंटरनेट विकास पर सांख्यिकीय रिपोर्टजारी की। रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2023 तक चीन में इंटरनेट यूजरों की संख्या एक अरब नौ करोड़ 20 लाख तक पहुंच गई है, जो दिसंबर 2022 की तुलना में दो करोड़ 48 लाख अधिक है। देश में इंटरनेट प्रवेश दर 77.5 प्रतिशत तक पहुंच गई है। रिपोर्ट से पता चलता है कि दिसंबर 2023 तक चीन में कुल 33 लाख 77 हजार 5जी बेस स्टेशन बनाए गए हैं, जो देश भर में सभी प्रीफेक्चर स्तर के शहरों और काउंटियों को कवर करते हैं। 5जी और गीगाबाइट ऑप्टिकल नेटवर्क से बने डबल गीगाबाइट नेटवर्क ने बुद्धिमान विनिर्माण, स्मार्ट शहर, ग्रामीण पुनरोद्धार और सांस्कृतिक पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नवीन विकास को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया है। रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में चीन में सूचना सेवाओं को लोकप्रिय बनाने और डिजिटल खाई को पाटने में तेजी आई है। सार्वजनिक सेवा अनुप्रयोगों की कवरेज में तेजी आयी है, और ऑनलाइन कार हेलींग और इंटरनेट चिकित्सा यूजरों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। स्मार्ट यात्रा, स्मार्ट चिकित्सा देखभाल आदि के निरंतर विकास ने नेटिजन्स के डिजिटल जीवन को खुशहाल बना दिया है।

## एक नजर

### जपला मुख्य डाकघर में डाक वाहक के निधन पर शोकसभा

**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य डाकघर अंतर्गत उंटारी शाखा डाकघर के डाक वाहक कमलेश कुमार सिंह (62) वर्ष के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन कर शोक संवेदना व्यक्त किया गया । वे बिगत एक सप्ताह से जमुहार स्थित नारायणी अस्पताल में इलाजरत थे । इस शोक सभा में मुख्य रूप से डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता,अरविन्द कुमार ओझा, रणजीत राम, पप्पू कुमार, संतोष टुड्डू,भोला प्रसाद अभिषेक प्रभाकर, अमित सिंह ,ज्योति प्रसाद, श्रवण कुमार ,देवेन्द्र नाथ गुप्ता,संतोष ठाकुर, केलाश मेहता, रविकांत सिंह सहित समस्त डाककर्मी एवं अभिकर्ता शामिल हुए ।

### एंटी क्राइम के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस कप्तान रेशमा रिमेष्शन के निर्देशन अनुसार पड़वा मोड़ पर नावा बाजार थाना सीमा क्षेत्र पर एंटी क्राइम के तहत थाना प्रभारी चिंटू कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस बल द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की तलाशी के साथ कई निर्देशित बातें भी कही गई। जिसमें एनएच 98 एवं 75 पर आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके। मौके पर भुवनेश्वर तुरी विश्वनाथ राणा सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने प्रेमी जोड़े को पकड़ा, कराई दोनों की शादी

**मेदिनीनगर।** गांव में छिप-छिप कर मिल रहे एक प्रेमी युगल को गांव वालों ने पकड़ लिया। जिसके बाद पंचायत बिठाई गई। भरी पंचायत में प्रेमी जोड़े ने साथ रहने की गुहार लगाई, जिसके बाद ग्रामीणों ने उनकी शादी करा दी। पूरा मामला पलामू के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के रुदीडीह का है। ग्रामीणों ने शादी कराने की सूचना पुलिस को भी दे दी है। मिली जानकारी के मुताबिक पलामू के पड़वा के एक लड़के का रुदीडीह की एक लड़की से कुछ महीनों से अफेयर चल रहा था। दोनों छुप-छुप कर मिला करते थे। होली से पहले युवक अपनी प्रेमिका से मिलने रुदीडीह गया। गांव से कुछ ही दूरी पर दोनों मिल रहे थे। इसी क्रम में कुछ ग्रामीण घटनास्थल से गुजरे। ग्रामीणों ने दोनों को पहचान लिया। जिसके बाद उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद ग्रामीणों ने लड़की के परिजनों को सूचना दी। बाद में गांव के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में पंचायत हुई, जहां प्रेमी जोड़े ने साथ जीने-मरने की कसम खायी। दोनों की जिद देखकर पंचायत ने उनकी शादी करा दी। शादी में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे ने बताया की पंचायत में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शादी की बात सामने आयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रेमी जोड़ा बालिग बताया जा रहे है। बता दें कि इससे पहले भी प्रेम संबंधों को लेकर पलामू में पंचायत हो चुकी है, जिसमें शादियां करायी गयी हैं। कई पंचायतों का तालिबानी चेहरा भी सामने आ चुका है।

### नाबालिग चला रहे वाहन, बन रहे दुर्घटना के कारण

**मेदिनीनगर।** शहर में प्रशासनिक लापरवाही के कारण इन दिनों नाबालिग जोर शोर से वाहन चलाते देखे जा रहे हैं। ये नाबालिग न केवल दो पहिया व हल्के चार पहिया वाहन चला रहे हैं बल्कि इन्हें ट्रैक्टर व ट्रक चलाते भी देखा जा रहा है। इस कारण होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रो में भी नाबालिग फराटे से दोपहिया वाहन दौड़ाते देखे जा रहे हैं। इन नाबालिगों को न तो यातायात नियमों की जानकारी होती है और न ही दुर्घटना होने का भय होता है। ये जितनी तेजी से वाहन चला सकते हैं उतनी तेजी से वाहन चलाते गुजर जाते हैं। काफी रफ्तार से इन्हें वाहन चलाता देख लोग सहम जाते हैं और दुर्घटना होने की आशंका से कांप भी जाते हैं। इस संबंध में लोगों का कहना है कि नाबालिगों के तेज गति से वाहन चलाने के लिए उनके अभिभावक भी जिम्मेदार हैं।

# निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आपसी समन्वय से काम करें : के. रवि कुमार

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं चतरा में चल रही चुनाव तैयारियों की समीक्षा

### आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियों पर रखें सतत नजर

**मेदिनीनगर।** आसन्न लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय से कार्य-योजना तैयार कर समयबद्धता के साथ काम करे।भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा सभी स्तरों पर जिम्मेवारियां तय की गईं हैं,जिनका शत प्रतिशत अनुपालन करना है। आपसी समन्यवय के साथ कार्य किये जाने से निश्चय ही बेहतर परिणाम सामने आएंगे।उक्त बातें राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वे शनिवार को पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में पलामू लोकसभा क्षेत्र के पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं चतरा जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ लोकसभा निर्वाचन -2024 की तैयारी, एवं चुनाव प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान सीईओ श्री कुमार ने चतरा जिले के पुलिस अधीक्षक को जिले के नामजद आरोपितों को अभियान चलाकर गिरफ्तार करने, प्रतिबंधित नशीले पदार्थों एवं अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई कर हजारीबाग में आयोजित अगली समीक्षा बैठक में प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 27 मार्च तक सभी मतदान केन्द्रों पर सभी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निदेश दिये ।



### हेलीपैड को कराएं दुरुस्त

निर्वाचन कार्य के आलोक में स्थाई और अस्थाई हैलीपैड की व्यवस्था दुरुस्त करायें। इसका संयुक्त अभ्यास करें, ताकि पोलिंग पार्टी एवं इमरजेंसी सेवाओं में इनका इस्तेमाल किया जा सके। इसके लिए अभी से ही संयुक्त प्रयास करें। समीक्षा बैठक में , सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड नेहा अरोड़ा, पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी सीआरपीएफ पंकज कुमार सहित पलामू लोकसभा क्षेत्र के पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं चतरा जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक सहित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव पहली प्राथमिकता : एवी होमकर

बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी.होमकर ने जिलों के चिन्हित संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर कड़ी निगरानी रखते हुए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में सीआरपीएफ एवं पुलिस बलों की तैनाती का आकलन करते हुए शून्य रिस्क प्रिंसिपल पर कार्य करने के निदेश दिये । कहा कि मतदान कराने के साथ-साथ ईवीएम, मतदाता एवं पोलिंग पार्टी की सुरक्षा हम सबों की पहली प्राथमिकता है। दुरूह क्षेत्र के मतदान केन्द्रों एवं कलस्टर पर पोलिंग पार्टी एवं आवश्यक सेवाओं के लिए आवागमन की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए।

### अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर बलों की तैनाती कर सख्ती से करें जांच

उन्होंने जिलों के सभी चेक पोस्ट को सक्रिय करते हुए सख्ती बरतने के साथ पर्याप्त बल एवं दंडाधिकारी की नियुक्ति कर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब एवं शस्त्र की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने तथा सभी चेकपोस्टों पर औचक निरीक्षण करने और उनके कार्यान्वयन पर निगरानी रखने का निदेश दिया।

### मतदान केंद्रों पर हो शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

बैठक में मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निदेश दिए गये। जिन मतदान केन्द्रों पर पेयजल की समस्या है, वहां टैंकर से एवं स्टोरेज कर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया, ताकि मतदाताओं को सहुलियत हो। साथ ही शौचालय को क्रियाशील बनाने के निदेश दिए गये। मेडिकल किट उपलब्ध करायें। मतदान कर्मियों के लिए मेडिकल किट की सुविधा प्रदान करें, ताकि उनकी प्राथमिक चिकित्सा संभव हो सके।

# भाकपा की बैठक में लोकसभा चुनाव पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कमिटी की विस्तारित बैठक रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय में शमशुद्दीन अंसारी के अध्यक्षता में बैठक का संचालन जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने किया। बैठक में सर्वप्रथम शहीद भगतसिंह के प्रतिमा के समक्ष फूल माला पहनाकर सभी साथियों में भगत सिंह अमर रहे इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के समय में देश के नौजवान पर्दे के रिल हिरो के पीछे न भागकर रियर हिरो भगतसिंह जैसे शहीदों के बिचारो को अपनाएं और उनके इतिहास को पढ़ें और अपने जीवन में उतारें।

बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन के साथ सीपीआई का गठबंधन नहीं हुआ ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आठ लोकसभा सहित पलामू लोकसभा से भी चुनाव लड़ेगी जिसका फैसला किया गया एवं उम्मीदवार के रूप में अभय कुमार भूइंया एवं दूसरा नंबर पर दिनेश राम को संभावित प्रत्याशी निर्वाचित किया गया और इन दोनों का नाम राज केंद्र में भेज दिया गया।

# कमला एजुकेशन के परिसर में होलिकोत्सव का आयोजन




**बच्चों ने उमंग से उड़ाया अबीर व गुलाल**

**आपसी भाईचारा व सद्भाव को बढ़ाता है होली का त्योहार : राजन कुमार**

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के जरही चौक के समीप कमला एजुकेशन ऑफ रामकृष्ण मिशन के विद्यालय परिसर में शनीवार को होलिकोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजन कुमार, व अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, कार्यक्रम में संगीत के धुन और अबीर, गुलाल व नृत्य के धूम में बच्चें झूमते नजर आए। वही इस दिन को रंगीन एवं संगीतमय बनाने के लिए बच्चों ने खूब मेहनत किया। बच्चों के हाथों से उड़ रहे अबीर व गुलाल एवं उनके खिलखिलाते चेहरे पर लगी हुई रंग-बिरंगे गुलाल, संगीत पर झूमते हुए नन्हे मुन्ने बच्चें वाकई मे परिसर के सुंदरता मे चार चांद लग रहा था । साथ ही इस विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं समस्त कर्मचारी एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर आपसी प्रेम, भाईचारा व सद्भावना का परिचय दिया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजन कुमार ने शिक्षक, शिक्षिकाएं समस्त कर्मचारी समेत सभी बच्चों को रंगोत्सव होली की शुभकामनाएं दिया। साथ ही इन्होंने होली पर्व के धार्मिक मान्यताओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारा प्रेम व सद्भावना का त्यौहार है, सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना एवं आपसी गिले- शिकवे दूर करके पर्व को मनाना चाहिए, साथ ही साथ इन्होंने रंगों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि होली में हम एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाते हैं।

# मजदूर किसान महाविद्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित




**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव सह होली मिलन समारोह मनाया गया। इस होली मिलन समारोह में महाविद्यालय के सचिव डॉ बिंदेश्वर सिंह, प्राचार्य डॉ दिलीप राम सहित सभी कर्मचारी और सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

डॉ बिंदेश्वर सिंह ने होली पर्व को प्रकृति का पर्व बताते हुए समाज में आपसी भाईचारा को कायम रखते हुए मनाने और कृत्रिम रंगों के प्रयोग से हर संभव बचने का प्रयास करने पर बल दिया। छात्र-छात्राओं ने स्थापना दिवस के अन्य कार्यक्रमों के अलावा होली गायन कर होली मिलन का आनंद लिया।

इस वार्षिकोत्सव में परीक्षा विभाग के सेवानिवृत क्लर्क गणेश सिंह को महाविद्यालय की ओर से सेवानिवृत्ति के पश्चात (दो लख सैतीस हजार आठ सौ चालीस रुपए) का चेक सचिव और प्राचार्य के द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई।

# बच्चों के सर्वे एवं सत्यापन कार्य में तेजी लाएं : डॉ मनोज तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** सतबरवा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज तिवारी को चैनपुर के बीपीओ अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डॉ मनोज तिवारी के द्वारा प्रभार ग्रहण के साथ ही चैनपुर प्रखंड में यूडाइस एवं प्रशस्त्र में बच्चों का सर्वे एवं सत्यापन कार्य में प्रगति लाने हेतु वैसे विद्यालय जिनका कार्य पूरा नहीं किया गया है उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ शुक्रवार को बैठक आहूत की गई तथा कार्य पूर्ण नहीं होने का कारण जानते हुए प्रखंड संसाधन केंद्र से तकनीकी प्रदान करने एवं प्रखंड तथा संकुल साधन से मिलकर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने अधूरे पड़े कार्यों के लिए नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों को पूर्व में अपेक्षित सहयोग नहीं देने के कारण कार्य पूरा नहीं हो सका।उन्होंने शिक्षकों को अपेक्षित सहयोग का भरोषा दिलाया। प्रखंड एम आई एस एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षको को प्रत्येक स्तर से सहयोग करते हुए कार्य दो दिनों के अंदर पूर्ण करायें। बैठक में प्रखंड साधन सेवी सरिता दुबे, जुबेर अंसारी, राकेश कुमार, संकुल साधन सेवी मोहन कुमार, मनोज दुबे, शिव शंकर पांडे, रविंद्र गुप्ता, रिजवान अख्तर आदि मौजूद थे।

# अनिल सिंह फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ झारखंड के सदस्य मनोनीत

### हैदरनगर प्रखंड सहित पूरे जिले में खुशी की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के लाल अनिल कुमार सिंह ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।अनिल सिंह को फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ झारखंड(एफआईडीसीओजे ) का सदस्य मनोनीत किया गया है।जिससे हैदरनगर प्रखंड सहित पलामू जिले में खुशी है। उन्हें इस उपलब्धि पर प्रेदश के कई दिगज भाजपा नेता सहित गण्यमान्य ने भी बधाई दी है। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संघठन मंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री आदिता साहू, प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास एवं प्रदेश कई बड़े नेता के नाम शामिल है।



प्रदेश कार्यालय में अनिल कुमार सिंह को बधाई देते हुए बाबूलाल ने कहा कि अनिल कुमार सिंह बहुत ही मेहनत करने वाले इंसान है। इनकी जिमेदारी होगी कि झारखंड में फिल्म टूरिज्म को बढ़ाया जाए। अनिल कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं है। झारखंड में कई बेहतरीन कलाकार भी है।

उन्हें सही मार्गदर्शन व सहयोग करने की आवश्यकता है। कहा कि झारखंड में कई ऐसे लोकेशन है जंहा फिल्म निर्माण हो सकती है।आने वाले समय में झारखंड में फिल्म निर्माण को बढ़ाने के लिए सपोर्ट चयन कर डेवलप किया जाएगा। पलामू सांसद बीड़ी राम, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह, जीप सदस्य संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह, डॉ. अजय जायसवाल ने बधाई भी दी।

# हुसैनाबाद में ब्राह्मण महासभा ने किया होली मिलन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत दुर्गा बाड़ी प्रांगण में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मधुसुदन पाठक व संचालन प्रखंड महासचिव जय प्रकाश उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाठक, प्रदेश कोषाध्यक्ष राज मोहन मिश्रा, गढ़वा जिला अध्यक्ष मनोज तिवारी, प्रखंड प्रभारी नंद किशोर पाठक, मनोज वैध ,अनिल पाठक, अशोक पाठक, कृपानाथ पाठक, सुनील पाठक, नंदा तिवारी, पलीता पाठक, मुकुंद पाठक, पलीता पाठक, अशोक तिवारी, विपुल तिवारी, किशन तिवारी, योगेंद्र तिवारी ,जितेंद्र पाठक, छोटू पाठक, आनंद पाठक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सभ्य दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रूस की राजधानी मॉस्को में हुए आतंकी हमले की शनिवार को निंदा की और कहा कि सभ्य दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। शुक्रवार को हुए इस हमले में 140 से अधिक लोग मारे गए थे। प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा : रूस की राजधानी मॉस्को में भयानक आतंकवादी हमला बेहद निंदनीय है। आतंकवाद मानवता के खिलाफ एक हिंसक और क्रूर कृत्य है और सभ्य दुनिया में इसके लिए कोई जगह नहीं है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, भारत हमेशा शांति, सद्भाव और वैश्विक भाईचारे के विचार का समर्थक रहा है और भविष्य के लिए यही सही रास्ता है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से रूस के साथ खड़े होने का आग्रह करते हुए शनिवार को उस कायरतापूर्ण हमले के अपराधियों को दंडित करने का वादा किया, जिसमें एक कॉन्सर्ट हॉल में 143 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम संबोधन में 71 वर्षीय रूसी नेता ने कहा कि हमले में सीधे तौर पर शामिल चार बंदूकधारी यूक्रेन सीमा की ओर बढ़ रहे थे।

# छतरपुर के सरईडीह रोड में डिवाइन पब्लिक स्कूल का किया गया भव्य उदघाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू छतरपुर के सरईडीह रोड स्थित मंदेया नदी के समीप डिवाइन पब्लिक स्कूल का भव्य उद्घाटन समारोह शुक्रवार को विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का उद?घाटन में मुख्य अतिथि रामदेनी यादव, प्रसाद यादव, गणेश यादव, तालकिशोर यादव, भोला यादव,बबन यादव, पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी मनोज यादव,वार्ड पार्षद रामसेवक यादव एवं विद्यालय के निदेशक सुनील यादव,उप निदेशक रविंद्र यादव, सचिव राजकुमार यादव,उप सचिव राजनंदन यादव, कैशियर अनुज उरांव ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गयाद्ध। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सचिव राजकुमार यादव ने किया.इसके बाद विद्यालय परिवार की और से आगत अतिथियों एवं पत्रकारों को माला, शॉल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।




विद्यालय के निदेशक श्री यादव ने कहा कि शुरूआती उम्र से ही उनका सपना था कि वे समाज में शिक्षा का अलख जगाने के लिये एक ऐसे विद्यालय की स्थापना करें, जहां न सिर्फ शिक्षा के सभी आधुनिक संसाधन उपलब्ध हो, बल्कि विद्यालय के माध्यम से एक शिक्षित समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। उन्होंने कहा कि पहले बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिये बच्चे बाहर जाते थे। इस विद्यालय के खुलने के बाद बाहर के बच्चे अब यहां पढ़ने आवें, यह उनका प्रयास है। मुख्य अतिथि रामदेनी यादव एवं बबन यादव ने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षकों ने छतरपुर में इस तरह का आधुनिक स्कूल खोलकर पूरे कोसी क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

उन्होंने विद्यालय के सफलता की शुभकामनां दी। साथ ही हर तरह के सहयोग का आश्वासन भी दिया। शिक्षा से ही समाज का होगा संपूर्ण विकास वहीं शिक्षक रविंद्र यादव ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के सचिव राजकुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को हाईटेक शिक्षा व सुविधा के साथ बाल वर्ग से पांचवीं कक्षा तक प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उप सचिव राजनंदन यादव एवं अनुज उरांव ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, लेकिन उससे अच्छी मूर्ति गढ़ना शिक्षकों का कर्तव्य है।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाया शहादत दिवस

**मेदिनीनगर।** शहीद चौक पर शहीद भगत सिंह को माल अर्पण कर शहादत दिवस मनाया गया आम आदमी पार्टी के नेताओं ने वीर शहीद भगत सिंह को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया । मौके पर उपस्थित चंद्रबली चौबे ने कहा कि शहीद भगत सिंह से हम सभी को देश के लिए मर मिटने के लिए प्रेरणा मिलती हैं। कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि भगत सिंह हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणादाई है उन के शहादत में देश का प्रेम झलकता है एक युवा अपने देश के लिए फंसी पर चढ़ कर भी अमर हो गए। डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के युवा मुन्ना कुमार ने कहा कि शहीद भगत सिंह हमेशा युवाओं दिलों में राज करेंगे देश कभी उन्हें भूल नहीं सकते हैं। मौके पर उपस्थित चंद्रबली चौबे, कौशल किशोर बच्चन, डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता मुन्ना कुमार, लव तिवारी ,अरुण वर्मा और अन्य लोगों उपस्थित थे।

# यूपी पुलिस ने 51 किलोग्राम गांजा के साथ पांच तस्करों को पकड़ा



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की कंकरखेड़ा थाना पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने पांच कथित गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 51 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 67200 रुपये नकद के अलावा तस्करी में इस्तेमाल एक अर्टिगा कार भी जब्त की गई है। पुलिस उपाधीक्षक शुचिता सिंह ने बताया कि शनिवार को कंकरखेडा थाना पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने जन्नूर अहमद, आसिफ, मो. आलिम, खुर्रम और रिजवान को 51 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। 51 किलोग्राम गांजे की बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपये है। डीएसपी के मुताबिक, बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ कंकरखेड़ा थाने में मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर उनके साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### आंध्र प्रदेश में एक ही परिवार के 3 सदस्यों ने की आत्महत्या

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के वाईएसआर (कडप्पा) जिले में स्थानीय राजस्व अधिकारियों द्वारा उनके भूमि रिकॉर्ड के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ किए जाने के बाद एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने आत्महत्या कर ली। 47 वर्षीय सुब्बा राव, जो कि एक बुनकर हैं, उनकी पत्नी और बेटी ने अपना जीवन समाप्त कर लिया। वे आधिकारिक रिकॉर्ड में बदलाव के बाद अपनी तीन एकड़ जमीन बेचने में असमर्थ थे। यह चौंकाने वाली घटना शनिवार को वोंटिमिट्टा मंडल के कोठा माधवरम में घटी। पद्मावती और उनकी बेटी विनय को उनके घर पर लटका हुआ पाया गया। सुब्बा राव ने उसी गांव में ट्रेन के नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। परिवार अपनी तीन एकड़ जमीन नहीं बेच पाने से परेशान था।

### चमोली में कार दुर्घटना में 3 की मौत

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली में शुक्रवार बीती देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां 300 मीटर गहरी खाई में एक मारुति कार अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसमें तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों मृतक चमोली के ही बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान बद्री प्रसाद रतूड़ी, राकेश सती और ललिता प्रसाद के रूप में हुई है।

### सांसद राम शिरोमणि बसपा से निष्कासित

**श्रावस्ती।** बसपा के बलरामपुर जिले के जिलाध्यक्ष लालचन्द कोरी और जिलाध्यक्ष अम्बेडकर नगर सुनील सावंत गौतम ने एक साथ विज्ञप्ति जारी कर सांसद राम शिरोमणि को अनुशासनहीनता और बसपा विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाये जाने के बाद निष्कासित किया। जिलाध्यक्षों ने सांसद राम शिरोमणि के निष्कासन की जानकारी लखनऊ के प्रदेश कार्यालय और मीडिया को दे दी है।

### रमजान पर जेलों में बंद मछुआरों को रिहा करे भारत और पाक

**मुंबई।** भारत-पाक की सरकारों से रमजान के पवित्र महीने में सद्भावना के संकेत के रूप में एक शांति कार्यकर्ता ने शनिवार को दोनों देशों की जेलों में बंद महिलाओं समेत मछुआरों को रिहा करने का आग्रह किया है। मुंबई में जतिन देसाई ने कहा, "हर एक मछुआरा जो दूसरे देश की जेल में बंद है, उसे अनजाने में समुद्री सीमा पार करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। इनमें 190 भारतीय और पाक की कुछ महिलाएं और 81 अन्य पाकिस्तानी तथा भारत की कुछ महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश ने अपनी सजा पूरी कर ली है।

### धार की ऐतिहासिक भोजशाला का एएसआई सर्वे दूसरे दिन भी जारी

**धार।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक भोजशाला का ज्ञानवापी की तरह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण दूसरे दिन शनिवार को भी जारी है। एएसआई के दिल्ली और भोपाल के अधिकारियों की टीम सर्वे कर रही है। एएसआई के वकील हिमांशु जोशी, हिंदू पक्ष की ओर से आशीष गोयल और गोपाल शर्मा और कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी के समद खान भी सर्वे टीम के साथ भोजशाला में मौजूद हैं। भोजशाला में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। शनिवार सुबह एएसआई टीम सर्वे करने के लिए भोजशाला पहुंची और साइंटिफिक तरीके से जांच शुरू की।

# बिहार इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी, सिवान के मृत्युंजय बने साइंस टॉपर

**एजेंसी। पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए। बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने दोपहर 01:30 बजे रिजल्ट जारी किया। सीवान के रहने वाले मृत्युंजय कुमार 12वीं की परीक्षा में साइंस टॉपर बने हैं। मृत्युंजय कुमार को 481 नंबर मिले हैं। कॉमर्स में शेखपुरा की रहने वाली कॉलेज





ऑफ कॉमर्स की स्टूडेंट प्रिया कुमारी हैं। इन्हें कुल 478 अंक हासिल हुए हैं। आट्र्स में पटना के कॉमर्स कॉलेज के स्टूडेंट तुषार ने बाजी मारी है। तुषार कुमार को 482 अंक मिले हैं। 12वीं के साइंस संकाय में छपरा की रहने वाली सिमरन गुप्ता सेकेंड टॉपर बनी हैं। सिमरन को 477 अंक मिले हैं। सीतामढ़ी के रहने वाले वरुण कुमार थर्ड साइंस टॉपर बने हैं। वरुण ने भी 477 अंक हासिल किए हैं। पटना के सौरव कुमार कॉमर्स के सेकेंड टॉपर बने हैं। सौरव को 470 अंक मिले हैं। पटना के ही गुलशन कुमार कॉमर्स के थर्ड टॉपर बने हैं, जिन्हें 469 अंक मिले हैं। आट्र्स संकाय में पटना की रहने वाली निशी सिन्हा सेकेंड टॉपर बनी हैं। निशी ने 473 अंक हासिल किया है जबकि पटना की रहने वाली तनु कुमारी 472 अंक के साथ आट्र्स की थर्ड टॉपर बनी हैं। इसके साथ साइंस टॉपर्स की लिस्ट में टॉप फाइव में जगह बनाने वालों में 11 छात्र-छात्राएं शामिल हैं जबकि आट्र्स में टॉप फाइव में पांच छात्र-छात्राएं हैं। टॉप तीन में जगह बनाने वाले तीनों स्टूडेंट पटना के रहने वाले हैं। कॉमर्स संकाय में टॉप फाइव में आठ छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है।

## मोदी ने मॉस्को में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

# मास्को आतंकी हमले में 93 की मौत

### आतंकी संगठन आईएसआईएस ने ली हमले की जिम्मेदारी

### हमले में शामिल चार आतंकियों सहित 11 हिरासत में लिए गए



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉस्को के क्रास्नोगोर्स्क शहर के क्रोकस सिटी हॉल (संगीत स्थल) में हुए आतंकवादी हमले की शनिवार को कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पोस्ट पर लिखा, "हम मॉस्को में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। दुख की इस घड़ी में भारत रूसी संघ की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।" मालूम हो कि शुक्रवार शाम मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 93 हो गई है। जांच कमेटी ने शनिवार को कहा कि मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। रूसी मीडिया के अनुसार, रूसी सुरक्षा सेवा के निदेशक अलेक्जेंडर बोर्टनिकोव ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया कि शुक्रवार को मॉस्को के पास क्रोकस कॉम्प्लेक्स पर हुए हमले के सिलसिले में 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। तास ने बताया, हमले में सीधे तौर पर शामिल सभी चार आतंकवादियों को भी हिरासत में लिया गया है। हमलावरों ने कथित तौर पर इमारत में आग लगाने के लिए हथगोले भी फेंके। 80 घायलों को मॉस्को के अस्पतालों में ले जाया गया। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने अगले दो दिनों में राजधानी में सभी सामूहिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। इस बीच कुख्यात आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने रूस की राजधानी मॉस्को पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने बयान जारी कर कहा कि उसने मॉस्को के बाहरी इलाके क्रास्नोगोर्स्क शहर में ईसाइयों की एक बड़ी सभा पर हमला किया। शुक्रवार की शाम असॉल्ट राइफलों से लैस अज्ञात बंदूकधारियों ने क्रोकस सिटी हॉल में धावा बोला और गोलीबारी की। इस दौरान किए गए विस्फोट से इमारत हिल गई और उसमें आग लग गई।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख, अन्य नेताओं ने हमले की निंदा की

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रूस में शुक्रवार को हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, मॉस्को के बाहर एक कॉन्सर्ट हॉल में आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। क्यूबा, वेनेजुएला, कजाकिस्तान, तुर्की ने भी इस हमले की निंदा की है। बेलारूस के विदेश मंत्रालय ने कहा, मॉस्को में जो कुछ हो रहा है, उस पर हम नजर रख रहे हैं। आर्मेनिया, अजरबैजान, कतर, ईरान, पाकिस्तान और निकारागुआ से भी हमले की निंदा की है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा,हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

### पीएम मोदी ने भारत की सहायता से भूटान में बने अस्पताल का किया उद्घाटन



**थिम्पू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान में अपने समकक्ष शेरिंग टोबगे के साथ ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अस्पताल को अत्याधुनिक बताया, जो भारत सरकार की सहायता से बनाया गया है। पीएम मोदी ने इसे कई परिवारों के लिए 'आशा की किरण' बताया। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर कहा, ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन किया, जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर कई परिवारों के लिए आशा की किरण है। यह सुविधा एक स्वस्थ भावी पीढ़ी के पोषण की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारत सरकार ने 150 बेड के इस अस्पताल को बनाने में सहायता दी है। अस्पताल के पहले चरण के निर्माण में 22 करोड़ की लागत आई थी, जो 2019 से ही चालू है।

## कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश में बड़ा झटका

# 6 बागी विधायक भाजपा में शामिल





**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के कारण अयोग्य ठहराए गए छह पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं। उनके साथ-साथ तीन निर्दलीय विधायक भी भाजपा में शामिल हुए हैं। शनिवार को यहां भाजपा मुख्यालय में हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायक- आशीष शर्मा, केएल ठाकुर और होशियार सिंह हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। इसके साथ कांग्रेस के बागी विधायक भी भाजपा में शामिल हुए, जिनमें धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा, सुजानपुर से राजेंद्र राणा, कुटलैहड़ से देवेंद्र भुट्टो, गगरेट से चैतन्य शर्मा, लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर और बड़सर से विधायक इंद्र दत्त लखनपाल हैं। इस मौके पर भाजपा में शामिल होने के बाद हिमाचल प्रदेश के बागी विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि कांग्रेस की कार्यक्षमता खत्म हो गई है। न तो हाईकमान का कोई प्रभाव है और न ही पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए कोई सम्मान बचा है। इसलिए कांग्रेस के नेता वहां परेशान हैं।

### आप विधायक के आवास पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** ईडी ने शनिवार सुबह आप विधायक गुलाब सिंह यादव के घर पर छापा मारा। दिल्ली के सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी की यह बड़ी कार्रवाई है। ईडी के अधिकारी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मटियाला से आम आदमी पार्टी के विधायक गुलाब सिंह यादव के घर पर मौजूद हैं। कहा जा रहा है यह कार्रवाई भी कथित दिल्ली आबकारी (शराब) नीति घोटाला मामले से संबंधित है।

## मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू का यू टर्न

# कर्ज चुकाने की बारी आई तो मांगने लगे राहत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने यू टर्न ले लिया है। वह अब भारत के प्रति सौहार्दपूर्ण रुख अपना रहे हैं। इसके पीछे की वजह भी साफ है कि भारत का लगभग 400.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 35 अरब रुपए) मालदीव पर कर्ज है और इसे चुकाने की बारी आई तो अब मुइज्जू इसको लेकर राहत मांगने लगे हैं।



मतलब साफ है कि भारत को लेकर सख्त रुख अपना रहे मुइज्जू के तेवर अब ढीले पड़ रहे हैं। मालदीव का राष्ट्रपति चुनाव जीतने के पहले से ही मोहम्मद मुइज्जू लगातार 'भारत विरोधी' बयानबाजी कर रहे थे और पूरे चुनाव के दौरान 'इंडिया आउट' की तर्ज पर चुनावी कैंपेन भी चलाया था। अब वह कहने लगे हैं कि भारत हमारा निकटतम सहयोगी है और बना रहेगा। इसके साथ ही नई दिल्ली से मालदीव को ऋृण राहत प्रदान करने का आग्रह भी किया है।

### पाक संकल्प दिवस पर राष्ट्रपति जरदारी ने उठाया कश्मीर का मुद्दा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को देश के संकल्प दिवस पर अपने संबोधन के दौरान कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे क्षेत्र में अस्थिरता के कारणों में से एक बताया। आसिफ अली जरदारी ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान संकल्प दिवस परेड में कहा, "हमारे क्षेत्र में अस्थिरता का एक मुख्य कारण जम्मू-कश्मीर पर भारत का अवैध कब्जा है। हम निर्दोष निहत्थे कश्मीरी लोगों के खिलाफ भारत सरकार द्वारा की गई क्रूरताओं, मानवाधिकारों के उल्लंघन की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा, ?मैं कश्मीरियों को बताना चाहता हूं कि अत्याचार के खिलाफ उनके उचित संघर्ष में पाकिस्तान हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा।

# ईडी ने बीआरएस नेता कविता के करीबी रिश्तेदारों के परिसरों पर की छापेमारी



**एजेंसी। हैदराबाद**

ईडी ने शनिवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारत राष्ट्र समिति नेता के. कविता के करीबी रिश्तेदारों के परिसरों पर छापेमारी की। ईडी अधिकारियों ने हैदराबाद के माधापुर इलाके में एक अपार्टमेंट में कविता के. एक रिश्तेदार के फ्लैट पर सुबह-सुबह तलाशी शुरू की। खबर है कि ईडी हिरासत में पूछताछ के दौरान कविता की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर कुछ करीबी रिश्तेदारों के परिसरों की तलाशी ली गई। माना जा रहा है कि एजेंसी मामले में उनकी भूमिका की जांच कर रही है।

ईडी अधिकारियों ने पहले बीआरएस नेता के दो निजी सहायकों से पूछताछ की और उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए थे। एजेंसी मोबाइल फोन से डेटा डिलीट करने में उनकी कथित भूमिका की जांच कर रही है। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद में गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि कविता 'साउथ ग्रुप' का हिस्सा थीं जिसने कथित तौर

### महुआ मोइत्रा के पिता के आवास पर सीबीआई की रेड

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा के पिता डीएल मोइत्रा के दक्षिण कोलकाता स्थित आवास पर सीबीआई ने शनिवार सुबह छापेमारी शुरू की। इससे पहले कथित कैश फॉर क्वेरी घोटाले के सिलसिले में महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। टीएमसी ने मोइत्रा को नादिया जिले के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से वह 2019 में चुनी गईं थीं। सूत्रों ने कहा, "सीबीआई अधिकारी दक्षिण कोलकाता के न्यू अलिपोरे इलाके में 'रत्नबली' नामक आवासीय परिसर में बिजनेसमैन डीएल मोइत्रा के आवासीय फ्लैट पर पहुंचे।" सीबीआई टीम को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की सुरक्षा दी गई।

### सूखे मेवे की पैकेजिंग फैक्ट्री में लगी आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी के औद्योगिक क्षेत्र में सूखे मेवे की पैकेजिंग फैक्ट्री में आग लग गई। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। फैक्ट्री कर्मचारी भी आग पर काबू पाने में जुटे हैं। त्योहार के चलते फैक्ट्री में काम अधिक चल रहा था। फायर विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार दोपहर बाद 12:39 बजे फायर स्टेशन लोनी को सूचना मिली थी कि ट्रॉनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया के सेक्टर ए-2 में स्थित प्लॉट नंबर एफ-10 पर संचालित औरो फ्रूट एंड वीकेसी नट प्राइवेट लिमिटेड नामक कम्पनी में आग लगी हुई है। लोनी फायर स्टेशन से घटनास्थल के लिए दो फायर टेंडर यूनिट रवाना हुई। आग ने भवन को दो तरफ से अपनी चपेट में ले लिया है।

# सम्राट चौधरी के बयान पर बिहार में सियासी घमासान

**एजेंसी। पटना**

बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी के राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के टिकट बेचने को लेकर दिए गए बयान पर प्रदेश मे सियासी घमासान मच गया है। राजद जहां इस बयान को लेकर हमलावर है, वहीं राजद पर भाजपा निशाना साध रही है। जदयू भी भाजपा के बचाव में उतर आयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद को टिकट बेचने के माहिर खिलाड़ी बताते हुए कहा था कि किडनी के बदले अपनी सगी बेटी को टिकट दिया है। इसी बयान को लेकर अब प्रदेश में





सियासी घमासान मच गया है। लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने लालू प्रसाद के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए एक्स पर लिखा, लालू जी की बेटी हूं, ओछी सोच एवं ओछे चरित्र वालों की हर ओछी बात का जवाब जनता की अदालत में दूंगी। सही-गलत का फैसला जनता करेगी। उन्होंने आगे लिखा, अपने पापा को अपनी एक किडनी देना तो उनके प्रति मेरा कर्तव्य और प्यार है। अपने परिवार और अपनी जन्मभूमि बिहार के लिए रोहिणी अपनी जान न्योछावर करने को तैयार है। इसके बाद, राजद की प्रवक्ता सारिका पासवान ने चौधरी के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्होंने बिहार की सभी बेटियों को अपमानित करने का काम किया है। बिहार की सभी बेटियां सम्राट चौधरी के बयान से आहत हुई हैं। पूरे बिहार की मां-बेटियों से उन्हें माफी मांगना होगा। इधर, भाजपा ने भी मोर्चा खोल दिया है। भाजपा की प्रवक्ता अनामिका सिंह पटेल ने राजद की प्रवक्ता सारिका पासवान के बयान पर कहा कि राजद और उसकी प्रवक्ता राजनीतिक संस्कारहीनता का परिचायक है।

### मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी चीन से लाया गया भारत



**मुंबई।** कुख्यात गैंगस्टर प्रसाद विट्ठल पुजारी को मुंबई पुलिस चीन से वापस मुंबई ले आई। कई वर्षों से फरार चल रहे पुजारी के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। पुलिस के मुताबिक प्रसाद पुजारी 2008 से चीन में अस्थायी निवास वीजा पर रह रहा था। भारतीय एजेंसियों की पकड़ से बचने के लिए पुजारी ने एक चीनी महिला से शादी भी कर ली थी। चीन उसे मुंबई पुलिस को सौंपने के लिए सहमत हो गया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों की एक टीम 44 वर्षीय पुजारी को शनिवार सुबह फ्लाइट से लेकर मुंबई पहुंची और उसे लॉक-अप में ले जाया गया। कुमार पिल्लई गिरोह का सदस्य पुजारी कई गंभीर अपराधों के मामलों में फरार था।

# सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मन विदेश मंत्रालय की टिप्पणी

## भारत ने जताया कड़ा विरोध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इसे भारत के आंतरिक मामलों में दखल बताते हुए नई दिल्ली स्थित जर्मन मिशन के उप प्रमुख को मंत्रालय में तलब किया गया। इस संबंध में की गई पक्षपातपूर्ण धारणाएं अत्यंत अनुचित हैं। विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में जानकारी साझा की है। मंत्रालय ने कहा है कि नई दिल्ली में जर्मन मिशन के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को आज बुलाया गया और हमारे आंतरिक मामलों पर उनके विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर भारत के कड़े विरोध से उन्हें अवगत कराया।



साथ ही उनसे कहा गया कि भारत ऐसी टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और हमारी न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखता है। भारत कानून के शासन वाला एक जीवंत और मजबूत लोकतंत्र है। जर्मन विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हम मानते हैं और उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा।